www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 26 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 105 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यह ठीक है कि संविधान में सभी को अभिव्यक्ति की आजादी दी है। नेताओं को तो कुछ ज्यादा ही आजादी मिली हुई है। जो कुछ भी अनाप शनाप बोलते रहते हैं। उसपर बवाल खड़ा होता है तो माफी मांग कर पतली गली से निकल लेते हैं। अब तो इन नेताओं का हौसला इस कदर बुलंद हो गया है कि वे न्यायालय के फैसलों पर भी उंगली उठाने का दुःसाहस कर रहे हैं। बकौल अरविंद केजरीवाल जजों पर भी दबाव रहता है। खुद को खुदा से भी दो हाथ ऊंचा समझने वाले इन नेताओं का मुगालता न जाने कब दूर होगा?

पिरदा की बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट

मजदूरों के उड़े चिथड़े, एक की मौत, 6 घायल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

- ब्लास्ट के बाद ही फैक्ट्री मालिक संजय चौधरी नदारद धमाके की वजह से अनजान प्रशासन

रायपुर/नवप्रदेश। बेमेतरा के बेरला ब्लॉक में बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट से हड़कंप मच गया. सुबह सुबह जोरदार धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के गांव के हजारों लोग फैक्ट्री के बाहर पहुंच गए हैं। इस धमाके में लगभग एक दर्जन मजदूरों को अपनी जान गवानी पड़ी है साथ ही 15 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। फैक्ट्री में ब्लास्ट की खबर मिलने के बाद से ही फैक्ट्री का मालिक संजय चौधरी नदारद है वहीं जिला प्रशासन की टीम रहत बचाव काम में जुटी हुई है।

पिछले साल सील की गई थी बारूद फैक्ट्री

स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री को पिछले साल निरक्षण के बाद फायर सेफ्टी समेत कई अनियमित्ता पाए जाने की वजह से सील किया गया था लेकिन फैक्ट्री के मालिक संजय चौधरी ने अपने राजनितिक संबंधों और रसूख के दम पर महज़ 15 दिनों के भीतर ही फैक्ट्री का पुनः सञ्चालन शुरू कर दिया था , साथ ही चौधरी ने फैक्ट्री में पाई गई अनियमित्ता में न तो सुधार कराया था और न ही उसके द्वारा नियमों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर पल बना रहता था मौत का खौफ

बेमेतरा के बेरला तहसील के ग्राम पिरदा स्थित बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट और उसके बाद बनी स्थिति का आंखों देखा हाल फैक्ट्री के घायल मजदूरों ने बयां किया है। घायल मजदूरों ने बताया कि वे फैक्ट्री की दूसरी यूनिट में काम कर रहे थे. जिस यूनिट में ब्लास्ट हुआ, वहां आठ से ज्यादा लोग काम कर रहे थे, वे लोग मलबे में दफन हो गए होंगे। बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट से घायल मजदूरों को मेकाहारा में भर्ती घायल मजदूरों ने बताया कि हर पल मौत का खौफ फैक्ट्री में बना रहता था।

सीएम साय ने की मुआवजे की घोषणा

सीएम विष्णुदेव साय ने विस्फोट मामले में गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दंडाधिकारी जांच के आदेश दे दिए हैं साथ ही दुर्घटना में हुई मौत पर मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने के आदेश भी दे दिए गए हैं।

ग्रामीणों ने की फैक्ट्री में तोड़फोड़

बारूद फैक्ट्री में हुआ धमाका इतना ज़ोरदार था की आस पास के गांव के कई घर हिल गए साथ ही कुछ घरों के टीवी फ्रिज भी उड़ गए। धमाके के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित हो कर फैक्ट्री के दफ्तर में तोड़फोड़ कर दी जिसे बड़ी मुश्किल से पुलिस ने नियंत्रित कर ग्रामीणों को फैक्ट्री से दूर किया। ब्लास्ट की वजह से सैकड़ों फ़ीट ऊपर लटके बिजली के तार भी धमाके की जद में आ गए जिसकी वजह से आस पास के इलाके की बिजली भी गुल हो गयी।

लोकसभा चुनाव

6वें चरण में 59 फीसद से अधिक मतदान

सीईसी राजीव कुमार 95 वर्षीय पिता को व्हीलचेयर पर लेकर वोट देने पहुंचे

- 543 में 486 सीटों पर मतदान हुआ पूरा
- 8 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शाम 5 बजे तक वोटिंग

नई दिल्ली, (वार्ता)। भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केन्द्रों पर मतदाताओं के बीच छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक औसतन 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चले मतदान में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत वोट डाले गये जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मतदान प्रतिशत

बिहार	-	53.42
हरियाणा	-	58.37
जम्मू-कश्मीर	-	52.28
झारखंड	-	62.87
दिल्ली	-	54.48
ओडिशा	-	60.07
उत्तर प्रदेश	-	54.03
पश्चिम बंगाल	-	78.19

लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में डाले गए वोटों का डेटा जारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में डाले गए वोटों का डेटा जारी कर दिया है। पांच चरणों का डेटा डारी करते हुए चुनाव आयोग ने कहा है कि पहले चरण में कुल कुल मिलाकर 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत, तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत, चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत और पांचवें चरण में 62.20 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग ने यह दावा भी किया है कि वोटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पेपर फैक्ट्री में लगी भीषण आग प्रशासन की मुस्तैदी से टला हादसा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से टल गया। मामला मंदिर हसौद स्थित अजवा पेपर एंड बर्ड मिल फैक्ट्री में शनिवार की सुबह भीषण आग लग गई जिसकी सुचना मिलते ही मंदिरहसौद टीआई सचिन सिंह अपने थाना स्टाफके साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मज़दूरों को तत्काल वहां से बाहर निकला। जिसके चलते फैक्ट्री में मौजूद लोगों की जान बच पाई साथ ही हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ और दमकल की 4 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुँच गई और महज़ 6 घंटे में ही आग पर काबू पा लिया गया।

गौवंश अभ्यारण्य योजना लाएगी साय सरकार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गौवंशों की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए साय सरकार प्रदेश में गौवंश अभ्यारण्य योजना ले कर आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को इस संदर्भ में कार्ययोजना बनाने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से गौवंश अभ्यारण्य संचालित करने की योजना है।

इस योजना के क्रियान्वयन से सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंश को न केवल नियमित आहार मिल सकेगा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन होगा योजना का ध्येय वाक्य

सीएम साय ने कहा कि ठोस कार्ययोजना के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य ले कर प्रदेश में स्वामी विहीन पशुधन के लिए गौवंश अभ्यारण्य की रूप रेखा बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। योजना से न केवल सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंशों को नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी वरन् दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी।

33 नक्सलियों ने छोड़े हथियार मुख्यमंत्री साय ने जताई खुशी

- कहा-उनके पुनरुत्थान के लिए तत्पर है हमारी सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। बीजापुर जिले में 33 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केरल में बारिश से 11 की मौत उत्तर भारत में लू की चेतावनी

नई दिल्ली। भारत इन दिनों मौसम की मार झेल रहा है। भारत के उत्तरी इलाकों में जहां धूप और लू की मार है तो वहीं दक्षिण भारत के इलाकों में बारिश ने तबाही मचा रखी है। 11 लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तर भारत में मानसून के आने में अभी देरी है। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के लिए रेड अलर्ट तो केरल के कुछ जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

बांग्लादेशी सांसद हत्या मामले में दूसरे दिन तलाशी जारी

कोलकाता। बांग्लादेशी सांसद की कलकत्ता में हत्या का मामला इन दिनों विवादों में है। सीआईडी हत्याकांड की जांच कर रही है। इस बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन सीआईडी भंगार इलाके में तलाशी लेने पहुंची। सीआईडी सांसद के शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

जप्पेमरका और कामकानार जंगल में दो नक्सली ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका व कामकानार के जंगलों में डीआरजी व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से हथियार, वायरलेस सेट व अन्य समान बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक जप्पेमरका व कामकानार के जंगल मे प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के वेस्ट बस्तर डिवीजन सप्लाई टीम इंजार्च पंडरु, भैरमगढ़ एरिया कमेटी के एसीएम जोगा, एसीएम सोनू व अन्य 10 से 15 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर शुक्रवार 24 मई की रात बीजापुर डीआरजी की टीम नक्सल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीआरपी गेमिंग जोन में भीषण आग से 22 लोगों की मौत

- 10 से ज्यादा को लोगों बचाया गया, और फंसे भी होने की आशंका

गुजरात। राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में भयंकर आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। दोपहर में लगी आग पर काबू पा लिया गया।

ये घटना शनिवार (25 मई) की है और राजकोट के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे है कि आग के पीछे की वजह क्या है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के सभी गेमिंग जोन को बंद करने का मैसेज जारी किया गया है। शव इस हद तक जल गए कि उनकी पहचान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इलाज में लापरवाही, लक्ष्मी नारायण अस्पताल सील

- अस्पताल की जांच में 7 डॉक्टरों की टीम पहुंची
- मामला आदिवासी महिला गेन्दूबाई की मौत का

नवप्रदेश इम्पेक्ट

गरियाबंद/नवप्रदेश। आदिवासी महिला गेन्दूबाई के ईलाज में निजी अस्पताल की लापरवाही से मौत के बाद मामला राज्य स्तर पर पहुंचा, तो जिला मेडिकल टीम हड़बड़ाया। उसके बाद नगर छुरा स्थित निजी अस्पताल की जांच में पहुंची मेडिकल टीम ने आज शनिवार अस्पताल को सीलबंद कर दिया गया। विदित हो कि इस मामले की खबर का प्रकाशन दैनिक नव प्रदेश ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। उसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सावधान... बलौदाबाजार से भाटापारा के बीच, बलौदाबाजार से सिमगा के बीच पल-पल खतरा

रफ्तार का कहर : इस मार्ग पर कब.. किसकी.. जीवनलीला हो जाए समाप्त

3 महीने के अंदर सड़क हादसों में गई 77 लोगों की जान

ये हैं मौत के स्थल

- बाईपास बलौदाबाजार से 6 किलोमीटर ग्राम लिमाही तक
- बलौदाबाजार से 18 किलोमीटर भाठापारा के पास ग्राम खम्हरिया
- नगर के अंदर रात 9 से सुबह 7 बजे तक हैवी गाड़ियों की लाइन

आशीष नत्थानी

बलौदाबाजार- भाटापारा/ नवप्रदेश। यह जिला हादसों की सूची में सुमार होने जा रहा है। पिछले 18 महीनों में सड़क हादसों में 670 लोगों की जान जा चुकी है। तो वहीं दर्दनाक दुर्घटनाओं में 998 लोग बुरी तरह से घायल हो चुके हैं।

कई अपाहिजभरा जीवन जीने को मजबूर हैं, तो सैकड़ों लोग शरीर की आंतरिक चोट से खासे परेशान हैं। कहा जाए लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के चलते सड़क पर रोजाना सफर करने वाले मुसाफिरों की चिंता बढ़ती जा रही है। एक रिकॉर्ड के मुताबिक बीते तीन महीने में 77 लोगों ने जान गंवाई है। शहर से सिमगा रोड की हालत हादसों को लेकर देखें तो स्थिति सबसे खतरनाक है। पूरे क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां की सड़कों पर चलना यानि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यहां से बचकर चलें

राहगीरों के मुताबिक बलौदाबाजार से भाटापारा के बीच और बलौदाबाजार से सिमगा के बीच पल-पल खतरा है। मौत के स्थलों में बाईपास बलौदाबाजार से 6 किलोमीटर ग्राम लिमाही तक, वहीं बलौदाबाजार से 18 किलोमीटर भाठापारा के पास ग्राम खम्हरिया तक। नगर के अंदर रात 9 से सुबह 7 बजे तक हैवी गाड़ियों की लाइन लगी रहती है।

दुर्घटना रोकने ये है योजना

खम्हरिया बाइपास रोड और जो ब्लाइंड स्पॉट हैं वहां अंधेरा होने के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए विभाग द्वारा लाइटिंग के साथ आवश्यता अनुसार रेडियम की व्यवस्था और स्टापर लगाए जाने की योनजा है।

अविनाश ठाकुर,
एडिशनल एसपी, बलौदाबाजार

धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

धूम्रपान मौत का एक प्रमुख कारण बना हुआ है, जिसे वैश्विक स्तर पर रोका जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का अनुमान है कि भारत में 12% लोग धूम्रपान करते हैं। 22 अक्टूबर, 2002 को, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को राष्ट्रव्यापी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। हर साल, तम्बाकू से संबंधित समस्याओं के कारण दस लाख से अधिक लोग मर जाते हैं। यह देखते हुए कि भारत में लगभग 120 मिलियन धूम्रपान करने वाले हैं, इस व्यापक आदत को चलाने वाले अंतर्निहित कारणों को समझना महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर विशेष

धूम्रपान जीवन प्रत्याशा को काफी हद तक कम कर देता है, जिससे व्यक्ति के समग्र जीवनकाल से कई वर्ष कम हो जाते हैं। धूम्रपान छोड़ने से लोग उम्र बढ़ने के साथ अपने जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकते हैं। यह न केवल धूम्रपान करने वालों को बल्कि उनके आस-पास के लोगों को भी नुकसान पहुंचाता है। यही कारण है कि धूम्रपान विरोधी दिवस का पालन करना महत्वपूर्ण है। धूम्रपान निषेध दिवस लोगों को स्वस्थ जीवनशैली में बदलाव करने, धूम्रपान के नकारात्मक प्रभावों को समझने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

धूम्रपान निषेध दिवस क्या है?

धूम्रपान निषेध दिवस जागरूकता अभियान शुरू में 1984 में यूनाइटेड किंगडम में शुरू किया गया था। तब से, यह एक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बन गया है। इसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है। इस दिन के उत्सव का लक्ष्य व्यक्तियों को स्थायी रूप से धूम्रपान छोड़ने में मदद करना है। शोध में कहा गया है कि प्रत्येक दस में से कम से कम एक धूम्रपान करने वाले को इस विशेष दिन पर धूम्रपान छोड़ते देखा गया है, जिससे उनके अभियान की प्रभावशीलता और ताकत साबित होती है।

उत्सव में बहुत सी चीजें शामिल होती हैं। धूम्रपान करने वालों को ऐसे उपकरण प्रदान किए जाते हैं जो उन्हें धूम्रपान छोड़ने में सहायता कर सकते हैं। जो लोग किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में चिंतित हैं जिसे वे प्यार करते हैं या जिसकी परवाह करते हैं, वे भी इस दिन को मना सकते हैं। वास्तव में, ऐसे कई कार्यक्रम

और सहायता समूह हैं जो उन्हें धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित और सहायता कर सकते हैं। वास्तव में, कई फर्म, कंपनियां और संगठन धूम्रपान बंद करने में सहायता के लिए विभिन्न पहल चलाते हैं। हर साल, राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस एक थीम के साथ आता है। इस साल, यानी धूम्रपान निषेध दिवस 2024 की थीम में "बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना" शामिल है।

लोग धूम्रपान क्यों करते हैं?

लोग कई कारणों से धूम्रपान करने का दावा करते हैं। इसमें सामाजिक परिस्थितियाँ, साथियों का दबाव, आनंद या तनाव से राहत शामिल हैं। आइए उनमें से कुछ के बारे में जानें।

दोहराए गए पैटर्न

धूम्रपान अक्सर दैनिक गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है, जैसे दोस्तों के साथ मिलना-जुलना, टीवी देखना, फोन कॉल करना, कुछ स्थानों पर जाना, या ब्रेक लेना/आराम करना। इस तरह के दोहराए जाने वाले पैटर्न के साथ, धूम्रपान दिनचर्या का एक हिस्सा बन जाता है और इस प्रकार, एक आदत बन जाती है।

लत

यदि आप सोच रहे हैं कि लोग धूम्रपान क्यों करते हैं, तो इसका उत्तर यहां है। लगातार धूम्रपान करने से शरीर में निकोटीन के प्रति एक निश्चित सहनशीलता विकसित हो जाती है।

इस महत्वपूर्ण सहनशीलता के कारण, लोगों को बार-बार डोपामाइन के समान स्तर का अनुभव करने के लिए अधिक सिगरेट पीने की इच्छा/आवश्यकता महसूस होती है। निरंतर भागदौड़ का यह चक्र खुद को दोहराता है, जिससे बड़ी लत लग जाती है।

मूड और भावनाएं

बहुत से लोग प्रतिदिन होने वाले तनाव, खराब/नकारात्मक मूड और पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) के लक्षणों से निपटने के लिए धूम्रपान करते हैं।

क्या धूम्रपान तनाव कम करता है?

ज्यादातर लोगों का मानना है कि धूम्रपान का मुख्य कारण तनाव है। लेकिन क्या धूम्रपान तनाव को कम करता है? यह जानना जरूरी है कि धूम्रपान स्थायी तनाव निवारक के रूप में काम नहीं करता है। तनाव फिर से लौट आता है। हालाँकि, धूम्रपान करने की इच्छा पूरी तरह से अलग है। दरअसल, निकोटीन की लत तनाव का कारण बनती है। धूम्रपान उन लोगों के बीच लोकप्रिय है जो सोचते हैं कि इससे उन्हें आराम मिलता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि निकोटीन एक ऐसी दवा है जो मूड को काफी हद तक बदल देती है। जब यह निकोटीन साँस के जरिए अंदर जाता है, तो यह सुलगता है और क्रोध, हताशा और चिंता जैसी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करता है।

धूम्रपान निकोटीन को आपके रक्तप्रवाह में प्रवेश करने और आपके मस्तिष्क तक पहुंचने की अनुमति देता है। यहां, यह कई न्यूरोट्रांसमीटर जारी करता है, मस्तिष्क में इनाम के लिए जिम्मेदार मुख्य न्यूरोट्रांसमीटर डोपामाइन है। डोपामाइन आपके सिस्टम में खुशी की भावनाएँ छोड़ता है। हालाँकि, ये रिलीज़ अस्थायी और क्षणभंगुर हैं। कहने की जरूरत नहीं है, डोपामाइन का स्तर गिरने के बाद आप चमकने से पहले जितना बुरा महसूस करते थे, उससे भी बदतर महसूस करेंगे। सीधे शब्दों में कहें तो धूम्रपान अंततः तनाव को बढ़ाता है। यह आपके श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचाता है और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ाता है। इस स्वास्थ्य स्थिति के परिणामस्वरूप, आपका तनाव स्तर अंततः बढ़ सकता है।

आपको तुरंत धूम्रपान क्यों छोड़ देना चाहिए?

हालाँकि धूम्रपान करने से आपको यह आभास हो सकता है कि आप अधिक सहज महसूस कर रहे हैं, लेकिन यह वास्तव में आपके शरीर के तनाव के स्तर को बढ़ाता है और इसके निम्नलिखित हानिकारक प्रभाव होते हैं। यहाँ बताया गया है कि आपको धूम्रपान तुरंत क्यों छोड़ देना चाहिए।

रक्तचाप में उल्लेखनीय वृद्धि

बढ़ी हृदय की दर

संकुचित रक्त वाहिकाएँ

तनावग्रस्त मांसपेशियाँ

स्वस्थ मुकाबला तंत्र का समर्थन करने के लिए शरीर और मस्तिष्क को आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा में कमी, चिकित्सा लागत आसमान छू रही है, और उपचार आपके बैंक और बचत को नुकसान पहुंचा सकता है

धूम्रपान आपके लिए क्यों हानिकारक है?

उपरोक्त उल्लिखित धूम्रपान छोड़ने का एकमात्र कारण नहीं है। यह आपके शरीर के सभी अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे कई बीमारियां हो सकती हैं। धूम्रपान के कुछ हानिकारक प्रभाव नीचे दिए गए हैं: सीओपीडी जैसी फेफड़ों की बीमारियाँ, जिसमें वातस्फीति और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस शामिल हैं.

फेफड़े का कैंसर

गंभीर खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट, कोरोनरी हृदय रोग और स्ट्रोक

गर्भाशय ग्रीवा, मूत्राशय, बृहदान्त्र, रक्त, मलाशय, गुर्दे, ग्रासनली, मूत्रवाहिनी, अग्न्याशय, स्वरयंत्र, पेट, यकृत और मौखिक ग्रसनी सहित शरीर का लगभग हर हिस्सा कैंसर के प्रति संवेदनशील है रूमेटाइड गठिया, हड्डियों के स्वास्थ्य पर प्रभाव, अस्थमा बढ़ाता है, आयु-संबंधित मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह मेलेटस, पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाता है, पेप्टिक अल्सर, पेट का कैंसर और एसिड रिफ्लक्स का कारण बनता है, त्वचा और पैरों में रक्त प्रवाह में रुकावट, मसूड़ों की बीमारियों, दांतों की सड़न, मौखिक कैंसर को बढ़ावा देता है।

धूम्रपान कैसे छोड़ें?

धूम्रपान छोड़ना कठिन है। हालाँकि, भारत में धूम्रपान निषेध दिवस का पालन करने से मदद मिल सकती है। अगर आप सोच रहे हैं कि धूम्रपान कैसे कम करें, तो नीचे धूम्रपान छोड़ने के लिए कुछ प्रभावी रणनीतियाँ दी गई हैं। एक नजर डालें।

किसी पेशेवर परामर्शदाता से बात करें जो आपको धूम्रपान छोड़ने में मदद करेगा, एनआरटी लागू करें, 10 दिनों के धूम्रपान निषेध अभियान में भाग लें, अपने चिकित्सक द्वारा बताई गई दवाइयां लें और नशे की लत को दूर करने का अभ्यास करें, जब आपको धूम्रपान करने की इच्छा हो तो टहलें, यदि आप लंबे समय तक तनाव में रहते हैं तो नियमित रूप से योग या ताई ची जैसी विश्राम तकनीकों का अभ्यास करने का प्रयास करें।

ध्यान और गहरी साँस लेने के व्यायाम करें। जब तक आप सहज महसूस न करें, इन चरणों को कई बार दोहराएँ, कल्पनाशील व्यायाम करें। शांत जगह पर लेटते या कुर्सी पर बैठते समय अपनी आँखें बंद कर लें।

अपने आप को शांतिपूर्ण, सुखद वातावरण में कल्पना करें। बहते पानी की मधुर आवाज, सूरज की गर्मी, ताजी हवा, घास या रेत की खुशबू की कल्पना करें। धूम्रपान निषेध दिवस पहल एक उत्कृष्ट रणनीति है जो जागरूकता बढ़ाती है और व्यक्तियों को सिगरेट, तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के अन्य रूपों के खतरों

के बारे में शिक्षित करती है।

आइये इसे समाप्त करें

धूम्रपान एक महंगी आदत है। तम्बाकू, निकोटीन या अन्य दवाओं से न केवल पैसे खर्च होते हैं, बल्कि इससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ भी बढ़ती हैं। धूम्रपान विरोधी दिवस मनाने और धूम्रपान छोड़ने से आपको ढेर सारा पैसा बचाने और अपनी वित्तीय स्थिति को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है।

धूम्रपान से होने वाली सभी बीमारियों और रोगों को ध्यान में रखते हुए, चिकित्सा उपचार आपकी बचत को गहराई तक ले जा सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि धूम्रपान छोड़ने से आप अपने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर बचत कर सकते हैं?

मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभ

योग का अभ्यास 36 मिलियन से ज़्यादा अमेरिकी और दुनिया भर में कई मिलियन लोग करते हैं। हज़ारों साल पुराना अनुशासन, योग की जड़ें आध्यात्मिक और दार्शनिक हैं। इसका अभ्यास करने वाले कई लोग, खास तौर पर अमेरिका में, शारीरिक लाभ चाहते हैं। आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी योग के शक्तिशाली लाभ हैं।



योग के मनोवैज्ञानिक लाभ

योग के कई प्रकार हैं। अमेरिका में सबसे ज़्यादा प्रचलित योग हठ योग है, जिसमें शारीरिक मुद्राएं और सचेत श्वास का संयोजन होता है। योग संतुलन, लचीलापन, गति की सीमा और शक्ति में सुधार कर सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकता है, हालाँकि इन लाभों को मापना कठिन है। कई अध्ययनों के अनुसार, योगः सहायक मस्तिष्क रसायनों को रिलीज़ करें। ज़्यादातर व्यायाम मस्तिष्क में "अच्छा महसूस कराने वाले" रसायनों को रिलीज़ करते हैं। इन मूड बूस्टिंग रसायनों में डोपामाइन , सेरोटोनिन और नॉरपेनेफ्रिन जैसे मस्तिष्क संदेशवाहक शामिल हैं । हालाँकि योग क्रियाएं धीमी और नियंत्रित होती हैं, फिर भी ये आपकी हृदय गति को बढ़ाती हैं , मांसपेशियों को कड़ी मेहनत करवाती हैं और मस्तिष्क रसायनों के रिलीज़ को उत्तेजित करती हैं। नतीजतन, योग आपको खुश कर सकता है।

अवसाद से राहत पाएं। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है । शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है । योग आमतौर पर सस्ता होता है और कई दवाओं की तरह इसके दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। यह प्रमुख अवसादग्रस्तता विकार वाले लोगों को भी लाभ पहुंचा सकता है । अवसाद के लिए योग के उपयोग पर अधिक अध्ययन की आवश्यकता है क्योंकि बहुत अधिक नियंत्रित परीक्षण नहीं हैं।

तनाव कम करें। जब अमेरिकियों ने इस बारे में एक सर्वेक्षण का उत्तर दिया कि वे योग का अभ्यास क्यों करते हैं, तो उनमें से 86% ने कहा कि इससे तनाव से निपटने में मदद मिलती है। मांसपेशियों को कसने और आराम देने से तनाव कम हो सकता है। आप शांतिपूर्ण माहौल, शांत संगीत और सकारात्मक दृष्टिकोण से भी लाभ उठा सकते हैं जो आपको अधिकांश योग कक्षाओं में मिलेगा। चिंता कम करें। योग चिंता को कम कर सकता है । योग में शामिल सांस प्रशिक्षण विशेष रूप से प्रभावी हो सकता है, क्योंकि चिंता और सांस लेने की समस्याओं के बीच एक संबंध है। यदि आपको चिंता विकार का निदान किया गया है , तो योग मदद नहीं कर सकता है। फिर भी, कुछ मनोवैज्ञानिक अन्य प्रकार की चिकित्सा के पूरक के रूप में योग का उपयोग कर रहे हैं। नींद में सुधार करें। शोध बताते हैं कि योग नींद में सुधार कर सकता है । यह विशेष रूप से वृद्ध वयस्कों के लिए सच हो सकता है।

न्यूज गैलरी

सरेआम शराब पीते 9 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने ढीमरपारा कोटा में सरेआम शराब पीते आरोपी रजत सिंह राजपूत 28 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी लक्की दीवान 30 वर्ष, शेखर यादव 30 वर्ष व नवीन दुल्हानी 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी महादेव बिहारी 35 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राकेश देवांगन 35 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी चंदु लाल देवांगन 52 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी लक्की धीवर 22 वर्ष व राजु निषाद 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

कलेक्टर की तत्परता से मिला बुजुर्ग को इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की तत्परता से एक बुजुर्ग का इलाज संभव हो पाया है। कलेक्टर को समाजसेवी के माध्यम से लकवाग्रस्त बुजुर्ग के बारे में जानकारी मिली। तुरंत कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आदेशित किया। इसके बाद स्वास्थ्य अमला मौके के लिए रवाना हुआ। सी मार्ट के करीब बुजुर्ग महिला नजर आई। फिर महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से मेकाहारा लाया गया। जहां उन्हें भर्ती कराया गया है। फिर तुरंत इलाज मिलना शुरु हुआ। बताया गया कि वह महिला 52 वर्ष की है और उसने अपना नाम सकुन दुबेदी बताया। वह धमतरी के पुरी गांव की निवासी है।

प्रोफेसर कालोनी से बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसर कालोनी वृंदावन पैलेस के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खुबचंद साहू 39 वर्ष छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडी 4970 को प्रोफेसर कालोनी स्थित वृंदावन पैलेस के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

डस्टबिन नहीं रखने पर 15 दुकानदारों पर 1850 रुपए का हुआ जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. आज नगर निगम जोन क्रमांक 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर उसकी वस्तुस्थिति की जानकारी लेने हेतु नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन तांडी की उपस्थिति में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, जोन 10 स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में जोन क्षेत्र के तहत अमलीडीह मुख्य मार्ग के किनारे की दुकानों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी फैलाये जाने एवं दुकान में डस्टबिन नहीं रखे जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान सही मिली, इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दुकान में डस्टबिन नहीं रखने एवं गंदगी फैलाने वाले सम्बंधित 15 दुकानदारों पर कुल 1850 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला। इस तरह गंदगी फैलाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

निगम ने चलाया मच्छरों पर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में नगरवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान का कार्य विभिन्न वार्डों एवं जोनों में स्वास्थ्य विभाग एवं जोनों के स्वास्थ्य अमले द्वारा प्रतिदिन निरन्तर जारी है। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्तगणों, स्वास्थ्य अधिकारी, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों , कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान का सतत निरीक्षण राजधानी शहर में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है।

बिना अनुमति किया गया सीढ़ी का अतिरिक्त निर्माण हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 नगर निवेश विभाग ने जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज, सुश्री रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में जनशिकायत मिलने पर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने जोन के तहत माधव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया । इस दौरान एक स्थान पर निर्माणाधीन भवन में भवन स्वामी द्वारा निगम नगर निवेश विभाग की बिना अनुमति सीढ़ी का अतिरिक्त निर्माण कार्य किये जाने की जनशिकायत सही मिली।

ग्रामीणों का दावा.. पीडिया मुठभेड़ में सभी मारे गये लोग नक्सली नहीं थे

- कांग्रेस जांच दल ने भी गांव वालों से वस्तु स्थिति पूछी
- मुठभेड़ की हाईकोर्ट के जज की निगरानी में जांच हो

रायपुर/नवप्रदेश। पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर के पीडिया में विगत दिनों सुरक्षा बलो एवं नक्सलियो के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई थी। 10 मई 2023 को हुये इस मुठभेड़ में 12 लोगो की मौत हुई थी तथा इस घटना में 6 लोग घायल हुये, जिसके संबंध में पुलिस का दावा था कि मारे गये सभी लोग नक्सली थे। लेकिन घटना के बाद ग्राम पीडिया और इतवार के ग्रामीणों का कहना है कि घटना में मारे गये सभी लोग नक्सली नहीं थे। ग्रामीणों के इस दावे के बाद प्रदेश कांग्रेस ने घटना की वस्तुस्थिति जानने एक जांच दल का गठन किया था जो मौके पर गई तथा ग्रामीणों से बात-चीत कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया।

दिनांक 16.05.2024 दिन गुरुवार को जांच दल प्रातः 10:00 बजे बीजापुर से पीडिया के लिए संयोजक संतराम नेताम, सदस्यगण मान. विधायक इन्द्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकलाल ध्रुव, श्रीमती सावित्री मंडावी, रजनू नेताम, शंकर कुडियम एवं छविन्द्र कर्मा रवाना हुए। अस्वस्थ होने के कारण पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा जांच दल में शामिल नहीं हो पाई।

पीड़ित परिवार के परिजन श्रीमती सुक्की कुंजाम, कु. ललिता, श्रीमती अवलम समली, बुधरू राम बारसे, श्रीमती पोदिया, श्रीमती बोदे से अलग-अलग पुछताछ कर ब्यान लिया गया जिन्होंने अपने ब्यान में बताया कि पीडिया नक्सली मुठभेड़ में मक्केपल्ली निवासी बुधु ओयाम, पालनार निवासी कछु पुनेम, ईतावार निवासी-लक्खे कुजाम, उण्डा छोटू, उरसा छोटू सुक्कू ताती, चैतु कुंजाम, सुनीता कुजाम, क जागो बरसी, पीडिया निवासी सनु अवलम, भीमा ओयाम, दुला तामो को पुलिस ने नक्सली बताकर मार दिये। ईतावार निवासी कु. कुंजाम गुड्डी, कु. लेखा देवी, कुंजाम जिला, कुंजाम बदरू एवं पीडिया निवासी पोयाम नन्दू को घायल होना बताये। उन्होंने यह भी बताया गया है कि मृतक मक्केपल्ली निवासी बुधु ओयाम एवं पालनार निवासी कछु पुनेम नक्सली गतिविधियों में संगम सदस्य के रूप में कार्य करते थे। बाकि शेष मृतक व घायल किसी भी प्रकार के नक्सली गतिविधियों में शामिल नहीं थे। पुलिस निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर ईनाम एवं प्रमोशन लेने के लिए घटना को अंजाम दिये है घटना का न्यायिक जांच होना चाहिए।

भाजपा झीरम का सच सामने नहीं आने देना चाहती - दीपक बैज

झीरम में अभी तक हुई किसी भी जांच में घटना के राजनैतिक षड़यंत्र की दिशा में कोई जांच नहीं हुई। न्यायिक जांच आयोग के कार्यकाल को जब कांग्रेस सरकार ने बढ़ाया तथा जांच के दायरे में घटना के षड़यंत्र को जोड़ा तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गये। भाजपा झीरम की जांच रोकना क्यों चाहती है? कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने एसआईटी बनाकर षड़यंत्र की जांच करने का प्रयास किया, तब भी धरम लाल कौशिक एसआईटी की जांच रोकने हाई कोर्ट गये। एनआईए ने इस मामले की जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने 24 सितंबर 2014 को अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल किये, इसके बाद 28 सितंबर 2015 को सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश किया, अर्थात एनआईए ने जांच बंद कर दिया था, लेकिन जैसे ही राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया एनआईए ने फिर से जांच शुरू कर दिया और राज्य की एजेंसी के जांच को बाधित किया। कानूनन जब तक एनआईए मामले की फाइल राज्य को वापस नहीं करती एसआईटी जांच शुरू नहीं कर सकती थी। कांग्रेस के पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद एनआईए ने झीरम की केस फाइल नहीं दिया। एनआईए ने भी एसआईटी की जांच को रोकने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया, बाद में हाईकोर्ट ने एनआईए के स्टे को खारिज कर दिया। एनआईए हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गयी जहां सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर 2023 को एनआईए की याचिका को खारिज कर दिया।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने संविधान की मूल भावना के साथ किया खिलवाड़ - सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस कथन का तीखा प्रतिकार करते हुए न्यायालय की खुली अवहेलना करार दिया है, जिसमें ममता बनर्जी यह कहती नजर आ रही हैं कि -मैं कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करूंगी, बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देना नहीं छोड़ूंगी।- श्री देव ने आरक्षण को लेकर दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले के बाद बनर्जी के वायरल हुए वीडियो का हवाला देकर कहा कि ममता बनर्जी का कथन न केवल संविधान की आत्मा को लहूलुहान करने वाला है, अपितु इससे यह भी एकदम साफ हो गया है कि संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा प्रचार करके कांग्रेस और भाजपा विरोधी दल देश को भ्रमित करने का शर्मनाक कृत्य कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले से यह साफ हो गया है कि ममता बनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से, तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थीं। भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म कर देने के झूठे आरोप लगाकर कांग्रेस और उसका इंडी 'ठगबंधन' अपने पाप-कर्मों को छिपाने की साजिश में लगा है, कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्णय ने विपक्षी दलों के इस टूलकिट नैरेटिव की बखिया उधेड़ दी है। श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस और उसकी पिछली भूपेश सरकार ने आरक्षण के नाम पर जिस तरह के राजनीतिक षड्यंत्रों की हदें पार कर दी थीं उसकी सजा कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने दी लेकिन अपनी शर्मनाक हार से कोई सबक लेने के बजाय कांग्रेस छत्तीसगढ़ में संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का ढोल पीटती रही। अब कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घुटनों पर ला दिया है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी का बयान देश की न्याय-व्यवस्था का मखौल उड़ा रहा है।

झीरम में मारे गए नेताओं को राजीव भवन में श्रद्धासुमन अर्पित

- कांग्रेस झीरम कांड में जान गंवाने वालों की ऋणी - दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। झीरम हमले की 11वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में झीरम के शहीदों के लिये श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां झीरम के शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया।

इस अवसर पर झीरम के शहीदों को याद करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिये अपने प्राणों का बलिदान किया। कांग्रेस शहीदों के परिजनों का भी अभिनंदन करता है। हर कांग्रेसी शहीदों के परिवारों का ऋणी है। झीरम घटना की सच्चाई आज भी सामने नहीं आई है। आज भी छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को घोर नक्सल इलाके में ही क्यो हटाया गया था? झीरम नरसंहार भाजपा के लिए उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा की गई चूक मात्र हो सकती है तथा उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया एक षडयंत्र मात्र हो सकता है। कांग्रेस के लिए झीरम वह घाव है जो कभी नहीं भर सकता। यह घटना देश के लोकतंत्र के माथे पर लगा वह कलंक है जो कभी नही मिट सकता। कांग्रेस ने झीरम में अपने नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया है। कांग्रेस पार्टी झीरम के षड्यंत्र को उजागर होने का पूरा प्रयास करेगी। इस षड्यंत्र को उजागर होने में कितनी भी बाधायें पैदा की जाए कांग्रेस उनका डट कर मुकाबला करेगी। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार ने झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दिया। जैसे ही झीरम घाटी कांड की जांच की बात आती है पता नहीं क्यों भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबराने लगते है, किसी न किसी प्रकार से वे इसकी जांच को बाधित करने में जुट जाते हैं, कभी बयानबाजी करते है, कभी कोर्ट की शरण में जाते है, पीआईएल दायर करते हैं। किसी भी प्रकार से भाजपा झीरम घाटी की जांच को होने ही नहीं देना

संतोषी नगर चौक से शुभम के मार्ट तक अवैध कब्जों को नगर निगम जोन 6 नगर निवेष विभाग ने हटाया

- लगभग 7-8 ठेला, गुमटी हटाये, विज्ञापन बोर्ड हटाकर यातायात सुगम बनाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निवेष मुख्यालय उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन नगर निवेष विभाग की टीमों द्वारा विभिन्न मार्गों में किये गये अवैध कब्जों को हटाकर जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम यातायात कायम करने अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इस क्रम में आज जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने नगर निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता की टीम एवं जोन 6 स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेष जायसवाल के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपडा, उपअभियंता श्री हिमांषु चंद्राकर, सुश्री मेघा साहू की उपस्थिति में जोन 6 के तहत संतोषी नगर चैक से लेकर शुभम के मार्ट बोरिया मार्ग तक मार्ग के दोनो ओर सडक के अवैध कब्जों को हटाने अभियान चलाया एवं जनहित में जनसुविधा हेतु यातायात को सुगम बनाने कार्यवाही की । इस दौरान लगभग 7 - 8 ठेले गुमटियों को सडक सीमा से हटाकर यातायात व्यवस्थित बनाया गया। दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने प्रचार हेतु लगाये गये विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही की गई। निगम द्वारा चलाये गये अभियान से यातायात व सुव्यवस्थित बनाने अभियान चलाकर जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन देने संबंधित पुलिस थाना बल की उपस्थिति में की गई। निवेष जोन 5 की टीम ने जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा के निर्देष पर जोन के तहत लाखे नगर चैक से लेकर रायपुरा मुख्य मार्ग तक अभियान चलाकर सड़क को अवैध कब्जो से मुक्त कराया एवं सडक पर रखे दुकानदारों के विज्ञापन प्रचार बोर्डो को जप्त करने एवं सडक पर कब्जा करके व्यवसाय कर रहे ठेले गुमटियों को हटाकर यातायात सुगम एवं सुव्यवस्थित करने के लिए सुगम मार्ग व्यवस्था करने से लोगों को त्वरित राहत मिली । इसी प्रकार नगर

फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को फर्जी ऋण पुस्तिका प्रस्तुत कर आरोपियो का जमानत लेने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र कर तस्दीकी किया जाकर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा इस पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अपने अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाने के साथ पेट्रोलिंग व सूचना संकलन की जा रही है।

इसी तारतम्य में थाना सिविल लाईन, रायपुर को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी रायपुर के न्यायालय से ज्ञापन प्राप्त हुआ जिसमें आरोपी जेठूराम पिता झरिहार के द्वारा न्यायालय के समक्ष विभिन्न आरोपियों के जमानत के लिये फर्जी ऋण पुस्तिका प्रस्तुत कर आरोपियों का जमानत लिया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ समुचित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किये जाने के आदेश के परिपालन में आरोपी जेठूराम के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 240/24 धारा 420 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नाबालिग का शरीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर सर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में नाबालिग बालिका पर घटित अपराध में गिरफ्तार किया गया है।

इस प्रकार है कि नाबालिग बालिका प्रार्थिया/ पीड़िता के द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर आरोपी भोलू उर्फ रितेश गोस्वामी द्वारा पीड़िता के मना करने के बाद भी जबरदस्ती पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया।

धमकी देने लगा कि चिल्लायेगी तो गला को दबा दूंगा और जान से मार दूंगा कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा पीड़िता व उसके माता पिता से पूछताछ कर कथन लिया गया। आरोपी भोलू उर्फ रितेश गोस्वामी का पतातलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिसे अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गई न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

जीएसटी विभाग ने व्यापारियों को जारी किए गए नोटिस पर रोक लगाने सकारात्मक आश्वासन दिया : पारवानी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त माननीय श्री रजत बंसल जी से मुलाकात कर राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वतः रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। जिस पर जीएसटी आयुक्त माननीय श्री रजत बंसल जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अचानक किये गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है ।

श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि जीएसटी व्यवस्था भारत में अप्रत्यक्ष कर संरचना को सुव्यवस्थित करने के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख सुधार है। हालाँकि, इसके कार्यान्वयन के बाद शुरुआती वर्षों में, व्यापारियों और अधिकारियों दोनों के सामने कई चुनौतियाँ थीं। नए अधिनियम की जटिलता, पोर्टल की अनभिज्ञता के साथ, अनजाने में त्रुटियां और अनुपालन में देरी हुई । इस अवधि के दौरान, व्यापारी, अधिकारी और कानूनी सलाहकार सभी जीएसटी अधिनियम की बारीकियों और इसके परिचालन तंत्र के बारे में खुद को शिक्षित करने की प्रक्रिया में थे।जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह कहा गया था कि 1 अप्रैल 2021 के पहले के जो भी नोटिस है यदि जीएसटी आर-1 के पहले जीएसटी 3 बी फाइल किया जाता है तो वह स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

1 अप्रैल 2021 के बाद पेनाल्टी के लिये अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। तत्पश्चात प्रारंभिक वर्षों के दौरान देर से फाइलिंग के लिए जुर्माना लगाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। उपरोक्त विषय पर जीएसटी आयुक्त माननीय श्री रजत बंसल जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

ग्रीन नेट नहीं लगाकर निर्माण करने पर निगम ने 2 भवन स्वामियों पर 3000 का किया जुर्माना

- भवन निर्माण सामग्री सड़क पर रखकर कार्य करने पर 6000 रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के नगर निवेष मुख्यालय उडनदस्ता एवं सभी 10 जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा माननीय एनजीटी के आदेश के परिपालन हेतु विभिन्न स्थानों पर निजी भवन स्वामियों द्वारा करवाये जा रहे भवन निर्माण स्थलों का निरीक्षण नगर निवेष अभियंताओं द्वारा निरंतर सतत किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण हेतु ग्रीन नेट लगाकर निर्माण कार्य करवाया जाना नियमानुसार अनिवार्य है।

इसके तहत आदेष के परिपालन हेतु नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम ने कटोरा तालाब में वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र में ग्रीन नेट लगाकर निर्माण कार्य करवाया जाना नहीं पाकर संबंधित भवन स्वामी तखतमल पर 1000 रू. जुर्माना करते हुए उन्हें तत्काल ग्रीन नेट लगाकर कार्य करवाने के निर्देष दिये है। वहीं संबंधित भवन स्वामी पर भवन निर्माण सामग्री सडक पर रखकर निर्माण कार्य कराये जाने पर 3000 रू. सड़क बाधा शुल्क की वसूली की गई। इसी प्रकार नगर निगम जोन 6 नगर निवेष विभाग द्वारा जोन क्षेत्र में टिकरापारा सिद्धार्थ चैक में ग्रीन नेट लगाकर निर्माण कार्य किया जाना नहीं पाकर संबंधित भवन स्वामी श्रीमती वीणा देवी सिन्हा से 2000 रू. जुर्माना वसूला एवं उन्हें निर्माण कार्य माननीय एनजीटी के आदेशानुसार ग्रीन नेट लगाकर किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देष दिये ।

सुनो भाई उधो

केजरीवाल के बंगला मं घोड़ा कराएत

परमानंद वर्मा

संगीत, खेल, राजनीति, उद्योग और शिक्षा इन सबमें रियाज, अभ्यास और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इससे अनुभव मिलता है। रूप और धन बल से मंजिल को नहीं पाया जा सकता। जो ऐसा सोचते हैं वे भूल करते हैं। इसी संदर्भ में पढ़िये यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

त त ता थइया, त त ता थइया
त त ता थइया, त त ता थइया
ता ता ता थई थई थई
थई थई थई ता ता थई
त त ता थइया, त त ता थइया
तिरकिट-तिरकिट धा धा धा
तिरकिट धा धा धा
त त ता थइया, त त ता थइया।

तबला के ताल अउ नचइया के पांव के थिरकना, हाथ के मटकना, आंखी, भौंह के भाव भंगिमा अउ ये सबो करतब देखे के लइक रहिथे। थोरको ताल फरक खइस, एती-ओती होइस तब नचइया ठोठक जथे। मिहनत मं पानी फिर जथे। संगीत मं गीत, गायन अउ नृत्य कला हा रियाज मांगथे। बिना एकर कोनो कलाकार अपन-अपन विधा मं पारंगत नइ हो सकय। हाथ-पैर, होंठ, कान अउ मुंह मं भाव भंगिमा हा दरशक मन के मन ला मोह लेथे, अपन कोती आकरसित करथे।

चाहे संगीत होय, राजनीति होय, शिक्षा अउ उद्योग होय, सबो मं ये जरूरी होथे। बिना रियाज के घोड़ा, घोड़ी, हाथी, शेर, भालू, ऊंट घला अपन परदर्शन सही ढंग ले नइ कर सकय।

अब देख न ओ दिन को जनी का कुकुर चाब देहे, हबक देहे के जउन ल देखबे तउन दउड़-दउड़ के जाथे अस्पताल कोती इंजेक्शन ठोंकवाय बर जात हे। फेर अभी-अभी अखबार अउ टीवी चैनल ले जइसन खबर मिलत हे के कतको झन ल सांप घला डस देवत हे अउ उहू मन वइसने अस्पताल के रस्दा नापत हें। अभी ताजा खबर मिले हे के दिल्ली मं 'आप पार्टी के दफ्तर हे तिहें एक झन महिला नेता स्वाति मालीवाल ल ओकर नेता सीएम केजरीवाल के बंगला मं घोड़ा करायत नांव के एक बिक्कट जहरीला सांप हा डस दे हे। इलाज-पानी चलत हे, अस्पताल लेगे रिहिन हे फेर सेहत मं सुधार नइ मिले हे, तइसन खबर मिले हे। अब बइगा गुनिया मन करा झाड़-फूंक करवावत हे। बड़े-बड़े बइगा लगे हे झाड़-फूंक करे मं। कोनो-कोनो मैडम स्वाति के घर वाले मन ल बताइन के देरी झन करौ, भारतीय जनता पार्टी मं दू झन बड़े बइगा हे, ओकर करा अइसे जड़ी-बूटी हे के एके खुराक देय मं, फूंके मं मैडम के शरीर के जहर वइसने उतर जही जइसे हनुमान जी हा जब सुमेरू पर्वत ले जड़ी-बूटी लाय रिहिसे अउ ओला लछिमन ल खवइस तहां ले टुडुंग ले उठ के बइठगे। तब कोनो-कोनो पूछथे- ये जड़ी-बूटी कहां के हे तब ओमन बात ल सुनके हांस के टार दीन।

दिल्ली मं हल्ला माते हे के मुख्यमंत्री के बंगला मं घोड़ा कराएत सांप कहां ले, कइसे, कोनो कोती ले घुसरिस अउ कोनो सुरक्षा कर्मी, पुलिस वाले मन के नजर कइसे नइ परिस, का करत रिहिन हे, का झख मारत रिहिन हे? ओ सांप कोन करा रिहिसे, कोनो कुर्सी, सोफा, टेबल ते ओंटा-कोंटा मं? स्वाति उहां का करत रिहिसे, का करे बर गे रिहसे, मरे बर गे रिहिसे, कइसे नजर नइ परिस ओकर? ओ मौका मं अउ कोनो मनखे बंगला मं रिहिन हे के नहीं? कोन देखिस ओला सांप डसत?

घोड़ा कराएत जब डसिस, तब जोर से ओहर चिल्लाइस, सांप-सांप...सांप। एला, हाथ अउ पांव मं दू-तीन जघा बने हकन के डस दे रिहिसे। सुरक्षा कर्मी मन दउड़ के अइन, बड़े नेता अउ अफसर मन ल घटना के खबर दीन। पुलिस वाले मन घला दनदना आगे अउ मैडम ले पूछथे- का होगे मैडम, कोन काट दीस, तोर शरीर मं तो खूने-खून दीखत हे, ए तो हत्या के प्रयास के मामला बनत हे। एकर बाद पूरा दोस ओहर सांप ल देथे। पुलिस पूथछे- तैंहर देखे हस ओ सांप ल, का नांव हे ओकर? तब स्वाति बताथे- हां, मैं देखे हौं, जानत हौं, पहिचानत हौं, फेर अभी ओहर ए तीर मं नइहे। पुलिस ओकर बयान ल लिखथे। एकर बार मैडम बेहोश हो जथे। अस्पताल ले जाथे ओला। इलाज पानी अउ बइगा-गुनिया मन के झाड़-फूंक चलत हे। थाना मं कप्तान, एसपी, थानेदार मन अपन-अपन दिमाग दउड़ाथे, सोचथे- ये घोड़ा कराएत कइसना होथे, सीएम हाउस ल अपन बसेरा कब के बना ले हे, अउ तो बड़े नेता मनीष सिसोदिया, सुनील अउ पार्टी लीडर मन के इहां आना-जाना रहिथे, ककरो नजर कइसे ओकर ऊपर नइ परिस, कोनो ल काबर नइ डसिस, स्वाति मालीवाल ल ही काबर डसिस, का खास बात हे ओमा?

कप्तान थानेदार ल कहिथे- घोड़ा कराएत ऊपर नजर रखे जाए अउ सपेरा के पता लगा, जिहां दिखय ओला पकड़ के थाना मं हाजिर करे जाय। ओ बिन ब जाही तहां ले सांप मन दउड़े-दउड़े थाना मेर सकला जाही। सब ला गिरफ्तार करके जेल मं भिजवाय जाए।

सपेरा आके थाने मेर जब फिल्म नागिन के गाना-

तन डोले रे मन डोले रे मेरे दिल का गया करार रे कोन बजाए बांसुरिया...

मधुर-मधुर सपनों में देखी मैं एक राह नवेली...

छोड़ चली मैं लाज का पहरा जाने कहा अकेली।

मन डोले रे तन डोले रे...

नागिन के ये गाना के धुन ल सुनके चारों कोती ले बड़े-बड़े सांप-सपेरा करा आके नाचे-झुमरे ले लगिन फेर ओ घोड़ा कराएत नइ दीखिस। कप्तान,थानेदार अउ सपेरा ल बलाके पूछथे- कोन हरे घोड़ा कराएत सांप। तब दूनो झन बताथे- एमा के कोनो नोहे घोड़ा कराएत सांप सर!

हां, इसलिए संविधान खतरे में है (।।)

कनक तिवारी

(6) संविधान हंता कोशिश: राजनीति में ये शब्द बहुत प्रचलित हुए हैं- संघ-परिवार, यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर0एस0एस0), विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बजरंगदल वगैरह। साम्प्रदायिकता, धार्मिक कठमुल्लापन और संकीर्णता से कोई अछूता नहीं बचा। परिवार के वंशजों को संविधान की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर संविधान पर अमल करने का प्रशासनिक उत्तरदायित्व भी मिला जबकि इस विचारधारा के प्रतिनिधियों को संविधान सभा में चुना ही नहीं गया था। हिन्दू महासभा के नेता डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी कांग्रेस के सहयोग से संविधान सभा के लिए चुने गये थे। उन्होंने बाद में भारतीय जनसंघ की स्थापना की।

(7) काले इरादों की गुलाबी पुस्तक: कथित अखिल भारतीय संत समिति द्वारा 68 पृष्ठों का एक कथित श्वेतपत्र स्वामी मुक्तानंद सरस्वती के नाम से प्रकाशित किया गया है। इस पत्रिका में संविधान, उसकी आत्मा और उसके निर्माताओं के विरूद्ध भद्दे, असभ्य और तर्कहीन फब्तियां कसी गई हैं। राष्ट्रीय ध्वज, अशोक चक्र और राष्ट्र गीत का खुलेआम अपमान किया गया है। संविधान को भारतीय संस्कृति के नाशक की संज्ञा देते उसे लोकद्रोही करार दिया गया है। 13-14 अक्टूबर 1992 को अयोध्या में चार कथित संतों की एक समिति स्वामी मुक्तानंद सरस्वती की अध्यक्षता में संविधान का अध्ययन कर उसमें परिवर्तनों की सिफारिश करने के मकसद से गठित की गई। पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर ही यह कटाक्ष है, ''भारत की एकता, अखंडता, भाईचारे एवं साम्प्रदायिक सद्भाव को मिटानेवाला कौन है?'' तथा ''भारत में भुखमरी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं अधर्म को फैलानेवाला'' भी वर्तमान 'इंडियन' संविधान को दोषी ठहराया गया है। 'इंडियन' शब्द को व्यंग्य के साथ लिखा गया है, मानो भारत का संविधान पश्चिमी मानसिकता की उपज मात्र है।

(8) पुस्तिका अचानक नहीं लिखी गई। प्रकाशन से एक सप्ताह पहले एक भाजपा सांसद के निवास पर आयोजित पत्रवार्ता में लेखक ने स्वामी वामदेव महाराज के साथ राष्ट्र का आह्वान किया कि वह इस हिन्दू विरोधी संविधान का तिरस्कार करे। उन्होंने दम्भोक्ति भी कि उन्हें देश के कानूनों पर विश्वास नहीं है और यह भी कि साधु संत कानूनों के ऊपर हैं। लेखक ने पुस्तिका में यह भी लिखा, ''ब्रिटिश साम्राज्यवाद भारतीय समाज को 200 साल में इतना नहीं तोड़ सका, जितना आजादी

के बाद बने संविधान ने कुछ ही सालों में तोड़ा है। आजादी के बाद भारत को 'इंडिया' बनाने की साजिश बराबर चल रही है।'' मुक्तानन्द लिखते हैं यह दुःख की बात है कि भारतीयों को दुनिया में 'इंडियन' के नाम से जाना जाता है। पाठकों को याद दिलाते हैं कि आजादी की लड़ाई हिन्दुस्तान के नाम पर लड़ी गई और 'वंदेमातरम्' राष्ट्रीय गीत था। उनके अनुसार, ''भारत का 'धर्म' अंग्रेजों के 'रिलीजन' का समानार्थी शब्द नहीं है। भारतीय नागरिकता का कानून जिसके अनुसार भारत में पैदा हुआ प्रत्येक व्यक्ति इस देश का नागरिक है, काफी नहीं है। पूरे संविधान की भाषा इतनी जटिल है कि उसके आशय को समझना मुश्किल है।''

(9) संघ-परिवार के इस प्रेरित दस्तावेज का कहना है कि हिन्दी अनुवाद में संविधान के उद्देश्य का तीसरा शब्द 'पंथनिरपेक्ष' है जबकि उसे 'धर्मनिरपेक्षता' के अर्थ में आमतौर पर समझा जाता है। पंथ और धर्म, अलग-अलग अभिव्यक्तियाँ हैं। संविधान का अनुच्छेद-30, जिसके अनुसार अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा तथा धर्म के आधार पर शैक्षणिक संस्थाएँ खोलने का अधिकार है, अलगाववादी ताकतों को बढ़ावा देता है। मुक्तानंद इस बात से बहुत परेशान हैं कि जब अनुच्छेद-16 में स्पष्ट लिखा है कि प्रत्येक नागरिक को किसी भी तरह की नौकरी मिलने के सिलसिले में बराबर की आजादी है, तो फिर पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियों में आरक्षण दिए जाने के प्रावधानों को संविधान में क्यों रखा गया? उन्हें सबसे अधिक गुस्सा अनुच्छेद-44 को लेकर है जिसके मुताबिक राज्य सभी नागरिकों के लिए समान संहिता बनाने का प्रयास करेगा। वे झल्लाकर लिखते हैं, ''यह अनुच्छेद संविधान के रचयिताओं ने भांग पीकर लिखा होगा।'' मुक्तानंद को यह भी दुख है कि देशभक्त नक्सलवादियों के साथ राष्ट्रदोहियों जैसा बर्ताव किया जाता है।

(10) उनके अनुसार, ''संविधान निर्माताओं ने हिन्दी भाषा से संबंधित प्रावधानों के जरिए तुष्टिकरण (भाषायी अल्पसंख्यकों के), अनिश्चितताओं, पृथकतावाद, भय, संशय और अनुत्तरदायित्व की भावनाओं को बढ़ावा दिया है। ''धारा-370 पर कश्मीर संबंधी विशेष प्रावधान हैं। उस पर पुस्तिका में भाजपा की घोषित नीति के अनुकूल प्रहार किए गए हैं। नागालैंड से संबंधित अनुच्छेद-371(ए) को ईसाइयों के प्रभाव से युक्त कहा गया है। अनुच्छेद-51-क का जिसमें नागरिकों के कर्तव्यों का ब्यौरा दिया गया है, मखौल उड़ाया गया है। लेखक के अनुसार, ''जिस देश को इंडिया' अर्थात् भारत कहा जाए, जिसके राष्ट्रध्वज पर साम्राज्यवादी अशोक का चक्र अंकित हो तथा जॉर्ज पंचम की प्रशस्ति में गाए गए 'जन-गण-मन' को राष्ट्रीय गीत बनाया जाए, वहां नागरिकों के कर्तव्यों की बात करना बेमानी होगा।'' पश्चिमी जीवन पद्धति और मांसाहार के कारण भारत को नष्ट कर दिया गया है।

गुरुजी और अर्थी

डॉ किशोर अग्रवाल

बाज लोगों को ज्ञान बांटने का शौक होता है। कभी-कभी अपने वेतन की राशि खर्च करके भी कई लोग अपना यह शौक पूरा करते दिखाई पड़ते हैं। ग्रामीण स्कूलों में सुबह 8:00 बजे से ही पाठशाला लगा करती थी और 12:00 बजे नमस्ते। सारा काम खत्म कर गुरुजी फुर्सत में हो जाते, घर पहुंचते तो भोजन रेडी होता। बस अपनी डायरी और चाबी अलमारी में रख कर चटाई बिछाकर पाटे पर बैठ जाते और गरम खाना लग जाता । आधे घंटे का यह पेट पूजन समाप्त कर वह बस्ती के मुफ्तुल्लों की ओर निकल लेते । कभी किसी ठेले पर या कपड़े की दुकान पर या फिर किसी ट्रांजिस्टर ,टेप रिकॉर्डर सुधारने वाले की दुकान पर महफिल जम जाती ।सब अपनी अपनी हाँकते। हजारों ,लाखों और करोड़ों के जुमले उछाले जाते । सोशल मीडिया उन दिनों था नहीं कि गप में बताई गई बातों की कोई जांच होती।

गुरुजी वेतन मिलने के एक-दो दिन के भीतर 293 कोरे कागजों का दस्ता खरीद लाते और 5910 कार्बन पेपर भी। शिकायत लिखने में उनके बाल पेन और उनके दिमाग का कोई सानी ना था। बड़े परिश्रम से लोगों के बीच विवादों का पता करना, उन्हें शिकायतों के लिए उकसाना गुरुजी को खूब आता था। पटवारी, हवलदार ,ग्राम सेवक, अमीन, पटेल, सरपंच, पंचायत सचिव और उनके ही स्कूल के कुछ शिक्षक सब उनके निशाने पर होते ।उससे उनकी एक न्यूसेंस वैल्यू बन गई थी। लोग डर से ही सही गुरु जी को नमस्कार किया करते । यह और बात है कि कभी-कभी अधिक परेशान होकर कोई दिलजला उन्हें अंधेरी गलियों में कूट भी जाता। चेहरे पर चोट के निशानों की जिज्ञासा करने वालों को संतुष्टि जनक जवाब देने में वह सिद्धहस्त हो गए थे। वह जवाब देते, पूछने वाला समझ जाता कि कुटे हैं, वह मुस्कुराता, जिसे देखकर गुरुजी समझ जाते कि हमारा कुटना इन्हें पता लग गया है। पर वह दरखास्त नवीशी से बाज ना आते । क्या कलेक्ट्रेट, क्या तहसील ,क्या बीडियो का दफ्तर व जिला विजिलेंस ,सब जगह है नाम और दस्तखत अलग पर एक सी ही हस्तलिपि में अनेकों शिकायतें आती। सभी दफ्तर जानते थे कि फरियादी कोई भी हो विचार गुरु जी के हैं । कार्यवाही भी होती , करनी ही पड़ती अन्यथा उनके पर्यवेक्षण दफ्तरों में अकर्मण्यता की शिकायत ,आत्महत्या की धमकी और रिश्वतखोरी के आवेदन आने लगते ।उनकी पत्नी समझाती थी पर वह मानते न थे ।यह उनका शाकाहारी शौक था। परंतु वेतन मिलने पर वे न केवल कागज कार्बन खरीदते बल्कि एक डिब्बा भरकर दवाएं भी खरीदते । जनाब होम्योपैथिक लेते तो क्या बात थी निखालिश एलोपैथिक के कैप्सूल, टेबलेट, सिरप, पट्टियां, आयोडीन, टिंक्चर, खाज खुजली की मलहम, बाम, ग्लूकोज आदि अनेक दवाएं भी खरीद कर लाते।

उन्होंने घर का वैद्य के अलावा एलोपैथी के घरेलू उपचार की किताबें भी पढ़ रखी थी। कुछ को यह सुबहा था कि वह किसी देसी डॉक्टर के सहायक रह चुके हैं। जो लोग बीमार नहीं पड़ते और यदि उन्हें दवाओं का ज्ञान हो जाता है तो वह बीमारों को ढूंढ कर उन्हें अपनी तरह से नुस्खे बताने व देने में सुकून लेने लगते हैं। गुरुजी के साथ भी यही था वह खुद तो स्वस्थ थे पर उनकी नजर गांव के हर बीमार पर रहती । भले ही वह किसी बढ़िया डॉक्टर से इलाज करा रहा हो यह अपने नुस्खों सहित पहुंच जाते।

मरीज ठीक चाहे सही इलाज से ही होता पर गुरुजी की पुड़िया देने का श्रेय अपने माथे ले लेते। जो मरीज भगवान को प्यारे हो जाते उनके लिए उनकी उक्ति थी ÷मौत को कोई तो बहाना चाहिए। खूब थे गुरु जी और उनके यह दोनों शौक। एक दिन शाम को गुरुजी बस्ती से टहल कर अपने घर वापस आ रहे थे तो उनकी गली में रहने वाले टहलूराम के घर कुछ परेशानी दिखी । उन्होंने देखा कि एक दो बाहर के आदमी आगे आकर टहलूराम के घर के सामने खड़े हैं ।पता चला कि वे किसी ब्याह बारात से लौटे हैं और उनको अफरा चढ़ा है।

गुरुजी की चिकित्सक आत्मा को यह तकलीफ गवारा ना हुई । वह अपने दवा के डिब्बे सहित टहलूराम के घर पहुंचे । टहलू की पत्नी अपने पति को शहर के अस्पताल ले जाने के लिए अपने बेटे को टेंपो की सवारी लाने को भेज चुकी थी। तभी गुरुजी ने कहा कि अरे नाहक ही परेशान मत हो टहलुवाइन गैस का आफरा है । यह दो तरह की गोलियां इसी काम की है । यह दो गोली अभी और दो रात 12:00 खिला देना ,सुबह तक आराम आ जाएगा। गोलियां देकर गुरुजी चले आए। टहलू का दुर्भाग्य कि उन्हें वे गोलियां दे दी गई, स्वयं उनकी अर्धांगिनी ने दी ।

गुरु जी नित्य नेम पूजा प्रकाश भी पढ़ते थे और बहुत मानते थे। सुबह अमुक कदम चलकर जाते तब शौच करते और करंज बबूल सरई का दातौन करते ।अगले दिन सुबह जब 5:00 बजे वे दिशा मैदान को निकले तो टहलू के घर के सामने रोने की आवाज के बीच अर्थी के बांस काटे जा रहे थे। जमा लोगों में कोई कह रहा था कि अच्छा बीछा था बेचारा पता नहीं किस गुरुजी ने दवा दे दी जवानी में ही निपट गया। कोई कह रहा था कि टहलुवाइन गुरुजी से फंसी थी, सो बहाना मिल गया, दवा के बहाने टपका दिया गुरु जी ने। गुरुजी के दोनों गुर्दे उनके कंठ में जा लगे । पलट कर घर पहुंचे गुरुवाइन को माजरा बताया । सुबह-सुबह हाथ मुट्ठी का सामान पकड़ा और साइकल उठा ली ,बच्चों में से एक को साइकिल के फ्रेम पर बिठाया गुरुवाइन एक बच्चा लेकर पीछे बैठी । गुरुजी तेज तेज पैडल मारते पास ही के अपने ससुराल वाले गांव निकल लिए। स्कूल के चपरासी ने उनका यहां का किराए का घर खाली किया और उनका सामान पहुंचाया ।गुरुजी फिर कभी बसने को इस गांव में ना लौटे । अलबत्ता स्कूल आते रहे । बेचारी टहलुवाइन मुफ्त में बदनाम हुई । बात दबते दबते दबी । गुरुजी की पत्नी कहती थी ,लाख समझाया पर गुरुजी नहीं माने, ना शिकायत लिखने से और ना ही दवा देने से ,दस बार हाड़ तुड़ाए खुद के और बेचारे टहलू की बलि ले ली तब अकल ठिकाने आई।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1822 में आज ही के दिन नार्वे में गिरिजाघर में आग लगने से 122 लोगों की मौत हो गई थी। 1912 में आज ही के दिन प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक छगनराज चौपासनी वाला का जन्म हुआ था। 1926 में 26 मई के दिन ही लेबनान ने संविधान अपनाया था। 1940 में 26 मई को ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सरताज सिंह का जन्म हुआ था। 1957 में मुंबई में जनता बीमा पॉलिसी की शुरुआत हुई थी। 1969 में आज ही के दिन ही अपोलो 10 के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे थे। 1973 में 26 मई को ही बहरीन ने संविधान अपनाया था। 1987 में आज ही के दिन श्रीलंका ने जाफना में तमिल विद्रोहियों के खिलाफअभियान छेड़ा था। 1991 में आज ही के दिन थाईलैंड में बैंकाक के निकट एक विमान हादसे में 223 लोगों की मौत हो गई थी। 1999 में 26 मई के दिन ही इसरो ने भारत, जर्मनी और दक्षिण कोरिया के तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया था। 1999 में आज ही के दिन भारत के स्टार बल्लेबाज सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ ने श्रीलंका के खिलाफवनडे मैच में 318 रन की भागीदारी का विश्व रिकार्ड बनाया था।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कब मनाया गया?

2) इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता का प्राचीन नाम क्या है?

3) भारतीय वायु सेना की पहली आपात चिकित्सा प्रणाली की शुरुआत कहाँ हुई है?

4) भारत का पहला आयुर्वेदिक कैफे कहां खुला हैं?

5) हाल ही में भुवनेश्वर में 27वें फेडरेशन कप सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुषों की भाला फेंक में स्वर्ण पदक किसने जीता?

उत्तरमाला- (1) 22 मई (2) बटाविया (3) बेंगलुरू (4) नई दिल्ली (5) नीरज चोपड़ा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -068

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

1		2	■	3	4		5	■
	■		■	■		■	6	
■	7			■	■	■		■
8			■	9				■
10		■	■		■	■	■	11
	■	12			■	■	13	
14	15	■		■	16	17		
■		■	18				■	■
19				■		■	20	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 067 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त : 19:05, चन्द्रोदय : 21:05, चन्द्रास्त : 06:46

अयन : उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर :(उत्तर) कालयुक्त, युगाब्दः (कलि संवत) 5126, मास : ज्येष्ठ (महाराष्ट्र एवम् गुजरात के अनुसार वैशाख), पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : मूल, योग : साध्य, प्रथम करण : तैतिल (07:14 तक), द्वितीय करण : गर (18:58 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : धनु (10:35 से),मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:51, राहुकाल : 16:30 से 18:00, यमगण्ड : 14:04 से 15:44, दुर्मुहूर्त : 07:30 से 08:24, अमृत काल : 28:12 से 05:48, विजय मुहूर्त : 14:33 से 15:28, गोधूलि मुहूर्त : 19:08 से 19:29, सायाह्न सन्ध्या : 19:10 से 20:11 ,निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:34, राहुवास : पूर्व, होमाहुति : चन्द्र (10:36 से मंगल), दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : पूर्व (10:36 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आप कार्य व्यवसाय के प्रति लापरवाही दिखाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से भी आज का दिन अधिक खर्चीला रहेगा।

वृषः आपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँख में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी।

मिथुनः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कामो को भी बनाने का सामर्थ्य रखेंगे कार्य क्षेत्र पर इच्छानुसार सफल तो नही होंग।

कर्क : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आलस्य एवं कमजोरी अनुभव होगी।

सिंहः आज मिला जुला दिन रहने से बीते कल की अपेक्षा थोड़ा बेहतर अनुभव करेंगे। अतिआवश्यक कार्य किसी अनुभवी से परामर्श लेकर ही करें।

कन्याः आज आप बेतुकी बयानबाजी के कारण संकट में फंस सकते है। अधिक बोलने से मौन धारण करना बेहतर रहेगा व्यर्थ के विवादों से बचेंगे।

तुलाः आज का दिन पिछले दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक रूप से सक्षम रहेंगे।

वृश्चिकः दिन का अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। आलस्य के कारण कार्यो में बाधा आ सकती है। प्रातः काल के समय आकस्मिक धन लाभ होने से अधिक निश्चिन्त रहेंगे।

धनुः आज के दिन परिस्थितियां विशेष अनुकूल रहने से मानसिक दुविधा कम होगी। सुखी दिनचर्या में उत्तम स्वास्थ्य भी सहायक बनेगा।

मकरः आज घर एवं बाहर परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से सोच समझ कर ही कोई बड़ा कदम उठाएं।

कुंभः आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहेगा। परन्तु अधिक व्यस्तता के चलते थकान भी रहेगी।

मीनः आज के दिन आपको लाभ के कई अवसर मिलेंगे। कार्यो के प्रति भी गंभीर रहने से धन प्राप्ति की संभावनाएं बढ़ेंगी।

न्यूज गैलरी

रिया को किया पुस्तक भेंट

कुम्हारी। आत्मानंद स्कूल की दसवीं क्लास की छात्रा रिया साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में दसवां स्थान प्राप्त कर कुम्हारी को गौरवान्वित किया। आज दूरदर्शन प्रस्तोता एंकर लोकमया छग लोककला मंच अध्यक्ष महेश वर्मा एवं दूरदर्शन के एडिटर विवेक वर्मा ने कुमारी रिया के घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया एवं उन्हें डॉ. परदेसी राम वर्मा द्वारा लिखित कुछ किताबें भेंट की एवं उसके उज्वल भविष्य की कामना की। रिया के पिता राकेश साहू ने बताया की पहली क्लास से ही रिया पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है मन लगाकर पढ़ती है किसी प्रकार का ट्यूशन या कोचिंग हम नहीं करा पाते हैं मध्यमवर्गी परिवार से होने की वजह से कई सुविधाएं संभव नही हो पाती है।

नवविवाहिता ने लगाई फांसी

दुर्ग। एक नवविवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की 11 महीने पहले ही शादी हुई थी। उसका पति जल संसाधन विभाग में कार्यरत है। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अर्पिता राजपूत (33 वर्ष) की शादी पिछले साल जून में जवाहर नगर के रहने वाले सौरभ राजपूत के साथ हुई थी। पुलिस के अनुसार उड़ीसा निवासी मृतका के पिता राजकुमार सिंह के मुताबिक उनकी बेटी अर्पिता को शादी के बाद से ही ससुराल वाले रकम लाने के लिए परेशान कर रहे थे। कुछ दिनों पहले ही उनकी बेटी ने उन्हें बताया था कि ससुराल वाले 25 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस पर उन्होंने बेटी को आश्वासन दिया था कि जल्द ही वह पैसों का इंतजाम कर देंगे। लेकिन अर्पिता ने रात लगभग 11 बजे अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के परिजनों के मुताबिक जब विवाहिता को जिला अस्पताल ले गए। मर्चुरी में ससुराल का कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा।

सामान चोरी कर लगा दी आग

दुर्ग। जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत अज्ञात आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी आटो का पहले सामान चोरी किया, उसके बाद उसमें आग लगा दी। पड़ोसी ने जब इसकी जानकारी आटो मालिक को दी तो उन्होंने आग को बड़ी मुश्लिक से बुझाया। इसके बाद कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांधी नगर डिपरापारा निवासी जब्बार अली ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। रोज की तरह आटो सीजी 07 बीएफ1680 को अपने घर के पास खड़ा किया था। सुबह 4 बजे उसके पड़ोसी मुबारक बेगम ने बताया कि उसके आटो में आग लगी है।

बीएसपी द्वारा 25 खेलों का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया जाता है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत भिलाई टाउनशिप और आसपास के बीएसपी और गैर-बीएसपी स्कूलों के कई बच्चों तथा युवा बालक और बालिकाओं को भिलाई के 41 खेल परिसरों, स्कूल हॉल और खेल मैदानों में विशेषज्ञ खेल प्रशिक्षकों द्वारा 25 खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। 10 मई 2024 से 10 जून 2024 तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 में 100 से अधिक विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों द्वारा महीने भर से खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा शिक्षा विभाग तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2023 में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 120 विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 728 बालिकाओं सहित 2,580 बच्चों ने भाग लिया था। इस वर्ष एक महीने तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत वर्तमान में 169 बच्चे फुटबॉल

का प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें पंत स्टेडियम के फुटबॉल कॉम्प्लेक्स में 74 लड़के और फुटबॉल ग्राउंड, सेक्टर-9 में 95 बच्चे (90 बालक और 05 बालिका) शामिल हैं। वॉलीबॉल प्रशिक्षण वर्ग में 51 बालक और 39 बालिकाओं सहित कुल 90 बच्चे वॉलीबॉल ग्राउंड, इस्पात क्लब-खुर्सीपार में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, तथा 19 बच्चे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में खो-खो का प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर के तहत कुल 40 बच्चे विभिन्न स्थानों पर बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, तथा 28 बच्चे सेक्टर-4 स्थित जूडो क्लब में जूडो का प्रशिक्षण ले रहे हैं। पंत स्टेडियम और खुर्सीपार के कबड्डी ट्रेनिंग कैम्प में 57 बच्चों तथा बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में 45 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। महीने भर चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, योगा, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक, फेंसिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती में बच्चों को प्रषिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन जैसे गुड़, भुना चना आदि प्रदान किया जाता है और प्रशिक्षुओं को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र एकमात्र ऐसा संगठन है जो खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने इस तरह का विषाल खेल प्रशिक्षण सुविधा का विगत 50 वर्षों से आयोजन करता आ रहा है।

ठेकेदार से मारपीट करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम रिसाली के ठेकेदार को अपहरण कर मारपीट के मामले में थाना नेवई पुलिस ने गुण्डा बदमाश पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय एवं शैलेष निर्मलकर को गिरफ्तार किया है।आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त ङ्कङ्क.700 कार एवं आलाजरब बरामद किया गया है। पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 365, 342, 34 के तहत कार्रवाई की है। थाना नेवई के अपराध क्रमांक 165/2024 धारा 294, 323, 506, 365, 342, 34 भादवि के आरोपी पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय पिता अवधेश राय उम्र 45 साल साकिन गणेश रिसाली भिलाई एवं आरोपी शैलेष निर्मलकर पिता स्व राम स्वरूप निर्मलकर उम्र 28 साल निवासी नेवई बस्ती हाल मुकाम राय ट्रेडर्स के पीछे स्टेशन गरोदा थाना नेवई जिला दुर्ग जो कि थाना नेवई का गुण्डा बदमाश है। उनके विरूद्ध थाना नेवई एवं जिला दुर्ग के विभिन्न थानों में कई

अपराध दर्ज है, उक्त आरोपियों पर सतत निगाह रखकर शिकायत मिलने पर समय समय कार्यवाही किया जाता है. पूर्व में भी आरोपीगणों के अपराधिक कृत्य पर कसावट लाने के लिये विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही किया गया था। फिर भी आरोपियों द्वारा अपना वर्चस्व कायम रखने घटना को अंजाम दिया गया। प्रार्थी विपिन सिरसाम को निगम रिसाली तामेश दुकान के पास रात्रि करीब 10.00 बजे अपने दोस्तो के साथ बैठा था। उसी समय पिंकी राय, शैलेष निर्मलकर एवं ओम चौधरी नीले रंग की एक्सयुवी 700 कार से आकर प्रार्थी को मुखबीरी करते हो कहकर तीनो ने अश्लील गाली गुप्तार कर लोहे का राड एवं हाथ मुक्का से मारपीट करना और जबरदस्ती बलपूर्वक अपने कार में बैठाकर अपने दुकान राय ट्रेडर्स आफिस में ले जाकर दुकान का शटर बंदकर तीनों के द्वारा मारपीट करना, व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देना बताने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त धारा 294, 323, 506, 365, 342, 34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई सत्यप्रकाश तिवारी, उपपुलिस अधीक्षक (अपराध) हेम प्रकाश नायक एवं थाना प्रभारी नेवई आनंद शुक्ला के नेतृत्व में आरोपियों को पकडने हेतु टीम गठित किया। आरोपीगण पिंकी राय उर्फविजेन्द्र राय पिता अवधेश राय उम्र 45 साल निवासी गणेश नगर रिसाली भिलाई एवं आरोपी शैलेष निर्मलकर पिता स्व राम स्वरूप निर्मलकर उम्र 28 साल निवासी नेवई बस्ती हाल मुकाम राय ट्रेडर्स के पीछे स्टेशन मरोदा थाना नेवई जिला दुर्ग को मुखबीर की सूचना पर पकडा गया। जिनसे पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये, आरोपीगणों की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त वाहन एवं लोहे का रॉड 02 नग को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी द्वारा अपराध घटित करने पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एक अन्य फरार आरोपी ओम चौधरी की तलाश की जा रही है।

जिला स्तरीय सीनियर व महिला शतरंज चैंपियनशिप का उद्घाटन

दिमागी कसरत के खेल में 107 खिलाड़ियों का जमावड़ा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा डीएवी मॉडल कॉलेज के सहयोग से स्व. लालजी भाई आडतिया की स्मृति में श्री जलाराम ट्रॉफी जिला स्तरीय सीनियर एवं वीमेन चैस चैंपियनशिप 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि आर्य शिक्षण समिति अध्यक्ष विनीत बंसल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी प्रवीण भाई आडतिया द्वारा शतरंज की चाल चलकर किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि इंटरनेशनल ऑर्बिटर रॉकी देवांगन, डी ए वी कॉलेज प्रबंधन से संतोष शर्मा एवं विनीत श्रीवास्तव उपस्थित थे। श्री बंसल ने उपस्थित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए ऐसे आयोजन के लिए जिला शतरंज संघ दुर्ग की सराहना की एवं भविष्य में हर संभव सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। समाजसेवी प्रवीण भाई ने शतरंज को बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए आगे भी श्री जलाराम ट्रॉफी शतरंज स्पर्धा को और भी वृहद रूप से कराने की घोषणा की। सर्वप्रथम अतिथियों

द्वारा माँ सरस्वती, श्री जलाराम बप्पा एवं स्वर्गीय लाल जी भाई आडतिया के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। संघ कोषाध्यक्ष तुलसी सोनी द्वारा शतरंज संघ व आयोजन की जानकारी दी गई। अतिथियों का स्वागत संघ के दिनेश जैन, संजय खंडेलवाल, एसके भगत, मोरध्वज चंद्राकर, ललित वर्मा, दिव्यांशु उपाध्याय, मनोज साहू, दीपक बंजारा, जयंता दास, बद्री ताम्रकार, त्रिलोक सोनी द्वारा किया। चैंपियनशिप के चीफ आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय है। उक्त स्पर्धा 7 चक्रों में खेली जाएगी।

यातायात पुलिस व्दारा 20 ट्रकों पर चालानी कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव द्वारा सड़क दुर्घटना नियंत्रण हेतु रामदरबार सर्विस रोड पर अव्यवस्थित खड़े 20 ट्रकों पर चालानी कार्यवाही किया गया।

एफसीआई संचालकों से यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी नही करने के संबंध में मीटिंग लिया गया। सभी ट्रक चालकों को सर्विस रोड में वाहन नही खड़ी करने हिदायत दिया गया, साथ ही भविष्य में भी रामदरबार सर्विस रोड़ में वाहन खड़ी करने पर लगातार चालानी कार्यवाही किया जायेगा। यातायात पुलिस राजनांदगांव की सभी वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों पालन करें। सुरक्षित वाहन चलायें एवं दुर्घटना से बचे।

महिला से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। थाना सुपेला पुलिस ने चाकू की नोक पर महिला से लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। सुपेला थाना निरीक्षक राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रार्थिया लावन्या बाघ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की 24 मई के दिन करीबन 10:30 बजे होटल काम करने जा रही थी। जैसे ही फरीद नगर मैदान के पास पहुंची थी तभी एक लड़का मुंह में कपड़ा बांध कर आया और चाकू दिखा बैग को लूटकर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सूचना पर संदेही के तलाश में जुट गई तथा प्रार्थिया के बताये हुलिया व मुखबीर के आधार पर संदेही आकाश चैहान उर्फ झटका को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुलिस को गुमराह करते हुए नकारता रहा किन्तु बारिकी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए लूट की गई सम्पत्ति को बरामद कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज है। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक मनीष बाजपेयी, सउनि नरेन्द्र सोनी, आरक्षक जुनेद सिद्धीकी, सूर्य प्रताप सिंह, रवि साव का विशेष योगदान रहा है।

बेटी के साथ अश्लील हरकत, गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में सगी बेटियों के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब बेटियों ने देखा कि पिता का अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है, तब उन्होंने पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। जिसके बाद सुपेला थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि नेहरूनगर सुपेला में रहने वाली एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ थाने आई थी। उसने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी दो बेटियां हैं। एक 14 साल व दूसरी 17 साल की है। वो जब काम पर चली जाती है, तो उसका 40 वर्षीय पिता अपनी ही बेटियों के साथ घर में अश्लील हरकतें करता है। बेटियों ने पहले तो बदनामी के डर से यह बात किसी को नहीं बताई लेकिन उन्होंने देखा कि पिता की हरकतें बढ़ती ही जा रही है। पिता घर आता और दरवाजा बंद कर उनके साथ छेड़खानी शुरू कर देता। बेटियों के मना करने और रोने के बाद भी बात नहीं सुन रहा था। इसलिए दोनों बेटियों ने पूरी सच्चाई अपनी मां को बताई। जब महिला ने पति को फटकारा तो वो उससे भी झगड़े पर उतारू हो गया।

विभागीय परीक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। छग शासन विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए (जिनके लिए विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा का आयोजन 5 अगस्त से 13 अगस्त 2024 तक किया गया है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने सभी कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में संबंधित जिले से विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक अधिकारियों व कर्मचारियों राजस्व निरीक्षक/ पटवारी को छोड़कर आवेदन पत्र विषयवार प्राप्त कर परीक्षण उपरांत 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक आवेदन कर सकते है.

सीएसआर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पऊवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 44 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया। ग्राम पंचायत भवन में ही शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम की ओर से डॉ सरस्वती, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु शुसन, फार्मासिस्ट एएस गौर, पंजीकरण हेतु शंभू तथा सीएसआर विभाग की ओर से महाराराम उपस्थित थे। इस शिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है।बीएसपी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर का उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा का लाभ पहुंचाना है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने रोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम, अंचल में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रम हो रहा है।

बारिश पूर्व नाला सफाई कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई को दुरुस्त कराने विधायक गजेंद्र यादव मैदान में उतरे और मौके पर पहुंचकर नाला सफाई का निरिक्षण किये ताकि लगातार बारिश होने पर कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। वार्ड 11, 24 व 26 में चैनमाउंटेन से शंकरनाला की सफाई को देखे और निगम के अधिकारियो को सतत मॉनिटरिंग करते हुए मानसून पूर्व 15 जून तक सफाई पूर्ण करने निर्देश दिए। विधायक गजेंद्र ने डूबान वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में सघन स्तर पर सफाई करने कहा। श्री शिवम के पास नाला संकरा होने से बहकर आने वाला कचरा फँसता है इसका निराकरण करने नाला की चौड़ाई

बढ़ाने निगम के ईई को इस्टीमेट बनाने निर्देश दिए। निरिक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने विधायक को बताया की दुर्ग निगम क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई की जा रही है और कुछ नालों की सफाई की जा चुकी है। बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी से सफाई कार्य जारी है। छोटे नालों की सफाई स्वच्छता कर्मचारी नाली से सभी प्रकार के कचड़े व मलबे को निकाल रहे हैं। इस दौरान पार्षद नरेश तेजवानी, तपन मलिक, किशोर अहिरवार, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उप अभियंता सुरेश केवलानी, विकास दमाहे उपस्थित रहे।

बिजली बंद की शिकायत पर त्वरित हो निराकरण

भीषण गर्मी में बिजली बंद होने की शिकायत जनता से मिलने पर श्री यादव ने संज्ञान में लिया और बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक को फोन कर बोरसी, बघेरा, जवाहर नगर और दुर्ग सिटी चारों जोन में व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यपालन यंत्री को बिजली बंद होने की शिकायत पर त्वरित निराकरण करने तथा 132 केवी ट्रांसमिशन रिले सिस्टम को शीघ्र व्यवस्थित करने निर्देश दिए है। इसके अलावा निगम क्षेत्र के सभी पोल में लाइट चालू करने निगम के अधिकारियो को निर्देश दिए है। निगम विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को बिजली पोल में लाइट बंद है उसे चिन्हित कर शीघ्र व्यवस्था बनाने निर्देशित किये है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री जसप्रीत सिंग सोनी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400289/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जसप्रीत सिंग सोनी आ. श्री जसवंत सिंग सोनी निवासी म.न. 176 गायत्री मंदिर वार्ड तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	3/712	0.0080 हें 862.50 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री जसवंत सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400290/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जसवंत सिंह आ. श्री प्रेतम सिंह निवासी म.न. 176 गायत्री मंदिर वार्ड तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	3/713	0.0082 हें 887.50 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अनिरुद्ध शर्मा वगै. पिता स्व. श्री श्यामसुंदर शर्मा निवासी ग्राम ब्राम्हणपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 54/32, 54/33 रकबा 0.140 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202405103200012 /अ-74/वर्ष 2023-24 ग्राम-गोरपा, प.ह.न. 03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनेश पिता फिरतु जाति यादव निवासी भेडनी तह. देवरबीजा जिला बेमेतरा के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम गोरपा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. पेण्ड्रावन तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा क्रमांक एवं क्रमशः 245(2.24) हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 2.24 हे. भूमि भू-राजस्व अभिलेख में आवेदक गनेश पिता फिरतु के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसका मूल ऋण पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण हो जाने से डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु निर्धारित शुल्क खजाना दाखिल किए गए चालान की प्रति, नो-ड्यूज सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 07.06.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202405100900089 /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम तेलीगुण्डरा प.ह.नं. 38 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कमल पिता माखन जाति तेली निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम तेलीगुण्डरा प.ह.न. 38 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 510, 1740/1, 1845, 514 रकबा 1.15, 0.82, 0.11, 0.88 हे. भूमि में से खसरा नं. 514 रकबा 0.88 हे. भूमि वर्तमान ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में आवेदक के नाम पर दर्शित नही होने से उक्त भूमि को अपने नाम ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरुस्त किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक कमल पिता माखन जाति तेली निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्त किए जाने की में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि दिनांक 07/06/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202401100600097 /अ-6अ/वर्ष 2023-24 पक्षकार थानसिंह पिता बलदाउ मौजा ग्राम नारधी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम नारधी प.ह.न. 09 को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चित्ररेखा साहू पति पवन साहू निवासी ग्राम खमतराई तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नारधी तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते की भूमि खसरा नंबर 92/1, 102/2, 847/1, 930/3, 948/3 रकबा 0.14, 0.15, 0.65, 0.47, 0.11 हे. कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 1.52 हे. भूमि में आवेदिका का नाम चित्ररेखा के स्थान चितरेखा दर्ज हो गया है। जिसके सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण अभिलेख सहित अ.वि.अ. महोद्य को प्रस्तुत आवेदन प्राप्त आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 06.06.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर | नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202405101500037
विषयः अ-05 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोपेडीह प.ह.न. 00005 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राजकुमार रात्रे अनावेदक पक्षकार- छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण कोपेडीह प.ह.नं. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार रात्रे पिता गंगादीन जाति सतनामी उम्र 32 वर्श निवासी ग्राम कोपेडीह तह, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदक के पिता गंगादीन आ. कुंजलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम सरोना तह. व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा मेहत्तर पिता प्रेम निवासी ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग में स्थित ख.न. 16/6 रकबा 1.05 एकड (0.425) हे. लगान 0.85 पैसा को पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.05.1986 को क्रय किये है इस प्रकार ख.न. 346 रकबा 0.40 हे. लगान 1.15 रू. को सुरेश पिता मंशाराम जाति यादव निवासी कोपेडीह से पंजीकृत बैनामा दिनांक 17.07.2002 को क्रय किये है। आवेदक के पिता अपने उक्त क्रय सुदा भूमि पर अपने जीवन पर्यन्त शांतिपूर्वक काश्त कब्जे मे रहे है। आवेदक के पिता के मृत्यु पश्चात् उपरोक्त भूमि का फौती संशोधन दर्ज कराये है जिसके अनुसार वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदक राजकुमार व इनके अन्य भाईयो क्रमशः संतु रात्रे, राजेश रात्रे एवं मां पुनिया बेवा गंगादीन के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख मे ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग मे क्रमशः ख.न. 345, 346 रकबा 0.37, 0.37 हे. लगान 1.85 रू. भूमि स्वामी मे दर्ज हुआ है। आवेदक के पिता द्वारा उपरोक्त ख.न. 16/6 व 346 रकबा 1.05 व 0.40 हे. भूमि को बंदोबस्त सर्वे के दरम्यान क्रय किये है जिससे राजस्व अभिलेख में बंदोबस्त के पश्चात दर्ज किये गये नये नंबर के अनुसार पूर्व रकबा में 0.20 डिसमिल की कमी दर्ज कर दिये है। आवेदक बंदोबस्त के पूर्व के अभिलेख एवं वर्तमान अभिलेख का मिलान करने पर पूर्व रकबा मे बदोबस्त के पश्चात 0.20 डिसमिल की कमी जानकारी प्राप्त हुई है आवेदक अपने पिता की उक्त क्रय सुदा भूमि पर शांतिपूर्वक काश्त कब्जे मे चले आ रहे है मौके व कब्जे का लेकर कोई विवाद नहीं है। आवेदक अपने उपरोक्त भूमि पर बंदोबस्त के पश्चात् 0.20 डिसमिल की कमी को मौके कब्जे पर राजस्व रिकार्ड के अनुसार सुधारवाना चाहता है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के समर्थन मे बदोबस्त के पूर्व का बी-1 नक्शा खसरा एवं बदोबस्त के पश्चात का बी-1 नक्शा खसरा, रिनंबरींग सूची सहित संलग्न कर व आवश्यकता अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 17.06.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर | नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202405101100017 /अ-74/वर्ष 2023-24 ग्राम-गोता, प.ह.न. 24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीलिमा अग्रवाल पति रमेश कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम गोता तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम गोता रा.नि.मं. दारगांव तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 600/1 का बटांकन नक्शे में नही हुआ है। अतः खसरा नं. 600 का मूल नक्शे का बटांकन कर 600/1 नक्शा में बटांकन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वाद भूमि का नक्शा बटांकन करने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05.06.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

छापा मारकर साल, सागौन चिरान लकड़ी की जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम डालामौह निवासी उदय गोड पिता धनीराम गोड के घर में उपवनमंडल अधिकारी पंडरिया के द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर छापा मार कर तलाशी ली गई ! जहां पर उसके घर में एवम् बाड़ी में साल प्रजाति के 0.040 घन मीटर चिरान और सागौन प्रजाति के 0.812 घन मीटर अवैध काष्ठ कुल 144 नग एवम बढ़ई गिरी से संबंधित औजार की जप्ती की गई हैं। जिसका कुल मूल्य 52668/- रुपए है। भारतीय वन अधिनियम 1927 के सुसंगत धारा के अंतर्गत वन अपराधदर्ज कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में पूर्व एवम पश्चिम पंडरिया के स्टॉफ संयुक्त रूप से शामिल थे।

मरकाम परिवार के दो बेटे भी मारे गए थे झीरम घाटी में

नगरी/नवप्रदेश। 25 मई 2013 को परिवर्तन यात्रा से वापसी के दौरान दौरान झीरम घाटी के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा में तैनात वीर जवानों पर हमला कर दिया था। जिसमें ग्राम आमगांव (बेलर) के वीर पुलिस जवान शहीद चन्द्रहास ध्रुव नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज शहीद चन्द्रहास ध्रुव की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गृहग्राम आमगांव में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिहावा डॉ.लक्ष्मी ध्रुव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन लाल ध्रुव ने पहुंचकर अपने भतीजे शहीद चन्द्रहास ध्रुव की शहादत को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।पूर्व विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि ध्रुव परिवार ने राष्ट्र के लिए दो बेटों का बलिदान किया है। आमगांव के ध्रुव परिवार के शहीद विनोद ध्रुव मदनवाड़ा हमले में और चन्द्रहास झीरम घाटी हमले में शहीद हो गए थे।

शहीद उद्यान धरसीवां में झीरम में मारे गए लोगों को की पुष्पांजलि अर्पित

■ **शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवा में पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने मरीजों को फल वितरित की**

धरसीवां/नवप्रदेश। झीरम घाटी हमले में शहीद योगेंद्र शर्मा की शहादत दिवस 11वीं बरसी के अवसर पर शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और शहीद उद्यान धरसीवां में स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने नमन किया । साथ ही इस पुष्पांजलि सभा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने अस्पताल परिसर में मरीज और उनके परिजनों को फल वितरण किया।

इस अवसर में पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने नम आखों से योगेंद्र शर्मा जी को याद करते हुए कहा लगातार जनसेवा के माध्यम से धरसीवा की जनता की सेवा करते थे और उन्हीं के कर कमलों में चलकर उनकी ही प्रेरणा से हम जनता की सेवा दिन-रात कर रही हूं।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र छाबड़ा,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष महेश शर्मा,पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी,जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और झीरम घाटी के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया।

चेन स्नेचिंग की 3 वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

आरोपी बुजुर्ग महिलाओं को बनता था अपना शिकार

रायपुर/नव प्रदेश। रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी कुमार पंडित को आखिरकार राजेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल आरोपी द्वारा राजेंद्र नगर इलाके में अकेली बुजुर्ग महिला को देख कर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया जाता था। जिसकी शिकायत रायपुर पुलिस कप्तान संतोष सिंह तक पहुंचते ही तत्काल टीम का गठन कर अज्ञात आरोपियों की पता साजि करने के निर्देश दिए गए जिसमे सफलता प्राप्त करते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना राजेंद्र नगर स्टाफ ने मुखबीर की सुचना के आधार पर आरोपी कुमार पंडित को बैरन बाजार में उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने थाने में पूछताछ के दौरान राजेंद्र नगर इलाके में 3 अलग अलग महिलाओं से चैन स्नेचिंग करना काबुल किया। फिलहाल आरोपी के पास से 3 नाग सोने की चैन पुलिस ने जब्त की है और उसके विरुद्ध थाना राजेंद्र नगर में धरा 356 और 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गोरेगांव स्कूल समर कैंप में बच्चे सीख रहे हुनर

नगरी/नवप्रदेश। समीपस्थ शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव में ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों की शिक्षा और सीखने के स्तर को बनाए रखना तथा उनकी शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्राथमिक/ माध्यमिक शाला गोरेगांव में विगत 20 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में बच्चों को उनके रुचियों के अनुसार कार्य कराया जा रहा है। चित्रकारी, रंगोली पेंटिंग कहानी पठन, रचनात्मक लेखन ,चित्रों में रंग भरना, अंकों का जादू, शब्द पहेली क्विज प्रतियोगिता आदि कार्यों के द्वारा उनके शिक्षा के स्तर में वृद्धि करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान पाठक के पी साहू,चुलेश्वरी पायल शिक्षक चंद्रप्रभा साहू, राकेश कुमार कोसरिया, रूपवती पटेल,एपीएफ शिक्षक सायंती सरकार के द्वारा पालकों को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। डिगेश्वर अटल खाम सहायक प्राध्यापक के द्वारा समर कैंप का अवलोकन किया गया। सभी बच्चों को इस दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से बिस्कुट एवं ग्लूकोन डी दिया जा रहा है। इस समर कैंप के आयोजन से कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव का मानना है ,कि आयोजन से निश्चित रूप से बच्चों को लाभ होगा और अपनी आगामी कक्षा के लिए तैयारी भी होगा। छोटे-छोटे बच्चों को खिलौने और वर्ण, नंबर ,शब्द कार्ड कट आउट आदि के द्वारा अंको का ज्ञान ,शब्दों का ज्ञान कराया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न खेलकूद सिखाया जा रहा है। आज समर कैंप के छठवें दिवस पर सभी बच्चों को दिल्ली सफारी बाल फिल्म दिखलाया गया। इसमें वन्य जीव एवं वनों को कैसे सुरक्षित रखा जाए बतलाया गया।विविध गतिविधियों के साथ समर कैंप का कार्य प्रगति पर है। जो 29 मई तक सतत चलेगा।

झीरम में मारे गए कांग्रेस नेताओं को मैनपुर में दी श्रद्धांजलि

■ **मारे गए कांग्रेस नेताओं की तस्वीर पर पुष्पांजलि व मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि**

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर चौक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आज गुरूवार को शाम 06:30 बजे झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली हमले में शहीद नेताओं और जवानों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रध्दांजली अर्पित की गई, कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजली सभा का आयोजन कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार सहित झीरम घाटी हमले मे शहीद हुए सभी कांग्रेस नेताओं,शहीद जवानों को याद करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई, इस दौरान मोमबत्ती जलाई गई और पुरे नगर सहित क्षेत्रभर से पहुंचे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्पाजंली अर्पित कर श्रध्दांजली दिया ।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि झीरम हमले में शहीद हुए कांग्रेस के नेताओं के योगदान को कभी नही भुलाया जा सकता ।श्री ध्रुव ने कहा हमारे कांग्रेस नेताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाऐगा हम सरकार से पूरजोर मांग करते हैं कि झीरम घाटी के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते हैं।

ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने शहीदों को श्रध्दांजली अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नही जायेगी, झीरम की शहादत को भुल पाना असभंव है कांग्रेस पार्टी ने इस हमले में अपने कई बड़े नेताओं को खो दिये है, आज हम इन शहीद नेताओं के बताए रास्तों पर चलकर कांग्रेस को और अधिक मजबुत करने की जरूरत है।

आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदु नेगी ने कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश में कांग्रेस के कई नेता आज के दिन शहीद हो गए थे उनकी शहादत को याद करने यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हेमसिग नेगी,नीरज ठाकुर,सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर, कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री गुलाम मेमन ने कहा कि आज हम सब को संकल्प लेने की जरूरत है कि कांग्रेस के शहीद हुए नेताओं के बताए रास्तों पर चलकर संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे, यही उनके प्रति सच्ची श्रध्दाजंली होगी।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदू नेगी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज ठाकुर,हेमसिंह नेगी,टीकम कपिल,युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, पूर्व जिला महामंत्री गुलाम मेमन,युवा कांग्रेस नेता तनवीर राजपुत, जनपद सदस्य चंदा बारले, खेलन साहू,नीरा कपिल,सोनू यादव,विरेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक दुबे,लिकेश यादव,पारेश्वर नेगी,सांतू यादव,थानु पटेल,गज्जू यादव,तीव सोनी,मनीष पटेल, रामसिंह नागेश,आरीफ मेमन, इम्तियाज मेमन,हरिश्चंद्र नेगी,पवन पटेल, हरचंद ध्रुव,अफजल खान, बृजलाल सोनवानी, डोमार साहू सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नगरवासी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने किया एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

पिरदा की बारूद फैक्ट्री...

पालन किया जा रहा था जिसकी वजह से शनिवार को फैक्ट्री में यह हादसा हुआ।

तीन घंटे बाद जागा प्रशासन

स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में धमाका तड़के 7 बजकर 30 मिनट में हुआ जिसकी सुचना प्रशासन को तत्काल दे दी गई थी लेकिन जिला प्रशासन और राहत बचाव कार्य की टीम को घटना स्थल पहुँचने में तीन घंटे से ज्यादा समय लग गया जिसके चलते एक घायल मज़दूर जी इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई।

स्थानियों की जुबानी

0 - पिरदा गांव की एक स्थानीय महिला ने बताया की सुबह 6 बजे बेटा ड्यूटी के लिए आया 2 महीने से काम कर रहा है. सुबह ब्लास्ट हुआ हम गांव में रहते हैं सुबह बहुत बड़ा धमाका हुआ. 8 बजे ब्लास्ट हुआ, तीन घंटे के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हुआ - स्थानीय

0 - धमाके से हुए नुक्सान की जानकारी देते हुए एक अन्य स्थानीय ने बताया की धमाके से आसपास के गांवों की बिजली गुल हो गई कई घरों के टीवी और फ्रीज उड़ गए साथ ही कुछ घरों में दरार भी पद गई है - स्थानीय

सड़क को किया ट्रैफिक फ्री

इस घटना के बाद रायपुर ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि बेमेतरा से रायपुर लाए जा रहे घायलों को तुरंत इलाज मिल सके इसके लिए सड़क पर ट्रैफिक फ्री किया गया है ताकि घायलों को अस्पताल तक लाने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो आपको बता दें कि 6 घायल रायपुर के लिए हुए रवाना किए गए हैं 1 घायल ने रास्ते दम तोड़ दिया था।

डिप्टी सीएम साव बोले बहुत बड़ा विस्फोट

बेमेतरा विस्फोट पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने घटना स्थल पहुँच कर मीडिया से बात करते हुए कहा की बोरसी के बारूद फैक्ट्री में हुआ ब्लास्ट बहुत बड़ा और दुखद है प्रशासन की पूरी टीम घटनास्थल पर मौजूद है। ये बहुत बड़ा विस्फोट है, और विस्फोट होने की आशंका है फायर ब्रिगेड के साथ टीम पहुंची हुई है।

जांच के बाद हो पाएगी मृतकों की पहचान

छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी घटना स्थल पहुंचे और मीडिया से मुखातिब होते हुए तत्कालीन स्थिति के बारे में बताया की घायलों का इलाज रायपुर में हो रहा है पूरा प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने में लगा है विस्फोट के बाद मलबे के ढेर की वजह से मृतकों की संख्या की जानकारी नहीं लग पा रही बारुद निर्माण करने वाली कंपनी है अभी स्थति स्पष्ट नहीं है बात चल रही है पूरा प्रशासन मौके पर पहुंचा हुआ है जांच के बाद मृतकों के बारे में पता चलेगा।

खाद्य मंत्री बघेल ने भी जताया दुःख

प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने भी बेमेतरा जिले में हुए भयानक हादसे में दुःख जताते हुए कहा की ये बड़ी दुखद घटना है। पूरे मामले की न्यायिक जांच होगी जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मलबा जब साफहोगा तो मृतकों की संख्या साफ होगी। मलबा अभी अधिकारियों के द्वारा साफ कराया जा रहा है सभी घायलों और मृतक के परिजनों को मुआवजा सरकार की ओर दिया जा रहा है , मृतक के परिवार वालों को पांच लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी घायलों को भी 50 - 50 हजार की मदद दी जा रही है।

छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बेरला विस्फोट में प्रशासन भले ही मृतकों की पुष्टि नहीं कर रहा है लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने सोशल मीडिया एक्स पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने लिखा है- ÷बेमेतरा के बेरला थाना अंतर्गत बोरसी के बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट से 10-12 लोगों के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें।

ज़िम्मेदार कौन ?

0 - बेमेतरा जिले के बोरसी ब्लॉक के गांव पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट फैक्ट्री में हुए धमाके का आखिर ज़िम्मेदार कौन है ? जिन कारणों से संजय चौधरी की इस फैक्ट्री को सील किया गया था उसे 15 दिनों के अंदर ही पुनः शुरू करने के पीछे आखिर किसका दबाव था।

0 - क्या बारूद फैक्ट्री की सहीं समय पर और सहीं तरीके से जांच और निरिक्षण किया जा रहा था ?

0 - क्या वालफेर्ट सिटी और बारूद फैक्ट्री के मालिक चौधरी का रसूख इतना ज़्यादा था जो नियमों की अनदेखी कर वो बड़ी बेपाकि से फैक्ट्री का सञ्चालन कर रहा था साथ ही जिला प्रशासन को महज़ 15 दिनों में उसने घुटनों पर ला दिया था ?

0 - क्या जांच के बाद प्रशासन संजय चौधरी सहित अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई का पाएगी ?

वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी ट्वीट कर संवेदना जताई है। उन्होंने लिखा कि, बेमेतरा के ग्राम पिरदा स्थित बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट की दुःखद घटना का समाचार मिला। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और शोकाकुल परिजनों को इस दुखद समय में धैर्य प्रदान करें।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 10-12 श्रमिकों के असामयिक निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर से मृतात्माओं को सद्गति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। सूचना है कि 3 घंटे तक बचाव दल नहीं पहुंचा है। शासन, प्रशासन बचाव कार्य सुनिश्चित करे एवं पीड़ितों को उचित मुआवजा दे।

6वें चरण में 59 फीसद से..

और कई गणमान्य लोगों ने दिल्ली के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वोट डाले।

अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भारी सुरक्षा व्यवस्था

जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भारी सुरक्षा के बीच 52.28 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला, जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया था। वहां मतदाताओं में लंबे समय बाद संसदीय चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा गया और कई केन्द्रों पर शाम तक मतदाताओं की कतारें देखी गयीं, जिनमें महिलायें भी शामिल थीं।

ये है आयोग के आंकड़े

आयोग के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 53.30, हरियाणा में 58.27, झारखंड में 62.74, दिल्ली में 54.48 और ओडिशा में 60.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। विभिन्न जगहों पर कई मतदान केन्द्रों में सुबह मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल के कुछ मतदान केन्द्रों और जम्मू-कश्मीर में

पश्चिम बंगाल में झड़प

पुंछ क्षेत्र में एकआध स्थान पर कुछ गुटों के बीच हल्की झड़प की घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं को गर्मी से राहत के लिये मतदान केन्द्रों पर शामियानों और पेयजल आदि की सुविधायें प्रदान करायी हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में आदिवासी बहुल झारग्राम इलाके में मतदाताओं के दो गुटों में झड़प हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि मतदान केन्द्र पर मौजूद केन्द्रीय बलों ने उपद्रवियों को खदेड़ा।

गौवंश अभ्यारण्य योजना...

वरन् उनकी उचित देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी। गौवंश अभ्यारण्य पशुधन के लिए उचित रहवासी वातावरण से परिपूर्ण होगा। गौरतलब है कि सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन न केवल यातायात के लिए बाधा बन रहे हैं वरन् आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। भूख से बेहाल पशुधन द्वारा कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक खाने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गौवंश अभ्यारण्य योजना इसे रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम साबित होगी।

33 नक्सलियों ने छोड़े..

के लिए कार्य करने की बात कही है। अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग पर उन्होंने लिखा है कि - माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर जिले के 33 माओवादियों का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया जाना अत्यंत ही सुखद है। इनमें से 3 माओवादी 5-5 लाख के ईनामी हैं।

बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौटे इन माओवादियों का स्वागत है। हमारी सरकार इनके पुनरुत्थान के लिए तत्पर है। इस महत्वपूर्ण कामयाबी के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों को बहुत-बहुत बधाई।

गौरतलब है कि आदिवासी क्षेत्रों में विकास के लिए विष्णु सरकार ने ÷नियद नेल्लानार योजना मतलब आपका अच्छा गांव÷ योजना की शुरुआत की है। जिससे कि गांव में सारी मूलभूत सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं, जो ग्रामीणों के लिए सहायता कैंप की तरह काम कर रही है। इसके साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी नक्सली प्रभावित होकर बंदूक छोड़ रहे हैं। बता दें कि आत्मसमर्पण करने वाले तैंतीस नक्सलियों में 3 नक्सली पांच-पांच लाख के इनामी थे। 2024 में अब तक 189 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। वहीं 109 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

जप्पेमरका और कामकानार जंगल में..

विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार 25 मई की सुबह जप्पेमरका व कामकानार के जंगल में पुलिस पार्टी व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया हैं। वहीं मौके से हथियार, वायरलेस सेट, पिट्ठू, नक्सली वर्दी, दवाइयां, नक्सल संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किये गये हैं। इलाके में अभी सर्चिंग जारी है। पुलिस ने कहा है कि विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी।

टीआरपी गेमिंग जोन में भीषण आग से..

करना मुश्किल हो गया। न्यूज़ एजेंसी के मुताबिक, गेम जोन के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गेम ज़ोन मालिकों के नाम सामने आए हैं। युवराज सिंह सोलंकी, मनविजय सिंह सोलंकी गेम ज़ोन के मालिक, प्रकाश जैन और राहुल राठौड़ गेम ज़ोन के प्रबंधक हैं।

राजकोट पुलिस कमिश्नर राजू भार्गव ने कहा, दोपहर में टीआरपी गेमिंग ज़ोन में आग लग गई। बचाव कार्य जारी है। आग नियंत्रण में है। हम अधिक से अधिक शव निकालने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक, लगभग 20 शव बरामद किए गए हैं और उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पूरा गेमजोन जलकर खाक

इस हादसे में 10 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। गेम ज़ोन में अभी भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। पूरा गेमज़ोन आग से जलकर खाक हो गया। पुलिस कमिश्नर राजीव भार्गव और कलेक्टर आनंद पटेल मौके हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

5 किमी दूर से दिखा धुंए का गुबार

घटना कालावड रोड पर टीआरपी गेम जोन की है. आग लगने के बाद 5 किलोमीटर दूर तक धुंए का गुबार दिखाई दिया. आग लगने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की.

सीएम भूपेंद्र पटेल ने क्या कहा?

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने एक्स पर कहा, राजकोट के गेम जोन में आग की घटना पर नगर निगम और प्रशासन को तुरंत बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं. घायलों के इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है।

फायर स्टेशन अधिकारी ने क्या कहा?

फायर स्टेशन अधिकारी आरए जोबन ने कहा, हम सटीक संख्या के बारे में कुछ नहीं कह सकते। हम दोनों तरफ से शव नीचे ला रहे हैं. तलाशी अभियान जारी है।

इलाज में लापरवाही, लक्ष्मी..

बाद मामले पर संज्ञान लेते हुये सीएमएचओ गरियाबंद ने जांच टीम गठित की। आदिवासी महिला की मौत मामले पर प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। उसके बाद, संचालक लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल छुरा को नोटिस जारी किया गया था।

प्रबंधन ने नोटिस का नहीं दिया जवाब

जारी नोटिस में जवाब की अवधि समाप्त होने के बाद कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद ने निजी हॉस्पिटल को सील बंद का आदेश जारी किया। सीलबन्दी के लिए 7 डॉक्टरों की टीम गठित की गई, जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी भी सम्मिलित रहे।

टीम में ये रहे शामिल

सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पॉल के जारी आदेश के अनुसार प्राथमिक जांच में प्रथम दृष्टिया उक्त अस्पताल की लापरवाही प्रतीत होती मिली, जिसके फलस्वरूप तत्काल अस्पताल को सीलबन्द किया जाता है। सीलबंद की कार्यवाही में डॉ. जीएस ध्रुव, डॉ. एके हुमने, डॉ. हरीश चौहान, डॉ. कीर्तन साहू, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, डॉ. देवेश मिश्रा, डॉ. सोमेश्वर ठाकुर और छुरा थाने के प्रभारी दिलीप मेश्राम, राजस्व तहसीलदार सुश्री सतरूपा साहू, नायब तहसीलदार योगेंद्र देवांगन सम्मिलित रहे।

रफ्तार का कहर : इस मार्ग पर कब..

जान दांव पर लगाने के जैसा है। बड़े वाहन जिस रफ्तार से यहां अंधाधुन दौड़ते हैं उससे हादसों की संभावना हमेशा बनी रहती है। लोगों का कहना है कि जिले में 5 से 6 सीमेंट के प्लांट हैं। मटेरियल लाने और ले जाने के लिए बड़े-बड़े ट्रक यहां से गुजरते हैं। जो कि आम लोगों की जान का दुश्मन बन चुका है। मामले पर स्थानीय लोगों की शिकायत है कि पुलिस ट्रैफिक डिपार्टमेंट और जिला प्रशासन की नाक के नीचे बड़े वाहन तेज रफ्तार से नगर से गुजरते हैं। इस दौरान चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किए जाने से भी हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है। मामले में लोगों का कहना है कि यातायात विभाग अगर सख्ती से नियमों का पालन कराए तो हादसों में कमी आ सकती है, पर इस ओर शासन व प्रशासन दोनों की अनदेखी दिख रही है।

ये है डराने वाले आंकड़े

सड़क हादसों और उससे होने वाली मौतों के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो जिले की सड़कें पूरे प्रदेश में बेहद खतरनाक हैं। साल 2022 में जिले में 578 सड़क दुर्घटनाओं में 283 लोगों की मौत हुई थी। 421 लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए। साल 2023 में 541 सड़क दुर्घटनाओं में 287 लोगों की मौत हुई, वहीं 449 लोग घायल हुए। इस साल जनवरी, फरवरी और मार्च महीने में ही165 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 77 लोगों ने अपनी जान गंवाई है, वहीं 128 लोग घायल हुए जबकि पूरा साल अभी बाकी है। इस तरह बीते 2 साल और 4 महीने में ही जिले में 647 लोगों की मौत हो चुकी है और 998 लोग घायल हुए हैं।

फिर भी नगर को नहीं मिली राहत

नगरवासियों ने मामले पर जानकारी दी कि जनता को भारी वाहनों से राहत देने के लिए ही बाइपास का निर्माण कराया गया है। नगर के बाहर नई सड़क बनने के बाद भी धूल, वाहनों की भारी आवाज और दुर्घटनाओं में कमी नहीं आई है। इसका कारण ये है कि दिन में बाईपास से गाड़ियां गुजरती हैं, वहीं रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक नगर के बीच से ही भारी वहनों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में हर पल लोगों को जान हथेली पर लेकर आना-जाना पड़ता है।

मौके पर गई बाइक सवारों की जान

हाल ही में फिर एक दुखद घटना घटी है। सिमगा थाना इलाके में 2 सगे भाईयों समेत 3 लोगों की जान रफ्तार ने ले ली। पुलिस के मुताबिक लिमतरा के ढेकुना ग्राम में 3 युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे ढेकुना के पास ट्रक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

समर कैंप में बच्चों ने सीखा डांस और योग

धमतरी/नवप्रदेश। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला गोकुलपुर में चल रहे समर कैम्प में बच्चों को शिक्षक गिरीश साहू द्वारा योग व्यायाम, ड्राइंग पेंटिंग गीत संगीत एवं मनप्रीत मैम द्वारा डांस सिखाया गया। नास्ता में बच्चों को इडली सांभर,मीठा में जलेबी एवं केला फल का वितरण किया गया।समर कैम्प का आकस्मिक निरीक्षण बी ई ओ अमित तिवारी एवं बी आर सी सी ललित सिन्हा श्रीमती नविता तिवारी मैम संकुल समन्वयक गोकुलपुर द्वारा किया गया । कार्यक्रम में एस एम सी सदस्य ,प्रधान पाठक एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

पत्रकार के पुत्र की फिल्म का नगर में प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व लक्ष्मण दास किंगरानी के इंजीनियर सुपुत्र दीपक किंगरानी की लिखी फिल्म भैयाजी का प्रदर्शन शहर के सिटी प्लैक्स सिनेमा में चल रहा है। दीपक की शुरू से ही लेखन में रुचि रही है और उनकी लिखने की शैली और रुचि की वजह से उनकी यह छठवीं पटकथा है.। वैसे फिल्म निर्माण मनोज बाजपेयी के साथ वो दूसरी बार.किए है तो वहीं एक बार अक्षय खन्ना जावेद जाफरी जैसे कलाकारों के साथ भी फिल्मों का निर्माण किया है। दीपक किंगरानी की लिखी फिल्म भैयाजी का प्रदर्शन नगर के सिटी फ्लेक्स सिनेमा मे चार शो में चल रहा है।

झीरम घाटी में मारे गए कांग्रेस नेताओं को दी श्रद्धांजलि

धमतरी/नवप्रदेश। 25 मई 2013 के नक्सली हमले में मारे गए नेता नंद कुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन धमतरी में शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उन्होंने हिंसा का विरोध करने की शपथ ली। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, घनश्याम साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, वरिष्ट कांग्रेस नेता रामनाथ यादव, तिलक सोनकर, गेंदलाल साहू, पार्षद दीपक सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष होमेश्वर साहू, सबीना खान, गणेश्वरी कामड़े, विशु देवांगन, पवन यादव, गोस्वामी, सूरज पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

15 साल बाद हो रही बड़े नाले की सफाई

■ मानसून से पहले धमतरी नगर निगम हुआ सक्रिय

धमतरी/नवप्रदेश। कुछ ही दिनों में मानसून आने वाला है। बरसात में धमतरी शहर को गंभीर जल भराव से बचाने के लिए नगर निगम ने सफाई अभियान शुरू किया है। जिसके तहत धमतरी नगर निगम ने शहर के बड़े नालों की सफाई अभियान शुरू कर दी है। 15 साल बाद एनएच30 में बने नालों के स्लैब तोड़कर नाली की सफाई किया जा रहा है।

जलभराव वाले एरिया के नालों की सफाई शुरूः इस अभियान के केंद्र में शहर के वह बड़े नाले और वह इलाके हैं, जहां सबसे ज्यादा जल भराव होता है। इस जल भराव के कारण लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर जाता है। सड़के लबालब हो जाती है और यातायात भी ठप हो जाता है। इस जल भराव के कारण इस जल भराव के उतर जाने के बाद भी लोगों को कई घंटे तक सफाई में समय देना पड़ता है और शहर की एक बड़ी जनसंख्या जल भराव से परेशान होती है।

विरोध का करना पड़ रहा सामना

इस अभियान में नगर निगम के टीम को कहीं-कहीं विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। विरोध इसलिए कि जिन दुकानों के सामने नालों की सफाई हो रही है। उन नालों के ऊपर बने स्ट्रक्चर को भी सफाई के लिए तोड़ना पड़ रहा है। इसी तोड़फोड़ से दुकानदार और व्यापारी कहीं न कहीं नाराज दिख रहे हैं।

करीब 10 सालों बाद नालों का स्लैब उठाकर सफाई कर रहे हैं. लेकिन स्लैब उठाने के दौरान पाइप और स्ट्रक्चर को नुसान पहुंचाया जा रहा है, जो गलत है. - चिराग आथा, व्यापारी

नालों से निकाला जा रहा है मलबाः पुराना बस स्टैंड, आमापारा और देवश्री टॉकीज के आसपास के इलाकों में जेसीबी की मदद से नालों से मलबा निकाला जा रहा है। तीन-चार दिन के अभियान में ही 10 टन से ज्यादा मलमा निकाला जा चुका है। अभी भी अभियान का एक बड़ा हिस्सा बाकी है, जिससे अनुमान है कि और भी मलबा निकलेगा।

उन्होंने स्लैब के ऊपर ढलाई कराई है। अगर नालों की सफाई करनी है, तो इस तरह की स्ट्रक्चर को तोड़े बिना सफाई नहीं की जा सकती। इसलिए यह इस अभियान का अपरिहार्य हिस्सा है.

> जल भराव का मुख्य कारण ड्रेनेज सिस्टम का सही नहीं होना है, लेकिन नालों की सफाई करके काफी हद तक इससे राहत पाई जा सकती है। इसी लिए शहर के नालों की सफाई की जा रही है। नालों की अगर 15 साल बाद सफाई हो रही है तो शहरवासी उम्मीद कर सकते हैं कि आगामी बरसात में पिछली बरसात जैसा जल भराव का संकट सामने नहीं आएगा।
>
> **- शेर खान**
> निगम अधिकारी, धमतरी

नुक्कड़ नाटक से जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश

■ जल जगार उत्सव आयोजित

धमतरी/नवप्रदेश। वर्षा जल का संचयन, पौधारोपण, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई कर भू जल स्तर बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गांवों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सहित बोर स्ट्रक्चर बनाने की समझाइश ग्रामीणों को दी जा रही है। आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम गणेशपुर में आयोजित जल जगार उत्सव में बच्चों ने आकर्षक नृत्य, नुक्कड़ नाटक और परिचर्चा के जरिए उपस्थितों को समझाया कि जल है तो कल है, इसलिए हम सबको पानी का सदुपयोग करना और व्यर्थ में पानी नहीं बहने देना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शन के जरिए यह भी बताया कि ग्रामीण अपने-अपने घरों और आसपास में स्थित जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने, एक व्यक्ति कम से कम एक पौधा का रोपण करने और रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर स्ट्रक्चर इत्यादि बनाये जायें।

विधायक इंद्र साव ने किया सिमगा में अस्पताल का उद्घाटन

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इंद्र साव ने सिमगा में नवीन समृद्धि अस्पताल का उद्घाटन गुरुवार 23 मई को फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक श्री साव ने सिमगा नगर एवं आसपास के लोगों को इस अस्पताल के खुलने पर खुशी जताते हुए बधाई दी। इस अस्पताल का संचालन जिले में रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर के .आर .सोनवानी द्वारा संचालित किया जाएगा।

विधायक श्री साव ने डॉक्टर के. आर. सोनवानी के सरकारी सेवा के दौरान किए गए जन सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉक्टरी पेशे से सोनवानी का एक बड़ा नाम है और इस क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि डॉक्टर सोनवानी ने सिमगा से ही इस पेशे की शुरुआत की थी। उनका इस क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव ही है कि जो जिले में सीएचएमओ जैसे बड़े पद में रहने के बावजूद सिमगा जैसे नगर को अपनी सेवाएं देने हेतु आये है। विधायक श्री साव ने डॉक्टर सोनवानी को क्षेत्र में सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया तथा आशा व्यक्त की है स्पर्धा के इस दौर में यह संस्थान गरीब, मध्यम वर्ग के लोगों की अच्छे से सेवा करने में सफल होगा तथा स्वास्थ्य लाभ के लिए अब लोगों को रायपुर अथवा अन्य शहर जाने की जरूरत कम पड़ेगी। डॉक्टर के .आर .सोनवानी ने कहा कि सिमगा मेरे जीवन काल में सबसे लगाव वाला क्षेत्र रहा है। यहां से ही उन्हें पहचान तथा अपनापन मिला था।

शिक्षकों को दो माह का नहीं मिला वेतन

धमतरी/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारियों को मार्च अप्रैल का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। इसके कारण शिक्षा सेवा प्रदाता आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। उच्च कार्यालय के अधिकारी मौन हैं। शिक्षकों की कमी वाली संस्था में 8000 से 12000 अल्प वेतन पर व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक सेवा प्रदाता की नियुक्ति की गई थी कार्य के नियम ऐसे बनाए गए थे कि प्रत्येक माह को उपस्थिति उच्च कार्यालय द्वारा गणना में पूरी गंभीरता दिखाई देते थे लेकिन वेतन दिलाने में नही ।अभी सेवा प्रदाता का मार्च व अप्रैल 2 माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने पर छ ग व्याख्याता एल बी एवं समस्त संगठन के प्रांत अध्यक्ष व छ ग शिक्षक कांग्रेस उपाध्यक्ष रायपुर लालबहाहादुर साहू को फोन कर वेतन नहीं मिलने की जानकारी दी।

जन प्रतिनिधि का अपमान बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर से शिकायत: विहिप

धमतरी/नवप्रदेश। चुने गए जनप्रतिनिधि से अधिकारी व्दारा बदसलूकी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ विहिप और बजरंग दल ने अधिकारी पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 24 मई को जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव के साथ खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा किये गये दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन ने कहा है कि श्री ध्रुव चैन माउटिंग तथा जेसीबी के द्वारा अवैध रेत उत्खनन किए जाने की शिकायत लेकर खनिज अधिकारी से मुलाकात करने गये थे । जहाँ पर खनिज अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव को धमकाया गया तथा उन्हें अपमानित किया गया और पुलिस बुलाकर ऑफिस से बाहर निकाला गया जो कि एक शर्मनाक बात है। जन प्रतिनिधि जनता के मुद्दे को उठाकर उनका कार्य कराने हेतु सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करते हैं लेकिन कुछ अधिकारी अपनी गलतियों को छुपाने के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। घटना का वीडियो वॉयरल होने पर विश्व हिंदू परिषद को भी घटना की जानकारी हुई। विहिप बजरंग दल पर्यावरण के खिलाफ किये जा रहे गतिविधियों को रोकने के लिए पूर्व में भी कलेक्टर को आवेदन सौंप चुके हैं। लेकिन आज भी अवैध उत्खनन जारी है जिसका संज्ञान जिला पंचायत खूबलाल ध्रुव ने लिया। चूंकि उत्खनन क्षेत्र ध्रुव जी का जिला पंचायत क्षेत्र में आता है।

मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ बारिश के मौसम में खाद्यान्न और जरूरी सामग्री का स्टाक रखने के दिए निर्देश

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल. चौहान की अध्यक्षता में शनिवार 25 मई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर चर्चा कर बचाव व राहत के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत संबंधी तैयारी की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने कहा। उन्होंने कहा कि जिले की प्रमुख नदी शिवनाथ, महानदी एवं जोंक के साथ ही अन्य नदी एवं नालों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव एवं राहत सहित सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यक तैयारी रखें। नगर सेना द्वारा काम से कम 10 नाविक की टीम तैयार रहे। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में सरपंच की अध्यक्षता में टास्क फोर्स टीम का भी गठन करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नगर सेना के तैराक और ग्रामीण स्तर पर चिन्हाकित तैराक की जानकारी रखें। बारिश के समय बिजली की व्यवस्था को भी दुरूस्त रखें। बारिश से पहले नगर में नाली की सफाई व ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित किया जाए। शाहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। पुराने व जर्जर मकानों तथा पेडों का चिन्हांकन भी करें ताकि गिरने से पहले ही आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। तहसीलों में वर्षा मापी यंत्र को सक्रिय करने तथा जिला एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बार क्षेत्र के पहुंच विहीन पीडीएस दुकानों में राशन भंडारण पूरा करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत और फसल क्षति की राशि को तत्काल स्वीकृत कर संबंधित लाभार्थियों को दिलवाया जाए।

न्यायालय तहसीलदार खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

प.ह.नं. 29, ग्राम खपरीडीह खुर्द

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक श्री शेषदास गुरूगोसाई पिता स्व. सुखनंदन दास गुरूगोसाई निवासी ग्राम खपरीडीह खुर्द तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 12 रकबा 28.34 एकड़ तथा ख.नं. 87 रकबा 6.23 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेख में चकबंदी/जमाबंदी वर्ष 1936 से 1946 तक आवेदक के दादा स्व. अतलब दास गुरूगोसाई पिता अजबदास गुरूगोसाई के नाम पर दर्ज चला आ रहा था तथा ख.नं. 12/13, 12/4 रकबा 0.19, 0.70 डिसमिल भूमि वर्ष 1954-55 में जमाबंदी में त्रुटिवश केजऊ पिता नारायण का नाम दर्ज हो गया है। परंतु वर्तमान राजस्व अभिलेख में ख.नं. 12/13 रकबा 0.19 डि. जेठूराम पिता केजूराम तथा ख.नं. 12/4 रकबा 0.70 डि. परसराम , मोहन पिता डेरहाराम के नम पर त्रुटिवश दर्ज हो गया है। आवेदक उक्त ख.नं. 12/12, 12/13 का रकबा 60+40=1.00 एकड़ व ख.नं. 87/2 रकबा 0.44 डि. कुल खसरा 02 रकबा 1.44 एकड़ भूमि आवेदक की पैतृक भूमि है। जिसमे आवेदक के दादा, बाबा, पिता एवं स्वयं आवेदक वैध वारिसान हैं, आवेदित भूमि को अनावेदकगणों के दादा सुधाराम लोहारा के पास विक्रय नहीं किया गया था। परंतु आवेदित भूमि अचानक से त्रुटिवश सुधाराम पिता देवनाथ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि ख.नं. 12/12 व 12/13 का रकबा 60+40 = 1.00 एकड़ व ख.नं. 87/2 रकबा 0.44 डि. कुल खसरा 02 रकबा 1.44 एकड़ भूमि वर्तमान में दर्ज अनावेदकगण व उनके पिता स्व. पंचराम, राधेश्याम, रामअवतार पिता नान्हू तथा पुरानू पिता सुधाराम लोहार, जेठूराम पिता केजूराम तथा ख.नं. 12/4 द्भद्य4द्द 0.70 डि. परसराम, मोहन पिता डेरहाराम के नाम को विलोपित कर आवेदक अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु तथा राजस्व अभिलेख एवं आनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किए जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तिल्दा नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त आवेदन के संबंध में प्रतिवेदन नियत दिनांक 10/06/2024 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सील

तहसीलदार
खरोरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

हुनरमंद हो रहे हैं बच्चे समर कैंप में

भटगाव/नवप्रदेश। विकास खण्ड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला पीपर भवना (ग)और संकुल केंद्र दुरुग में आने वाले सभी P/S ,M/S, HSS स्कूल के सभी बच्चे आते हैं और मिलकर संकुल केंद्र दुरूग में समर कैंप में सभी शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित होकर बच्चों को सीखा रहे हैं। जिसमें TLM निर्माण ,मिट्टी के खिलौने,रंगोली,नित्य,गीत,कविता, गायन वादन, निबंध, लेखन, हस्तशिल्प, खेलकूद, पेंटिंग, कराटे, फुगड़ी, भंवरा, बाटी,मेहंदी, कपड़े से गुड़िया बनाना, चित्रकला, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में शिक्षकों द्वारा जरूरतों की समान और बच्चों के लिए सुबह के नास्ता, ठंडा,का व्यवस्था किया गया है बच्चें उत्साह के साथ समर कैंप में भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से HSS दुरुग स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कमला रानी डहरिया , दिनेश कुमार डहरिया(प्रधान पाठक)P/S दुरुग, अरविंद खूटे दुरुग,श्रीमती भारत माता खटकर (प्रधान पाठक) P/S पीपर भवना (ग),श्रीमती फूलकुमारी निराला(शिक्षिका)P/S धनोरा, धनेश राम (लेक्चरर) HSS दुरुग, अघोरीलाल चौहान(बाबू)HSS दुरुग, कैलाश टंडन(पीयून)HSS दुरुग, आदि सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।समर कैंप में आज मेहंदी कार्य और कागज से बने खिलौनों के लिए इस तरह की गतिविधि के लिए सराहना किए।

कलेक्टर ने मतगणना की तैयारी का लिया जायजा

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने शुक्रवार को नवीन मण्डी परिसर स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना टेबल और जाली घेरा के बीच करीब एक फीट की दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। तीनों विधानसभा के मतगणना कक्ष में कूलर व एक्झास्ट लगाने कहा। मतगणना कक्ष में एआरओ एवं एएआरओ की अलग -अलग बैठक व्यवस्था, कम्प्यूटर सिस्टम एवं फ़ोटो कॉपी मशीन के लिए भी उपयुक्त स्थान चयन करने कहा। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना हाल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल एवं कैमरा ले जा सकते हैं।

STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
Bhilai Steel Plant
Bhilai- Dist. Durg, Chhattisgarh, India 490001

NIT NO. CCNW/PR1130023555/EP 2024300007, dtd-21.05.2024
Name of the Work : TENDER/AUCTION OF SHOPS/ PLOTS IN BSP TOWNSHIP FOR ALLOTMENT ON LICENSE BASIS

Bid Document Download Start date & time	: 22.05.2024, 16:00:00
Bid Document Download End Date & time	: 13.06.2024, 11:00:00
Bid Submission Closing Date & Time	: 13.06.2024, 13:00:00
Bids Opening Date & Time	: 14.06.2024 after 11:00:00

All details of the Tender/Auction With Details of Shops/Plots, terms and Conditions Notice Inviting Tender and Instructions to Bidders, Bidding & Eligibility, Conditions and Main Terms And Conditions, EMD etc. are mentioned in Tender Documents. Tender Documents can be downloaded through SAIL Website www.sailtenders.co.in and Bidder can also Contact Tender Opening Cell Department. Ground Floor, Ispat Bhawan, Bhilai Steel Plant, Bhilai Between 3.00 PM to 5.00 PM (Except Sunday & Holiday) for soft copy of Tender Document - **GM I/c (Contract Cell-Non Works) Advt No. BSP-04/24-25, Dt. 25.05.2024**

Registered Office : Ispat Bhawan, Lodi Road, New Delhi 110003
Corporate identity Number : L27109DL1973GOI006454-Website: www.sail.co.in

There's a little bit of SAIL in everybody's life

UCO BANK
अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, २००२ के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर 28.06.2024 को 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी के 2 घंटे पूर्व सुनिश्चित की गई है। ई-नीलामी की तिथि व समय- 28.06.2024 को सुबह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
01	Telibandha (1835) Vikram Singh (8149557672)	श्री विनोद खेमानी पुत्र- जैसराम खेमानी	₹ 51.22 लाख / सांकेतिक कब्जा	18.01.2024 / 28.03.2024	संपत्ति के मालिकः श्री विनोद खेमानी पुत्र- आर. जैसराम खेमानी, संपत्ति का विवरण- ख.नं. 462/1(पी), प.ह.नं. 113, प्लॉट नं. पी-4, वार्ड नं. 28, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर स्थित संपत्ति में 1500 वर्ग फुट का भूखंड व भूतल पर 1120 वर्ग फुट, पहली मंजिल, 1250 वर्ग फुट की दो मंजिला पर शामिल आरसीसी फ्रेम संरचना।	6673000/- / 667300/- / 25000/-
02	Krishak Nagar Branch (1794) Mukesh Kumar 95079 96706	मेसर्स आरएसडी ट्रैक्टर एण्ड इम्प्लिमेंट्स	₹ 52.39 लाख / सांकेतिक कब्जा	27.02.2024 / 01.05.2024	संपत्ति के मालिकः श्रीमती अनिता बिजरोनिया पत्नी- श्री बालकृष्ण बिजरोनिया, संपत्ति का विवरण- ख.नं. 887/2, प.ह.नं. 74/13, ग्राम- कुरूद, मंदिर हसौद, रायपुर, तहसील- आरंग एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)	9039000/- / 903900/- / 25000/-
03	Tri Junction Branch (1005) Pradeep Barla 9619758871 7977773249	श्री ओम प्रकाश मिश्रा	₹ 32.02 लाख / सांकेतिक कब्जा	21.01.2024 / 26.03.2024	संपत्ति के मालिकः स्व. आनंद मिश्रा पुत्र- स्व. धनुष धारी मिश्रा, संपत्ति का विवरण- ख.नं. 411/23, गली नं. 13, आशीष नगर, पूर्व रिसाली, भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 2400 वर्गफुट में स्थित प्लॉट नं 8/B।	5855000/- / 585500/- / 25000/-

ई-नीलामी तिथि एवं समयः 28.06.2024, सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 25.06.2024

यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 30 दिनों की नोटिस भी है।

दिनांक : 25.05.2024 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

वैज्ञानिक विधि से तालाबों के संरक्षण की पहल

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत के गांधी सागर, माता तालाब, केकराल तालाब, गुढ़ियारी तालाब को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन कराया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य तालाबों को गहरा करने और तालाबों से गाद हटाने की आवश्यकता निर्धारित करने का है। इसकेअभियान चलाया जा रहा है। यह अध्ययन नम्रता गांधी कलेक्टर, जिला- धमतरी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी चंदन शर्मा, उपअभियंता झनक लाल उइके, के निरीक्षण में किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. डी.सी. झारिया कर रहे हैं। इस टीम में सीनियर रिसर्च फेलो मयंक श्रीवास्तव के साथ एम.टेक. छात्र गौरव देव, तेजस्वी देवांगन और इंटर्न निहाल महत शामिल हैं ।

खसरा विहीन नक्शा सुधार के लिए चलेगा अभियान

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल.चौहान ने शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार आर आई एवं पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और उन्होंने खसरा संकलन में शेष तथा खसरा विहीन नक्शा वाले जमीन का नक्शा सुधार के लिए अगले महीने से अभियान चलाने के निर्देश भी दिया ।

कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद राजस्व के कार्यों में तेज गति से कार्यवाही के लिए सभी मानसिक रूप से तैयार रहें। सबसे पहले त्रुटि पूर्ण नक्शा बटांकन का संकलन कर सुधार करने का कार्य करना है। इसमे सोनाखान,पलारी और कसडोल तहसील में ज्यादा नक्शा विहीन खसरे हैं। उन्होंने कहा कि आर आई व पटवारी आपस मे समन्वय बनाकर इस कार्य को समय पर पूरा करने का लक्ष्य बनाएं। जिन हल्का पटवारी के यहां नक्शा विहीन खसरे कम है वे जहां ज्यादा लंबित है उस हल्का पटवारी का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विशेष रुचि व लगन से करें। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सीमांकन के प्रकरणों का भी निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि खसरा अपडेशन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और संबंधित पर कार्यवाही भी होगी।

न्यूज गैलरी

रोड खराब करने पर नाराजगी जताई उपमुख्यमंत्री ने

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अपने एक दिवसीय रेंगाखार प्रवास पर जा रहे थे । रास्ते मे बिजली खंभे को ट्रैक्टर से रोड में घसीटते हुए ले जा रहे थे जिससे पूरा रोड खराब हो रहा था जिसको देखते ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने अपना काफिला रुकवा कर ठेकेदारों के कर्मचारियों से बात चीत की और बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर निर्देशित किया अपने सुविधा के लिए सड़को को नुकसान पहुंचाते हुए इस तरह खम्बे का परिवहन उचित नही है । भविष्य में विभाग ध्यान रखे खम्भे का परिवहन उचित साधन से करे व नए बिजली पोल जहाँ भी लगाए जा रहे है उसकी मजबूती का ध्यान रखे बारबार खम्भे के हिलने गिरने की समस्या से बिजली बाधित नही होना चाहिए । जो भी कार्य है गुणवत्तापूर्ण होना सुनिश्चित करें ।

पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से हटा दिए गए 3 ट्रैफिक सिग्नल

राजिम/नवप्रदेश। धर्मनगरी राजिम में ट्रैफिक समस्या से निजात देने के लिये छत्तीसगढ़ शासन ने लाखों रुपया खर्च कर चौराहे के चारों किनारे ट्रैफिक खंभा खड़ा कर दिए थे। इन खम्भे में से तीन खंभे हटा दिए गए हैं और मात्र एक खंभे दिखाई दे रहे हैं। यह खंभा राजीवलोचन मंदिर पहुंचने के मार्ग की ओर खड़ा है। बाकी गरियाबंद देवभोग मार्ग की ओर लगे हुए खंभे कब के हटा दिए गए है। इसी तरह से ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर जाने वाले मार्ग पर भी खंभे लगाए गए थे इनका अता पता नहीं है अर्थात बहुत पहले से इन्हें हटा दिया गया है। तीसरी खंभा राजधानी रायपुर जाने वाले सड़क मार्ग की ओर खड़े थे। इनका कुछ पुर्जा टूटा हुआ दिखाई दे रहा है। अर्थात यह खंभा से कोई बड़ी गाड़ियां आकर टकराए होंगे जिसके कारण यह टूट गया। इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि सड़क संकरा है तो फिर ट्रैफिक सिग्नल क्यों लगाया गया। ज्ञातव्य हो कि राजधानी रायपुर से देवभोग जाने वाले तमाम छोटी-बड़ी गाड़ियां तथा महासमुंद की ओर जाने वाले लोडिंग बड़े वाहन इसी मार्ग से होकर आवागमन करते हैं। शहर के अंदरूनी भागों से होकर ही सारी गाड़ियां दूसरे शहर की ओर प्रस्थान करती है।

निनवा स्कूल में समर कैंप का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश।प्राथमिक शाला निनवा संकुल केंद्र निनवा विकासखंड बेमेतरा में 5 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस समर कैंप में बच्चें विभिन्न प्रकार के जानवरों की मुखौटे बनाने सीखें, कागज की टोपी व अन्य कलाकृतियां बच्चें बहुत ही खुशी के साथ बनाना सीखें। इस अवसर पर प्रथम दिवस संकुल समन्वयक निनवा आकाश सोनी के द्वारा बच्चों को ट्रॉफी वितरण किया गया, जिससे बच्चें बहुत खुश थे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक सरिता मानिकपुरी, कामिनी मंडावी, खेलावन मिरचंदे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

नवागढ़ ब्लॉक के लिए राशि आबंटित नहीं की गई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखकर नवागढ़ ब्लॉक के किसानों को फसल क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया कि माह फरवरी-मार्च में हुई असमय बारिश एवं ओला वृष्टि से नवागढ़ विधानसभा के किसानों की राज्य सरकार द्वारा फसल क्षतिपूर्ति के लिए जारी फसल को व्यापक क्षति हुई है, राशि का आबंटन 15 मई को कलेक्टर बेमेतरा द्वारा तहसीलदारों को जारी किया गया है। जिसमें नवागढ़ ब्लॉक के लिए राशि आबंटित नही की गई है इससे ब्लॉक के बड़ी संख्या में किसान क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित हो गए हैं। बंजारे ने राजस्व मंत्री से मांग किया है कि किसानों को तत्काल फसल क्षति की राशि दिलाते हुए उन्हें खरीफ फसल की तैयारी में सहयोग प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी-मार्च में हुई बारिश से नवागढ़ विधानसभा में चना, गेंहू, तिवरा की फसल के साथ-साथ धनिया मसूर को नुकसान हुआ था।मार्च महीने में कृषि विभाग की टीम बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मौके का निरीक्षण करने खेत तक पहुंची थी। हाल में कलेक्टर ने जो राशि जारी की है उसमें नवागढ़ ब्लाक का नाम नहीं था।

भोरमदेव अभ्यारण में किया गया द्वितीय पूनम अवलोकन

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रत्येक माह पूर्णिमा की तिथि पर संपूर्ण कर्मचारी वन मंडल अधिकारी से लेकर वनरक्षक एवं चौकीदार स्तर तक के कर्मचारी अधिकारी अभ्यारण्य के वन क्षेत्र में पैदल गस्ती पूरी रात करेंगे। पूनम अवलोकन की इस परिपाटी का शुभारंभ 23 अप्रैल की रात्रि से किया गया था। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस माह की पूर्णिमा 23 मई 2024 को भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया गया।अभयारण्य क्षेत्र में रात्रि गस्त करने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए कुल 18 दल का गठन किया गया था। प्रत्येक दल के लिए पृथक पृथक गस्ती मार्ग का भी निर्धारण पूर्व से ही कर लिया गया था जिससे की संपूर्ण अभयारण्य क्षेत्र का एक साथ अवलोकन किया जा सके। प्रत्येक दल में न्यूनतम 5 सदस्य रखे गए थे। प्रत्येक दल के द्वारा 15 से 25 किलोमीटर तक की पैदल गस्ती रात्रि 8ः00 बजे से सुबह 4ः00 बजे के मध्य की गई है। विभिन्न दलों को रात्रि गस्त के दौरान गौर, भालू, उल्लू खरगोश गौर तेंदुआ सांप पाम सिवेट चीतल आदि वन्य प्राणी वन क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। पूनम अवलोकन का उद्देश्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ एक साथ पूरे अभ्यारण में गस्त करने से वन्य प्राणियों पर निगरानी रखना है।

स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम अभियान के तहत 579 गांवों में सरकार देगी दस्तक

बीजापुर/नवप्रदेश। शिक्षा को जन आंदोलन बनाने के लिए बस्तर जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरु की है। बीजापुर कलेक्टर ने स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम- अभियान की शुरुआत की है. अभियान के तहत शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारी तीन नगरीय निकायों के 579 गांव में दस्तक देंगे। गांव में दस्तक देने का मकसद होगा ऐसे बच्चों की पहचान करना जो स्कूल छोड़ चुके हैं।

बच्चों को दोबारा स्कूल लाने के लिए ये पहल शुरु की गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए 624 सर्वे दल का गठन किया जाएगा. सर्वे दल के लोग गांव गांव जाकर ऐसे बच्चों की जानकारी जुटाएंगे जो स्कूल छोड़ चुके हैं। स्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम अभियान की शुरुआतः अभियान की शुरुआत करते हुए कलेक्टर ने सर्वे दल के लोगों से कहा कि बच्चों को अच्छी और रोजगार परक शिक्षा मिले इसके लिए आप सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी. शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा के सागर से जोड़ने के लिए आपको मैदान में उतरना होगा. हमारी कोशिश है कि बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छा माहौल दिया जाए. साकारात्मक प्रयास किया जाए. ये अभियान एक दिन सबके लिए मिसाल बनेगा। बच्चों की शिक्षा में जो बाधा बन रहे है उसे हमे दूर करना है. शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है. शिक्षा के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है. रंग लाएगा अभियान नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में स्कूल चले अभियान जिसे स्थानीय भाषा में ःस्कूल वेंडे वर्राट पन्डूम कहा जाता है जरुर रंग लाएगा. नक्सलवाद के दंश के चलते बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं. सरकार की ये पहल काबिले तारीफ है।

> बच्चों को शिक्षा से जोड़ना हमारा काम है. सब मिलकर अगर मेहनत करेंगे तो स्कूल वेंडे वर्राट पडूम महाअभियान जरूर सफल होगा. बच्चे जो स्कूल छोड़ चुके हैं वो फिर स्कूल के कैंपस में नजर आएंगे।
> **अनुराग पांडेय, कलेक्टर, बीजापुर**

बेरला जनपद के अध्यक्ष पद पर अंजनी और यामिनी सुरेश उपाध्यक्ष निर्वाचित

कहीं नजर ही नहीं आई कांग्रेस

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजनीतिक लिहाज से कहा जाए तो बेरला जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव राजनीति में दखल देंने वालो के लिए एक तरफ से प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। जिसके चलते ही पर्याप्त जनपद सदस्यों की बहुमत होने के बावजूद भी एक बार निर्वाचन की प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा 24 मई को बेरला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन के लिए नियत की गई थी, जिसके चलते निर्धारित समय पर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई।

अंजनी कुमार चन्देल को मिले 18 मत - जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित अंजनी कुमार चन्देल और भाजपा के ही चंद्रिका बाई वर्मा दोनो ने अपनी उम्मीदवारी बताते हुए नामांकन भरा था, परिणाम स्वरूप 25 जनपद सदस्यों वाली जनपद पंचायत में अंजनी कुमार चन्देल को 18 मत प्राप्त हुए, जबकि चंद्रिका बाई वर्मा को महज 7 मत ही मिल पाएं। जिसके चलते अंजनी कुमार को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए लगभग स्थिति इसी तरह से बनी रही।यामिनी वैष्णव को 16 मत प्राप्त हुएं, वही सरस्वती साहू को 6 मत प्राप्त हुए, तीन मत को अवैध घोषित कर दिया गया, बहरहाल निर्वाचन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पिंकी मनहर ने विजयी के नाम घोषित कर दिया।

कही नजर ही नहीं आई कांग्रेस - जनपद पंचायत बेरला में इससे पहले कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष थे, जिनको अविश्वास प्रस्ताव के चलते अपना पद गवाना पड़ा था, किंतु आज के इस मतदान में कांग्रेस तो कही नजर नहीं आई, वही भाजपा दो गुटों में बंटकर आमने सामने ताल ठोकते हुए नजर अवश्य आये। इससे पहले यह बताना लाजमी होगा कि पूर्व में भी निर्वाचन के लिए तिथि जिला प्रशासन के द्वारा घोषित किया गया था, भाजपा के अंदुरनी लड़ाई के चलते यह प्रकिया स्थगित कर दिया गया था।इस बीच कई तरह के समीकरण बनते और बिगड़ते रहे किंतु अध्यक्ष पद के लिए प्रीतम चन्देल के दावेदारी को प्रभावित नहीं कर सके। जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर - निर्वाचन परिणाम घोषित के बाद समर्थकों में जैसे ही प्रीतम चन्देल व यामिनी वैष्णव व सभी जनपद सदस्य बाहर निकले जय श्रीराम, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से हाल गूंजता रहा, समर्थकों ने फूल माला पहनाकर व पटाखा फोड़ के जश्न मनाना शुरू कर दिया। वही प्रीतम चन्देल व यामिनी वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीत सभी की जीत है और हमारा काम सभी को एक साथ लेकर बचे हुए दिन में जनहित कार्य को तेजी लाकर लोगों की जनसेवा करना है। जीत के बाद नगर में विराजमान भगवान बजरंग बली के आशिर्वाद लेने अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्य व समर्थक पहुँचे, उसके बाद प्रीतम चन्देल अपने कुल देवता सिंवार में विराजमान साथ ही क्षेत्र के ग्राम परपोड़ा में स्थित लटटी बाबा आशिर्वाद लेने पहुँचे, जहाँ ग्राम परपोड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

धन्य है छग की भूमि जहां मां कौशल्या ने जन्म लिया : जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य

नवागढ़/नवप्रदेश।धर्मसभा समिति नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ प्रांगण में हुआ। जिसमें चित्रकूटधाम हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ने कहा कि केवल देशों में भारत देश को माँ का दर्जा मिला है तो वैसे ही प्रदेशों में छत्तीसगढ़ को महतारी से सम्बोधित किया जाता है। इसलिए छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है जहां मां कौशल्या ने जन्म लिया और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। जगतगुरु ने कहा कि आज लोग जगह-जगह कथा सुनकर धर्म को जानना चाहते है लेकिन धर्म के मार्ग पर कोई चलना नहीं चाहता, क्योंकि धर्म की थोड़ी कठिन है। उन्होंने कहा कि यदि लोग धर्म के रास्ते को अपना ले तो अपने आप ही सृष्टि से अधर्म का विनाश हो जाएगा।

सनातन धर्म में नारी को कहा जाता है देवी-उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नारी का विशेष सम्मान है, उसे देवी की उपाधि दी गई है। क्योंकि नारियों की प्रवृत्ति सदैव देने की होती है, इसलिए उसे देवी कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने पत्नी के साथ तपस्या की तो श्री राम का जन्म हुआ था। पत्नी का दंपति धर्म यदि जीवन में साथ रहता है तो मनुष्य के मन में श्री राम का जन्म होता है। राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या को जब पति और पुत्र में से एक को चयन करने की बात आई, तो उन्होंने दुखी पति के साथ रहना स्वीकार किया। श्री राम को वनवास के लिए त्याग दिया था। नारी को सदैव पति के दुख में साथ देना चाहिए।

सुख में करे राम को स्मरण-जगतगुरु ने कहा कि अहंकार, काम, क्रोध, मोह टूटने से जीवन में सफलता मिलती है। यदि हम सुख में राम का स्मरण करे तो दुख कभी नहीं आएगा। धर्म के मार्ग पर चलने वाले का सदैव कल्याण होता है।

मनुष्य जीवन में यदि सफलता प्राप्त करनी है तो निंदा का अपराध करने से बचना चाहिए। श्री राम इच्छा को स्वीकार करना मनुष्य का कर्तव्य है।

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट का अवैध नामांतरण निरस्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सनातन हिन्दू धर्म समाज बेमेतरा के द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि आज से 9 माह पूर्व समिति के सदस्यों को जानकारी हुई थी कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच महामारी में विश्व कोरोना से जूझ रहा था, उस बीच विधर्मी, व्यापारी, नेता एवं अधिकारी प्रभु श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि खसरा नंबर 508 रकबा 1.77 हेक्टेयर भूमि को विधिवत दर्शाते हुये अवैध क्षेत्राधिकार विहीन एवं अधिकारिता रहित आदेश पारित करते हुये अदला बदली के पंजीयन के लिये अनुमति प्रदान कर अवैध रूप से नामांतरण करा दिया गया था। आज तहसीलदार ने श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि का नामांतरण अवैध तरीके से होने के कारण नामांतरण को निरस्त कर दिया है। सनातन हिन्दू समाज के नामांतरण निरस्त होने पर सत्य की जीत बताते हुये कलेक्टर रणबीर शर्मा से भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिसमें परस वैष्णव, महेश राजपूत, विजय सुखवानी, आदित्य सिंह राजपूत, सुश्री नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, शेखर राजपूत, नीलू राजपूत, दीपक दुबे, राजीव लोचन श्रीवास्तव, योगेश राजपूत, मैंडी धीवर, ममता ग्वालवंशी, विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, लाला (प्रवीण) ठाकुर, विजय ठाकुर, दुलिचंद मुंड्डा, सुरेश पटेल, अधम साहू, विकास तम्बोली की भूमिका अहम रही। वहीं यह संघर्ष जारी रहेगा - इसी क्रम में खसरा नंबर 490, 491 में पक्की सड़क का लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध निर्माण करने एवं तत्कालीन विधायक के रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने हेतु किसानों को आस-पास की भूमि विक्रय करने हेतु दबाव बनाया गया।

सांसद पांडे पहुँचे शिवमहापुराण कथा स्थल, समिति के सदस्यों से की चर्चा

0 कलश यात्रा,भोजन व्यवस्था और श्रमदान में पटेल समाज निभाएगी विशेष भूमिका

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश।18 जून से 24 जून तक गंडई से पंडरिया पहुच मार्ग में स्थित स्वामी आत्मानन्द स्कूल से लगे हुए गोंडवाना मैदान में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित प्रदीप मिश्रा लाखो शिवभक्तों को शिव महापुराण की कथा का रस पान कराएंगे।लाखो की भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा इसे लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां किया जा रहा है इसी कड़ी में पटेल समाज का भरपूर योगदान प्राप्त करने समिति ने बैठक का आयोजन किया बैठक पटेल समाज के नवनिर्मित भवन जो शासकीय शराब दुकान जाने के मार्ग में स्थित है में दोपहर 02 बजे सम्पन्न हुआ।बैठक के दौरान समिति के खम्हन ताम्रकर ने पटेल समाज के प्रमुखों के साथ संवाद करते कहा कि क्षेत्र में पटेल समाज की बहोत बड़ी जनसंख्या है पटेल समाज संगठित समाज है और बड़े बड़े आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पादित कर चुकी है आप सब सामाजिक बन्धुओ का शिवमहापुराण कार्यक्रम में भागीदारी आवश्यक है हम सबका प्रयास है कि हर समाज हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जोड़े।शिवमहापुराण का उक्त कार्यक्रम हम सभी के लिए गर्व की बात है ऐसे में पटेल समाज की भूमिका महत्वपूर्व है पटेल समाज 03 मुख्य बिन्दुओ में कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकती है दिनांक 17 जून को कलश यात्रा निकाली जानी है जिसमे पटेल समाज की महिलाएं भाग ले कर इस कलश यात्रा को भव्यता दे सकती है दूसरा भोजन भंडारे में समाज अपना पूरा योगदान दे कर हर दिन लाखो भक्तों की सेवा में अपना योगदान दे सकते है और तीसरा सबसे महत्वपूर्ण योगदान श्रमदान है इस प्रकार आप सब की सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पायेगा हालाकि हमे सभी वर्गों का पूरा सहयोग मिल रहा है आप सब का सहयोग भी महत्वपूर्ण है।बैठक के दौरान पटेल समाज के प्रमुखों ने कार्यक्रम में हर प्रकार से भरपूर सहयोग देने की बात कही ।

किसान के ट्रैक्टर ट्राली को चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। किसान के कोठार मे रखे टेक्टर ट्राली को चोरी करने वाले आरोपियों को ठेलकाडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । ठेलकाडीह थाने मे प्रार्थी हरदयाल सिन्हा शिकारीटोला ने मामला दर्ज कराते बताया था कि शिकारीटोला मे खेती किसानी का काम करता है । एक माह पहले ही उसने टेक्टर ट्राली छुईखदान से खरीदकर उसका उपयोग किसानी कार्य मे करता था । टेक्टर ट्राली को काम के बाद रोज वह अपने कोठार मे खड़ी करता था । कोठार को चारो तरफ से तार एवं जाली से घेराबंदी कर लोहे के दरवाजे लगाए गए थे । 20 मई को भी काम के बाद टेक्टर ट्राली को कोठार मे खड़ी कर घर चला गया था । दूसरे दिन सुबह 21 मई को कोठार पहुँचने पर टेक्टर ट्राली गायब था । जिसका आसपास पता करने पर पता नही चला । अज्ञात चोरो द्वारा कोठार मे घुसकर टेक्टर ट्राली को चोरी करने की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू की । ठेलकाडीह थाना प्रभारी धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा पता तलाशी अभियान के तहत सूचना के बाद आरोपी मोतीलाल वर्मा 28 वर्ष शिकारी टोला, हेमंत सेन 24 वर्ष को लेकर हिरासत मे लेकर पूछताछ मे उन्होने टेक्टर ट्राली को चोरी करना स्वीकार किया।

विभागीय लापरवाही, करंट लगने के कारण 20 फीट ऊंचाई से गिरे कर्मी की मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते मरम्मत और रखरखाव कार्य के दौरान करंट लगकर ट्रांसफार्मर से गिरने के चलते ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई । कार्य के दौरान मौके पर विभाग के ए ई भी मौजूद थे । इसके बाद भी विभाग की लापरवाही के चलते बिजली लाइन बंद होने का हवाला देकर ठेका कर्मी को ट्रांसफार्मर पर काम करने चढ़ाया गया था । ट्रांसफार्मर मे चढ़े ठेका कर्मी को इसकी भनक नही थी । ट्रांसफार्मर मे आई शहर की तीन लाइन मे से एक लाइन चालू रह गई थी । 11 केवी लाइन के चपेट मे आने से ठेकाकर्मी संतोष मंडावी पिता कांशी राम ग्राम सिवनी चंगुर्दा की 20 फिट ऊंचाई से गिरने से मौके पर ही मौत हो गई ।

शहर के रश्मिदेवी कालोनी, इंद्रलोक सिटी, पिपरिया, अटल आवास सहित कालेज फीडर मे शनिवार को बिजली लाइन मे मरम्मत और रखरखाव के लिए सुबह 9 बजे से लाइन बंद रखी गई थी । इसी दौरान कलेक्टर बंगले के सामने स्थित ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही थी । मौके पर बिजली विभाग के एई एस के सोनी सहित विभागीय और ठेका कर्मी भी मौजूद थे । लाइन बंद होने का हवाला देकर मृतक ठेकाकर्मी संतोष को ट्रांसफार्मर मे चढ़ाया गया । इस दौरान दो क्षेत्रों की लाइन तो बंद थी लेकिन एक लाइन बंद नही की गई थी । लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारी ने लाइन बंद होने का हवाला दिया और काम शुरू करवाया था । लाइन चालू होने के चलते ट्रांसफार्मर मे 20 फीट ऊपर चढ़े संतोष अचानक चालू लाइन की चपेट मे आ गया ।

शहीद कांग्रेस नेताओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा वर्ष 2013 में पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी जिसे आज ही के दिन 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में शीर्ष नेताओं के काफिलें पर नक्सलियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग से छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की शहादत हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 मई शनिवार को स्थानीय कामठी लाइन स्थित कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर झीरम घाटी के शहीद नेताओं के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा प्रदेश के विकास में इनके अमूल्य योगदान को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार, शहीद अलानूर भिंडसरा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में झीरम घाटी में हुए शहीद कांग्रेसी नेताओं की याद करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने झीरम के वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाएं। तत्पश्चात स्व. नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व. उदय मुदलियार, स्व. अलानूर भिंडसरा के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

कई वार्डो में सफाई व्यवस्था चरमराई, निवासी त्रस्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका सीमा क्षेत्र अंतर्गत नगर के कई वार्डो में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सफाई कर्मी नालियों की सफाई के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे नालियां गंदगी से बज बजा रही है। वार्डो में सफाई व्यवस्था ठप होने की वजह से मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसी तरह कई स्थानों में चैंबर का खुला छोड़ दिया गया है। यह पालिका प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 14 में आम रास्ते में खुला चैंबर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वार्ड के नालियों की सफाई के लिए कि चैंबर को तोड़ा गया था उसके बाद फिर से उसे नहीं लगाया गया। इसी तरह लटर्रा पारा सिंहवाहिनी देवी दुर्गा मंदिर के पास वार्ड नं 14 में ही चेंबर विगत दिनों से खुला छोड़ दिया गया है। नगर के सबसे व्यस्तम मार्ग गंज रोड में कर्मा मंदिर के सामने बड़ा सा चैंबर विगत 3 महीने से खुला पड़ा है। आसपास के लोग बताते है कि कई बार यहां पर हादसे हो चुके हैं लोग चोटिल भी हो चुके हैं। जिसकी शिकायत लोगों ने पालिका में कई बार कर चुके है।

39 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन 2 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में मारुति कार में छिपाकर कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन करते 2 आरोपियों को पुलिस किया गिरफ्तार । जप्त की गई शराब की कीमत 2 लाख 63 हजार 250 रुपये बताई जा रही है। मामले के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार ने बताया कि थाना फरसगांव पुलिस एवं सायबर सेल कोण्डागांव द्वारा थाना क्षेत्र में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते हुये थे ।गुरुवार 23 मई को मुखबीर के सूचना प्राप्त हुआ कि रायपुर से जगदलपुर की ओर एक मारुति सिल्वर कलर कार क्रमांक सी.जी. 07 एल. एम. 6400 में अत्यधिक मात्रा में शराब भरकर दो व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है उक्त वाहन केशकाल की ओर से आ रही है जो कुछ ही समय में फरसगांव पहुंचने वाली है। सूचना तस्दीक एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ एवं गवाह को साथ लेकर बडेडोंगर तिराहा हनुमान मंदिर के सामने एनएच 30 फरसगांव पहुंचकर नाकेबंदी की गयी। कुछ देर बाद प्राप्त सूचना के अनुसार केशकाल की ओर से एक मारुति सिल्वर कलर कार क्रमांक सीजी 07 एलएम 6400 आते दिखाई दिया जिसे रोक कर बैठे व्यक्ति से पूछने पर अपना नाम सविन्दर सिंग पिता हरबंस सिंग उम्र 27 वर्ष साकिन मुरुमखदान शिवपारा सुपेला हाल पुरानी बस्ती कोहका राजा गार्डन के सामने भिलाई जिला दुर्ग छग एवं चालक के बगल में बैठे व्यक्ति अपना नाम रंजित सिंह पिता अमरपाल सिंह उम्र 27 वर्ष साकिन कुरूद रोड कोहका थाना सुपेला भिलाई हनुमान मंदिर के पास जिला दुर्ग छग का होना बताये जिनसे पूछताछ करने पर मध्यप्रदेश जिला बैतूल से दन्तेवाड़ा, जगदलपुर की ओर उक्त शराब को खपाते है। कार की तलाशी लेने पर कुल 39 पेटी, मात्रा 351 लीटर गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 263250 रु छिपाकर रखा पाया गया, इसके साथ कार, 02 नग मोबाईल, एक पर्स जिसमें एक एटीएम कार्ड जप्त किया गया।

अनदेखी | कलेक्टर कार्यालय से लेकर अधिकांश शासकीय कार्यालयों में हो रही टैक्स की चोरी, हर साल शासन को लाखों रुपए का पहुंचा रहे नुकसान

सरकारी विभागों में बिना टैक्सी परमिट के दौड़ रहे निजी वाहन

हर माह शासन के खाते से चहेतों को 25 से 30 हजार रुपये हो रहा भुगतान

जांजगीर/नवप्रदेश। शासन द्वारा लागू गाइड लाइन के पालन की जिम्मेदारी जिन्हे दी है अब वे ही अब नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए चहेतो को लाभान्वित कर शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। स्थिति यह है कलेक्टर से लेकर जिले के आला अधिकारी भी ऐसे लोगो को बढ़ावा देकर शासन को नुकसान कराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

शासन से सभी विभागों में टैक्सी वाहन लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सरकारी विभागों में टैक्सी पास गाड़ियों की जगह पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारी अपने व चहेतो के निजी वाहन अटैच किए हुए हैं। दरअसल शासन के नियम से विभाग में लगने वाले चार पहिया वाहन टैक्सी में पास होना अनिवार्य है। इस नियम की जानकारी सभी जिला अधिकारियों को है। इसके बावजूद शासन के निर्देशों को ताक पर रखकर अधिकारियों ने निजी वाहन कार्यालय के उपयोग के लिए लगा रखे हैं। जिसकी वजह से परिवहन विभाग को हर साल लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है। जबकि टैक्सी में पास कराने के लिए लोगों को अधिक टैक्स जमा करना होता है। वहीं रजिस्ट्रेशन एवं फिटनेस की अलग से फीस जमा करनी होती है। निजी में पास कराने पर कम टैक्स लगता है और आजीवन के लिए कोई झंझट नहीं रहता है। दुर्घटना के अधिकाश मामलो में अधिकारी एवं निजी वाहन मालिक ले देकर मामला को खत्म कर देते हैं। अधिकारियों और वाहन मालिकों की साठगांठ के चलते निजी वाहनों को विभागों के कार्य के लिए लगाया गया है। निजी वाहन जिला पंचायत, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत, नगर पालिका, राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभाग में लगे हुए हैं। यदि टैक्सी वाहन किसी कार्यालय में लगी है, और उसे अन्य प्रदेश में जाना है तो उसे उस प्रदेश का टैक्स वाहन मालिक का भुगतान करना होता है। जिला प्रशासन ने निजी गाड़ियों लगा रखी हैं। इसलिए उन्हें अन्य प्रदेश में जाने पर टैक्स भी नहीं कटाना पड़ता है।

1 से डेढ़ हजार रुपए तक जमा करना पड़ता है शुल्क

यदि चार पहिया वाहन को टैक्सी में पास कराते हैं तो करीब गाड़ी की कीमत से करीब 8 से 9 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन फीस लगभग 3 से 4 हजार रुपए, उसके बाद हर साल गाड़ी की फिटनेस करानी होती है। जिसमें करीब एक से डेढ़ हजार तक शुल्क जमा करना होता है, मगर जिले के अधिकाश शासकीय कार्यालयों में लगे निजी वाहन मालिक न तो टैक्स जमा करते और न भी उन्हें फिटनेस कराने की जरूरत पड़ती है।

चहेतों को हर माह शासन के खाते से 25 से 30 हजार रुपये हो रहा भुगतान

जिले के अधिकाश शासकीय कार्यालयों में जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने भाई या रिश्तेदार के नाम से गाडियां खरीद ली हैं, और अपने कार्यालय में ही गाड़ियों को लगा जमकर लाभ ले हैं। शासन वाहन लगाने पर 25 से 30 हजार रुपए प्रतिमाह भुगतान किया जाता है। गाड़ी भी अधिकारी सामने रहती है और देखरेख होती रहती है।

निजी वाहन से शासन को नहीं मिल पाता है राजस्व

शासन ने निजी वाहनों पर टैक्स बहुत लिया जाता है, क्योंकि वह निजी उपयोग के लिए होती है। टैक्स परमिट वाली गाड़ियों में भी नंबर प्लेट पीले रंग का लगाया जाता है। विभाग में लगाने के लिए टैक्सी वाहन होना अनिवार्य है। इसके लिए शासन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। जिससे राजस्व भी आता है। टैक्सी वाहन पर टैक्स भी अधिक रहता है, और उसकी हर साल फिटनेस करानी होती है। यदि शासकीय राशि से किसी निजी वाहन मालिकों को प्रति माह भुगतान किया जा रहा है तो यह गलत है।

गौरव साहू, जिला परिवहन अधिकारी

न्यूज गैलरी

अवैध उत्खनन, परिवहन, एक हाइवा और 2 ट्रैक्टर जप्त

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग उडनदस्ता के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करते हुए खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर का अवैध रूप से परिवहन करते हुए डभरा में एक हाईवा तथा ग्राम डोटमा में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये 2 ट्रेक्टर जब्त किया जाकर थाना डभरा एवं हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया। उक्त वाहनों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा एवं कलेक्टर श्री तोप्नो के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले के द्वारा सतत कार्यवाही किया जा रहा है।

वाहन चेकिंग के दौरान 107 प्रकरणों में की गई कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक परिवहन में की जाने वाली यात्री परिवहन की सघन चेकिंग की जा रही है। मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में भी 107 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। जिसमें 36800 रूपये समन शुल्क के रूप में वसूल किया गया है। इसी क्रम में 23 मई को समस्त थाना/चैकी क्षेत्र अंतर्गत मालवाहक वाहन जिसमे यात्रियों का परिवहन करते पाए गए कुल 38 मॉलवाहक वाहनों के विरुद्ध समन शुल्क की राशि वसूल की गई एवं भविष्य में यातायात नियमों का पालन करते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी गई। इसी प्रकार विगत दो दिन में मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में भी 107 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। जिसमें 36800 रूपये समन शुल्क के रूप में वसूल किया गया है।

समर कैम्प का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय शालाओं में ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों के साथ समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पीएमश्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला किरना में आयोजित समर कैम्प का निरीक्षण संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर आरपी आदित्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे द्वारा किया गया। संस्था की सहायक शिक्षिका रामेश्वरी केंवट द्वारा जानकारी दिया गया कि पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना समर कैम्प में स्पोर्ट्स टीचर राजनंदिनी निराला द्वारा योगा अभ्यास एवं विभिन्न खेल कराया जा रहा है। क्षेत्र के संगीत विशेषज्ञ सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामकुमार राजपूत द्वारा स्वर-ध्वनि का हारमोनियम से अभ्यास करा गीत-संगीत बच्चों को सिखाया जा रहा है। चित्रकला, क्रिएटिविटी में शुभम कौशिक द्वारा बच्चों को चित्रकला की अभ्यास एवं आकृति, कला की जानकारी बच्चों को दी जा रही है। संयुक्त संचालक द्वारा बच्चों को नियमित समर कैम्प आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से चर्चा करते हुए उन्हें अभ्यास करने और सीखने हेतु उत्साहित किए। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों में सहयोग दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रशिक्षण शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रति वर्षानुसार लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छत्तीसगढ़ प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिर में संघ शिक्षा वर्ग में आयोजित है। जिसका शुभारंभ 23 मई को हुआ है इस वर्ग में संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रांत से 147 शिक्षार्थी प्रशिक्षण हेतु आये हैं।

समाज को संगठित करने व्यक्तित्व विकास एवं शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 15 दिनों के कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 4.30 बजे से 10.15 बजे रात्रि तक प्रत्येक स्वयं सेवक निर्धारित दिनचर्या का पालन करते हुए समय पालन, अनुशासन, समाज के प्रति अपनत्व का भाव को अपने आचरण में आत्मसात करेंगे।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रांत प्रचारक अभय राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ कार्य करने जो ईश्वर द्वारा नियोजित है वही वर्ग में आ पाता है। किसी भी कार्य में कुशलता के लिए प्रशिक्षण आवश्यक होता है। देश, समाज, परिवार को ठीक प्रकार से चलाने के लिए किसी न किसी स्थान पर प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ता है। सामान्य नागरिक से राष्ट्रीय आदमी बनाने के लिए संघ का प्रशिक्षण होता है। राष्ट्र और समाज तभी आगे बढ़ता है जब देश में गुणों से युक्त लोग रहेंगे। ऐसे गुण निर्माण राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ करता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि मुझे 100 संस्कारों से युक्त व्यक्ति मिल जाए तो मैं भारत की तस्वीर बदल सकता हूं और अंत में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के उदाहरण में कहा कि संस्कारी व्यक्ति राष्ट्र का चित्र बदल सकता है। संघ के शाखा के द्वारा प्रशिक्षण अभ्यास से संस्कार आता है।

बुद्ध पूर्णिमा पर की गई परिचर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। बैसाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के जीवन, संदेश, विचार व विपस्यना योग शिक्षा पर आधारित परिचर्चा पृथ्वी ग्रीन कॉलोनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत आचार्य पद्मराज बघेल व आचार्या रितु पांडेय ओशो धारा तथा मुख्य वक्ता भिमोत्सव समिति के कृष्णकुमार नवरंग रहे।

आयोजन की शुरुआत अखंड भारत सहित विश्व मे प्रकाश वान महात्मा बुद्ध के मूर्त रूप में विराजमान को माला गुलाब की पंखुड़ियों से पहनाकर किया। खीर प्रसाद का वितरण किया गया। कॉलोनी निवासी का उद्बोधन के साथ मुख्य वक्ता कृष्णकुमार नवरंग ने बुद्ध के जीवन, घटित घटनाएं व संदेश विचार योग पराक्रम, महात्मा बनने की चरितार्थ जीवन महान प्रतापी राजा से साधु वेश धारण कर गृह त्याग, सत्य की खोज, अष्टांगिक मार्ग को बता उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में ओशो धारा के आचार्यों द्वारा महात्मा बुद्ध के संदेश विचार, विपस्यना योग के नियमों से शरीर की साधना, निरोगी स्वस्थ शरीर के निर्माण में शांति की भूमिका पर चर्चा उपरांत योग साधना कराई गई। कार्यक्रम में दिनेश घोषले, श्रीमती अनारकली भास्कर, विवेक गोविंद, नेमीचंद भास्कर, वकील राजा कोसले, बसंत बंजारे, हेमू साहू, जयकिशन महिलांग, सनत बंजारे ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय मारखंडे ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के आयोजक राजेश कुमार लहरे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकमल गेंदले, अमित सागर, रोहित डिंडोरे, देवगन, नितिन सोनी, दिलीप जाटवर, एचडी डहरिया सहित महिलाओं, बच्चों, गणमान्य

तमिलनाडु में फंसे ग्रामीण सकुशल पहुंचे घर

अंबिकापुर सरगुजा/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत संवेदनशील मामलो मे लगातार त्वरित कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे सरगुजा पुलिस कों दिनांक 20/05/24 कों लक्ष्मण टोप्पो एवं जग्गू टोप्पो से आवेदन प्राप्त हुआ कि सरगुजा जिले के 03 श्रमिक राम टोप्पो, सुखन कोरवा एवं प्रीतिश खाखा साकिन लखनपुर जिला सरगुजा जो कांचीपुरम तमिलनाडु स्थित अपाचे कम्पनी मे फसे हुए हैं श्रमिकों कों वापस अपने घर नही आने दिया जा रहा हैं, सूचना पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा मामले कों संज्ञान मे लेकर पुलिस अधीक्षक जिला कांचीपुरम तमिलनाडु कों अपाचे नामक कम्पनी मे फसे 03 श्रमिकों की जानकारी दी गई एवं स्थानीय पुलिस से आपसी समन्वय स्थापित कर तीनो श्रमिकों कों सही सलामत रेस्क्यू कर जिला सरगुजा वापस लाया गया हैं, सभी श्रमिक अपने गृहग्राम आकर सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही हेतु सरगुजा पुलिस का आभार प्रदर्शित किया गया। सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं।

कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी

ईंट भट्ठों में खपाया जा रहा कोयला

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। अमेरा खुली खदान से संबंध चिलबिल गुमगरा कला के नागपाडा खालकछार परसोडी कला घुनघुटटा नदी के तराई वाले क्षेत्र में कोयला तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

वहीं पुलिस महकमा भी आंख बंद किए फर्ज को अंजाम देने के कसीदे पढ़ते नजर आने लगे हैं। लखनपुर क्षेत्र के अमेरा खदान एस ई सी एल प्रबंधन के नियंत्रण से बाहर हो गया है। आसपास के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर कोयला संग्रहित कर बड़े कोल माफियाओं के हाथों के कठपुतली बन गैरकानूनी तरीके से कोयला उनके हाथों बेच रहे हैं। इन दिनों

गुमगराकला के नागमाडा और खालकछार तथा परसोडीकला नदी किनारे बड़े पैमाने में अवैध कोयला उत्खनन परिवहन किया जा रहा है। इतना ही नहीं क्षेत्र में बिना नम्बर प्लेट वाले चोरी के मोटरसाइकिलो में कोयला ढोकर ईंट भट्ठो में खपाया जा रहा है। ईंट भट्ठा संचालक वजन में खरीदकर कोयला को भट्टे के परिधि में बनाये गढ्ढों में दबाकर रख रहे हैं। प्रदेश में नये सरकार बनने के साथ ही कोयला चोरी धंधा का कारोबार तेजी से फलने फूलने लगा है। पूर्व में गाहे-बगाहे पुलिस द्वारा अवैध कोयला उत्खनन परिवहनो पर धर-पकड़ की कार्यवाही किया जाता था। लेकिन अब कार्यवाही भी हांफने लगा है। कोयला चोरों का हौसला बुलंद हैं। बेख़ौफ़ कोयला चोरी कारनामे को अंजाम दे रहे हैं। कोयला तस्कर गाड़ियों के पकड़े जाने के डर से बिना नंबर प्लेट के गाड़ियों का इस्तेमाल करते हुए अवैध कोयला चोरी कर ले जा रहे हैं। कोयला चोरी में इस्तेमाल किया जाने वाला गाड़ियों का आज तक जांच नहीं हो सका। थाना क्षेत्र में अनेक मोटरसाइकिलों की चोरी हुई लेकिन आज तक पुलिस नहीं पकड़ पायी है। बताया जा रहा है कि कोयला चोरों द्वारा दिन के उजाले या रात के अंधेरे में चोरी के मोटरसाइकिलों से अमेरा खदान नागमाडा परसोड़ी कला मे सैकड़ो के तादाद में साइकिल बाइक सवारो के अलावा पिकअप ट्रैक्टर के द्वारा अवैध कोयला की चोरी किया जा रहा है। जिसका रोकथाम आज तक नहीं हो पाया। शासन प्रशासन भी कोयला चोरी को रोक पाने में नाकाम रही है। तस्करों के सामने घुटने टेक दिए हैं।पूर्व में प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस अधिकारीयों द्वारा कोयला निकाले जाने वाला तमाम गढ्ढों को जेसीबी मशीन से पाटा गया। लेकिन यह तरकीब भी बेकार साबित हुई। हौसला बुलंद कोयला तस्कर सरेआम कोयला चोरी कर शासन के करोड़ों राजस्व का चूना लगा रहे हैं। गणेशपुर लटोरी कोरजा बगदर्री अमेरा परसोडी कटकोना पुहपुटरा गुमगरा सिरकोतगा चिलबिल सहित क्षेत्र में बिना अनुमति के उग आये कुकरमुते की तरह अवैध बंगला ईंट भट्ठा चिमनी भट्ठों में कोयला पहुंचाया जा रहा है। ईंट भट्ठों में ईट बनाया जाकर भट्ठा मालिकों द्वारा ऊंचे किमत पर प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को बेचा जा रहा है। इन संचालित ईंट भट्ठों की वैध दस्तावेज नहीं होने से किसी प्रकार की टैक्स शासन प्रशासन को नहीं दिया जा रहा है। जहां एक तरफ कोयला तस्कर चोरी के कोयले से खुशहाल हैं वहीं भट्ठा संचालक मालामाल हो रहे हैं। इतना ही नहीं दूसरे शहरों के ईंट भट्ठो में भी गैर कानूनी कोयला खपत किया जा रहा है।

जीएसटी-टीडीएस कटौती पर कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जीएसटी-टीडीएस कटौती के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि केन्द्रीय एवं राज्य माल और सेवा कर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विभागों द्वारा की जाने वाली सामाग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती का प्रावधान है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति को रोकने जीएसटी-टीडीएस कटौती की प्रक्रिया को बारीकी से समझें और इसका गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जीएसटी-टीडीएस कटौती नहीं होने पर रिकवरी की कार्यवाही भी की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौतीकर्ता के रूप में पंजीकरण किया जाना है। इसके लिए टेन नम्बर अनिवार्य रूप से होना

चाहिए। वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय एवं वैध हो। उन्होंने स्थानीय निकायों को भी जीएसटी-टीडीएस कटौती के सबंध में निर्देशित किया। सहायक आयुक्त जीएसटी बिलासपुर सुखना राम भगत ने जीएसटी-टीडीएस कटौती की प्रक्रिया एवं पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी डीडीओ द्वारा किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु 02.50 लाख रूपए से अधिक भुगतान होने पर 02 प्रतिशत की दर से स्त्रोत पर कटौती किया जाना है। प्रशिक्षण में जीएसटी-टीडीएस से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया। जिला कोषालय अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि विभागों द्वारा जीएसटी-आइएन नम्बर वाले फर्म से ही सेवा प्राप्ति एवं सामाग्री खरीदी करें। शासकीय विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस काटने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटी आर-07 में प्रस्तुत किया जाए। किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय या सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो।

दोषी पटवारी को 10 हजार रुपए और अनावेदक को एक लाख का अर्थदंड

अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोप्नो के निर्देशन में सक्ती जिले में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की जा रही है द्य कलेक्टर श्री तोप्नो के निर्देशन में पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 61 घ, च एवं छ के तहत दोषी पटवारी कुंजन राम देवांगन को दस हजार रुपए का अर्थदण्ड तथा अनावेदक मनीष कुमार अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल निवासी सक्ती को एक लाख रुपए अर्थदण्ड आरोपित कर वाद भूमि खसरा नं. 2149/2 रकबा 0. 048 हेक्टयर, 2149/17 रकबा 0.057 हेक्टयर, 2149/18 रकबा 0.061 हेक्ट, 2149/20 रकबा 0.057 हेक्टयर, 2149/11 रकबा 0.405 हेक्टेयर को राजसात कर शासन मद में दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के एस पैकरा से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती तहसील निवासी मनीष कुमार अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा ग्राम नन्दौरखुर्द में स्थित भूमि खसरा नंबर 2149/2 भूमि को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत बिना व्यपवर्तन कराए अवैध प्लाटिंग कर कृषि भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय कर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 का उल्लंघन तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 61 घ का उल्लंघन कर अपराध किया गया है। उक्त वाद भूमि में बिना व्यपवर्तन या लायसेंस के किये जा रहे अवैध कालोनी विकास में हल्का पटवारी के द्वारा अवैध कालोनी निर्माण के अपराध का दुष्प्रेरण किया गया है। हल्का पटवारी कुंजन राम देवांगन के सहयोग से अनावेदकगण के द्वारा बिना व्यपवर्तन एवं बिना लायसेंस के अवैध कालोनी निर्माण के उद्देश्य से वाद भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय किया गया है। इस प्रकार पटवारी श्री देवांगन एवं अनावेदक मनीष अग्रवाल के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 172 एवं पंचायत राज अधिनियम की धारा 61 का उल्लंघन कर गंभीर अपराध किया गया है। जिसके तहत उक्त आदेश पारित किया गया है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने खरीफ फसल तैयारियों की समीक्षा की

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आगामी मानसून से पूर्व खरीफ फसल 2024-25 की तैयारियों के संबंध में कृषि, विपणन, बीज निगम सहित उद्यानिकी, पशुधन एवं मछली पालन विभाग, शक्कर कारखाना प्रबंधक एवं उप पंजीयक सेवा सहकारी संस्थाए, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में खरीफ फसल की तैयारियों की गहनता से समीक्षा करते हुए जिले में खाद-बीज की मांग के अनुपात में भण्डारण एवं समितियों में वितरण और किसानों द्वारा समितियों के माध्यम से किए जा रहे उठाव सहित सभी एजेंडों पर बारीकी से समीक्षा की। कलेक्टर श्री महोबे ने कृषि एवं जिला विपणन अधिकारी से आगामी खरीफ फसल के लिए किसानों द्वारा किए जा रहे खाद-बीज एवं उवर्रक के मांग एवं भण्डारण और वितरण की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के सभी सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से संबंधित समितियों के पंजीकृत किसानों द्वारा किए जा रहे खाद-बीज और उर्वरक की मांग की पूरी जानकारी ली एवं मांग के अनुपात में जिले में खाद-बीज और उर्वरक का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

200 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। विगत कुछ दिनों से जिले में वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन ना करते हुए वाहन चालन करने से कई गंभीर सड़क दुर्घटनाए घटित हुई है। जिस पर अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा पूरे जिले मे विशेष अभियान चलाकर माल वाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों/क्षमता से अधिक सवारी परिवहन पर कुल 95 प्रकरण में कार्यवाही कर 38700/- रूपये समन शुल्क, प्रेशर हार्न एवं मोडिफाई सायलेंसर में 08 प्रकरण में 11700/- रूपये समन शुल्क, आम रास्तों पर वाहन खडाकर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर कुल 114 प्रकरण में कार्यवाही कर 34200/-समन शुल्क लिया गया है एवं शराब सेवन कर वाहन चालन करने वाले पर 03 प्रकरण में कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा 30000/-रूपये अर्थदण्ड लिया गया है, जिला पुलिस कबीरधाम आम जनता से अपील करती है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चालन ना करे, मिलने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा, नियमों का कड़ाई से पालन किया जावे ताकि सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

मोतीपुर में बोर खनन से पेयजल की समस्या हुई दूर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में नवीन बोर खनन से पेयजल की समस्या दूर हो गई। ग्रीष्म ऋतु मे ग्रामीणों द्वारा धान की फसल लेने के कारण जल स्तर काफी नीचे चले जाने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पानी की समस्या को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत ग्राम मोतीपुर में पेयजल स्त्रोत के सूख जाने पर विभाग द्वारा बोर खनन का कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें पहले बोर खनन के असफल होने के बाद तत्काल दूसरा बोर खनन किया गया और सफलतापूर्वक ग्रामीणों को पानी की उपलब्धता हो रही है। ग्राम मोतीपुर में पेयजल की समस्या दूर होने पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा है कि गर्मी के दिनों में धान फसल के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

गुड़ उत्पादकों को पर्यावरण के बारे में दिए गए सुझाव

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेदय महोबे के निर्देशानुसार आज जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई एवं जिले के गुड़ उद्योग इकाईयों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गुड़ उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण मंडल के नियमों व दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही उन्हे पर्यावरण अनापत्ति की ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

देश के नामी कवियों में राजिम के नूतन साहू का नाम शुमार

राजिम/नवप्रदेश। हिंदुस्तान के टॉप 70 कवियों में राजिम के नूतन लाल साहू का नाम शामिल किया गया है। इन्होंने लगातार कविताओं पर कलम चल रहे हैं। इनकी कविताएं देश-विदेश में बहुतायत संख्या में

पढ़ी जा रही है। श्री साहू ने बताया कि अपनी कविताओं के जरिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण सुरक्षा, बूढ़े मां-बाप की सेवा करना, संस्कार एवं संस्कृति, एकता एवं अनुशासन तथा सामाजिक साहिद्रता को उजागर करते हुए प्रतिदिन एक कविताएं पाठकों के नाम प्रेषित कर रहा हूं। इन्होंने आगे कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। इसलिए सही एवं अच्छी बात तथा समाज सुधार का विषय लोगों के जेहन पर आएं, ऐसा मेरा प्रयास रहता है। देश के टॉप 70 राइटर में उनके नाम आने से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इन्हें बधाई देने का क्रम बना हुआ है।

गुरसिया-जटगा मार्ग पर 39 हाथियों का दल देख ग्रामीणों में दहशत

वन विभाग हुआ सक्रिय

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा कटघोरा वनमंडल क्षेत्र के गुरसिया-जटगा मुख्य मार्ग पर हाथियों का दल एक बार फिर पहुंच गया। हाथियों के दल को देखकर मार्ग से गुजर रहे वाहन चालक जहां-तहां रूक गए। हाथियों के जंगल की ओर जाने का इंतजार करते रहे। इसकी सूचना वन अमला को दी गई। वन अमला ने हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा, तब जाकर मुय मार्ग पर आवाजाही बहाल हो सकी।

बताया जा रहा है कि कटघोरा और कोरबा वनमंडल क्षेत्र अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार सुबह कटघोरा वनमंडल के गुरसिया-जटगा मुख्य मार्ग पर हाथियों का एक दल पहुंच गया। इससे आधे घंटे के लिए आवागमन बाधित रहा। आवागमन बहाल होने के बाद वन विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मुनादी कराई गई। साथ ही लोगों को जंगल की ओर जाने से बचने के लिए कहा गया। बताया जा रहा है कि कटघोरा व कोरबा वनमंडल में लगभग 39 हाथी अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहे हैं।

रखी जा रही निगरानी

वन विभाग का कहना है कि हाथियों पर निगरानी रखी जा रही है। हाथियों का दल जिन ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजर रहा है उस क्षेत्र के आसपास स्थित गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। साथ ही हाथियों के गांव में प्रवेश करने से पहले उन्हें जंगल की ओर खदेड़ा जा रहा है ताकि ग्रामीणों को किसी तरह का नुकसान न हो सके। हाथी की मौजूदगी वाले क्षेत्र में निवासरत ग्रामीण दहशत में हैं।

कटघोरा और कोरबा वनमंडल में तेंदपत्ता तोड़ने का काम जारी है। ग्रामीणों के पास अब तेंदूपत्ता संग्रहण कर बिक्री करने के लिए सप्ताह भर का समय ही शेष रह गया है। इस बीच हाथियों के विचरण ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि कटघोरा और कोरबा वनमंडल में लगभग 82 समितियों के माध्यम से 698 फड़ में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाना है।

इस बार सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी कर साढ़े पांच हजार रुपए प्रति मानक बोरा किया है। इससे ग्रामीणों में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर काफी उत्साह है। ग्रामीण बड़ी मात्रा में फड़ में तेंदपत्ता बिक्री कर रहे हैं लेकिन कटघोरा वनमंडल में कुछ ग्रामीण इलाकों में हाथियों के विचरण से तेंदूपत्ता संग्रहण का काम प्रभावित हो रहा है। लगभग ढाई माह से कापानवापारा, परला सहित अन्य इलाके के लगभग छह फड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम बंद है। यह ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहा है।

बुधवार को एक दंतैल हाथी कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर एक दंतैल पहुंच गया था। सड़क पर दंतैल हाथी को विचरण करते देख आवागमन करने वाले लोग दूर ही ठहर गए और जंगल की ओर हाथी के जाने का इंतजार करते रही। काफी देर तक हाथी सड़क पर ही विचरण करता रहा। इसके बाद वह जंगल की ओर चला गया। इसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। लोग अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। क्षेत्र में बड़ी संया में हाथी विचरणरत हैं।

चार महीने बाद भी खुले आसमान के नीचे रखा है करोड़ों का धान, होने लगा अंकुरित

इसमें संबंधित विभाग की लापरवाही है मुख्य कारण

बलरामपुर-रामानुजगंज/नवप्रदेश। धान खरीदी के समय जिस प्रकार से प्रशासन ने सक्रियता दिखाई वहीं धान खरीदी के बाद उठाव में बड़ी लापरवाही के कारण महावीरगंज समिति के नए बने धान उपार्जन केंद्र विजयनगर में अभी भी 8500 बोरा धान जिसकी कीमत 1 करोड़ 54 लाख रुपए है खुले आसमान के नीचे है 4 महीने से लगातार धान के खुले आसमान के नीचे रहने का धान अब अंकुरित होने लगे हैं जिसका खामियाजा समिति को उठाना पड़ेगा।

वहीं सूखती जाने प्रत्येक बोरा 2 से 5 किलो की सूखती गया। लंबे समय तक खुले आसमान के नीचे लाखों क्विंटल धान के रहने से करीब करीब सभी समितियां में सूखती जा रही है जिसे समितियां चिंतित है।

गौरतलब है कि 1 नवंबर से छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा धान खरीदी शुरू हुई वहीं 31 जनवरी तक धान खरीदी होना था परंतु शासन के द्वारा इसे बढ़ाकर 4 फरवरी तक किया गया। महावीरगंज समिति में 28 जनवरी तक धान का उठाव हुआ उसके बाद 63147 बोरी धान खुले आसमान के नीचे 5 मई तक रहा लंबे समय तक खुले आसमान के नीचे रहने कारण करीब करीब सभी बोरा में सूखती गया। इन तीन महीने से अधिक समय में कई बार बारिश हुई आंधी तूफान चला तेज धूप हुआ जिसका असर धान पर पड़ा धान के लिए बचाव के लिए तमाम तरीके समिति के लिए नाकाफी साबित हुए।

बफर लिमिट के बाद 72 घंटे में उठाव का होता है अनुबंध : सभी समितियां के द्वारा जिला विपणन अधिकारी बफर लिमिट के बाद 72 घंटे में धान उठाव का अनुबंध होता है परंतु इसका भी पालन डीएमओ के द्वारा किसी भी समिति में नहीं किया गया। जिले 49 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी हुई।

कुछ ही दूरी में संग्रहण केंद्र था जिसका नहीं किया उपयोग : विजयनगर धान खरीदी केंद्र से महज 1 किलोमीटर से भी कम दूरी में संग्रहण केंद्र 4 वर्ष पूर्व बनाया गया था जहां पर्याप्त व्यवस्थाएं थी यहां पर धान को सुरक्षित तरीके से रखा जा सकता था परंतु यहां संग्रहण नहीं किया गया एवं विजयनगर धान खरीदी केंद्र में ही छोड़ दिया गया।

शांति के साथ मतगणना संपन्न कराने प्रक्रिया की दी गई बारीकी से जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निर्विघ्न एवं राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष राजनांदगांव में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि डाटा प्रमाणिक होना चाहिए और समय पर प्राप्त होना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने पूरी सावधानी रखते हुए मतगणना कार्य करने कहा। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने टेबल पर मतगणना कार्य संपन्न कराने कहा। उन्होंने सभी मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना के तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सहायक रिटर्निंग आफिसर, सिक्योरिटी नोडल, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारीगण प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल एवं सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा ने बिन्दुवार मतगणना तथा परिणाम की घोषणा की प्रक्रिया के बारे में प्रजेन्टेंशन के जरिए सरल ढंग से बताया।

मालवाहक में सवारी बैठाने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

भाटापारा/नवप्रदेश। यातायात शाखा भाटापारा में प्रभारी बन कर आए निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है।

श्री मिश्रा का मानना है कि सड़को पर बिना अवरोध के यातायात सुचारू चलता रहे, वाहन चालक यातायात नियमों का बखूबी पालन करे तो निश्चित रूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।गुरुवार को यातायात पुलिस ने 47 प्रकरण में 14900 रुपए की मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत समन शुल्क के रूप में वसूल की है।यातायात पुलिस की चली इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से वाहन चालक भी बचने की कोशिश करते नजर आए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान शहर से लेकर विभिन्न प्रमुख मार्गो पर जारी है अभी प्रदेश में जिस तरह सड़क दुर्घटनाओं की खबरे मिल रही है उसको देखते हुए यातायात प्रभारी रितेश मिश्रा स्वयं वाहन चालकों को समझाइश दे रहे। उनका स्पष्ट कहना है कि दुर्घटना से देर भली। किसी भी स्थान पर पहुंचने के लिए समय पूर्व रवाना हो ताकि निश्चित और निर्धारित समय पर वहा पहुंचा जा सके।वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत उनकी कार्यवाही भी जारी है।यातायात प्रभारी श्री मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को जांच अभियान के दौरान 47 प्रकरण में 14900 रुपए सम्मन शुल्क राशि वसूल की गई।

मतगणना स्थल की तैयारियां देखकर कमी दूर करने के दिए गए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले में मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। 04 जून 2024 को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में विधानसभा 71-पंडरिया एवं 72-कवर्धा के हुए मतदान की गणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज मतगणना स्थल की तैयारियों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कहा कि टेंट, विद्युत, सफाई कर्मी सहित अन्य कार्य करने वाले कर्मी को आई कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। बिना आई कार्ड के स्थल में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग सौंपे दायित्व के अनुरूप कार्यों अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है वे निर्धारित समय में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के दिन मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लगे सभी कर्मचारियों को पास जारी करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष पर राजनीतिक दलों के एजेंटो के लिए समुचित बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में कलेक्टर ने जानी खाद बीज भंडारण की स्थिति

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी खरीफ वर्ष 2024 के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद बीज भण्डारण की जानकारी ली और जिले में खाद बीज के भंडारण, वितरण एवं गुणवत्ता परीक्षण हेतु सेवा सहकारी समिति लोलेसरा जिला बेमेतरा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गोदाम में भण्डारित यूरिया, डीएपी, पोटास, एनपीके व अन्य खाद के संबंध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के समय समिति में 12 मेट्रिक टन यूरिया, 31 मेट्रिक टन डीएपी, 10 मेट्रिक टन पोटास व 11 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध थे। कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा समिति में भण्डारित खाद को जल्द से जल्द वितरण करने तथा यूरिया, डीएपी के उपयोग को कम करने एवं नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त डीएपी के विकल्प के रूप में 20:20:013 व सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधीश ने समिति में उपस्थित कृषक बहल राम वर्मा, भरत वर्मा, सनत वर्मा व अन्य कृषक से प्रति इकाई उपयोग होने वाले खाद्/उर्वरक के संबंध में जानकारी ली, साथ ही उनसे पुछा गया कि खरीफ व रबी में आप लोगो के द्वारा कौन-कौन से फसल लगाई जाती हैं।

कलेक्टर ने कहा मालवाहनों में सवारी ढोने पर करें सख्ती से कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में सड़क हादसे एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक्शन मोड़ पर कार्यवाही जारी है। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के अंतर्गत माल वाहक वाहनों पर सवारी परिवहन कर रहे सभी वाहनों पर सख्ती के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने मालवाहनों पर यात्री और सवारी परिवहन कर रहे 35 वाहनों पर 50 हजार 700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

जिला परिवहन अधिकारी श्री एमएल साहू ने बताया कि कबीरधाम जिला के अंतर्गत परिवहन विभाग के द्वारा मालवाहनों पर यात्री और सवारी परिवहन कर रहे वाहनों पर कुल 35 वाहनों पर 50 हजार 700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालक और सवार लोगो को समझाइश दी जा रही है कि इस प्रकार मालवाहन का उपयोग कर यात्रा न करे। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के कुकदूर तहसील के अंतर्गत ग्राम बाहपानी घाट में यात्रियों से भरी मालवाहक पिकअप वाहन खाई में गिर गई थी, जिसमे 19 ग्रामीणों मृत्यु हो गई थी तथा 16 ग्रामीणजन घायल हो गए है, घायलों का उपचार चल रहा है।परिवहन अधिकारी श्री साहू ने बताया कि जिले के अंतर्गत इस तरह की घटना, दुर्घटनाओं एवं हादसे फिर से ना हो इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर लगातार परिवहन विभाग के माध्यम से लोगों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी जा रही है, साथ ही माल वाहन में यात्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर कार्यवाही जारी है।

कलेक्टर ने किसानों से खाद एवं बीज के उठाव की अपील की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किसानों से खाद एवं बीज के अग्रिम उठाव की अपील की है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी के दिनों को ध्यान में रखते हुए किसान खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करेंगे तो उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। बारिश होते ही खेती किसानी के कार्यों में गति आयेगी। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने किसानों को पर्याप्त खाद एवं बीज की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, प्रबंधक बीज निगम की संयुक्त समीक्षा करते हुए खाद व बीज की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्र बैंक मर्यादित राजनांदगांव ने बताया कि जिले में खरीफ 2024 अंतर्गत 27735 मीट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया है, जो कुल भंडारण का लगभग 62.01 प्रतिशत है। किसानों को 16625.6 मीट्रिक टन रासायनिक खाद वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 7385.2 मीट्रिक टन, सुपर 2049.8 मीट्रिक टन, डीएपी 4716.3 मीट्रिक टन, एनपीके 1455.9 मीट्रिक टन, पोटाश 1005.4 मीट्रिक टन, अन्य 13 मीट्रिक टन है। किसानों को 11109.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जाना शेष है।

राजस्व शिविरों से जनता को मिल रहा लाभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए। जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्कत नहीं आयें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थिता रहना सुनिश्चित करेंगें। उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 143 राजस्व शिविरों में 1295 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1046 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को लाभ मिल रहा है।

विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए स्थान निर्धारित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से की जाएगी। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार कबीरधाम जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा की मतगणना आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में किया जाएगा। राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया जाएगा। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर की मतगणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में किया जाएगा। सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव क्षेत्र के डाक मतपत्रों की गिनती और समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने की कार्रवाई छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में की जाएगी।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को मतगणना स्थल पर प्रत्येक विधानसभा हेतु गणना अभिकर्ता नियुक्त करने कहा हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के मतों की गणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 21 टेबल लगाये जाएगें। जिसके लिए 21+2 गणन अभिकर्ता एवं शेष विधानसभा के मतों की गणना के लिए 14+2 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है। गणन अभिकर्ता की नियुक्ति आवेदन प्रारूप-18 में प्रस्तावित गणन अभिकर्ता का 2 पासपोर्ट फोटो सहित 31 मई 2024 तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करने कहा है। मतगणना हाल में मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा।

बारहवीं के बाद करें ये कोर्स, सैलरी के मामले में हैं नंबर-1

बारहवीं करने के बाद अगर आप भी कोई ऐसे कोर्स करना चाहते हैं जिसको करने के बाद ही आपका सैलरी पैकेज बेहतर हो तो आप बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एमबीबीएस सीए मार्केटिंग मैनेजर आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इन कोर्सेज को करने के बाद आपको सरकारी एवं निजी दोनों ही क्षेत्रों में बेहतर सैलरी के साथ जॉब्स उपलब्ध होंगी।

करियर निर्माण में किसी भी युवा के लिए 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद का समय सबसे अहम माना जाता है। हर कोई चाहता है कि 12th के बाद कोई ऐसा कोर्स किया जाये जिसको करने के तुरंत बाद ही बढ़िया सैलरी पैकेज मिल सके।

अगर आप भी 12वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं और ऐसे कोर्सेज के बारे में जानकारी चाहते हैं जिनको करने के बाद ज्यादा से ज्यादा सैलरी पैकेज मिलता है तो यह आर्टिकल आपके लिए उपयोगी है। हम यहां कुछ ऐसे पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करने जा रहे हैं जिनको करने के बाद आप बढ़िया सैलरी पैकेज प्राप्त कर सकते हैं।

बीटेक इन कंप्यूटर साइंस

इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए उम्मीदवार का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। छात्र ने 12वीं क्लास मैथ्स, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान से उत्तीर्ण की हो। इसमें प्रवेश के लिए जेईई मेन्स, एसआरएमजेईई, एमयू-ओईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा आप विदेश से भी बीटेक कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद सॉफ्टवेयर इंजीनियर, तकनीकी सहायता प्रबंधक, सॉफ्टवेयर विश्लेषक आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद ही विभिन्न कंपनियां आपको बेहतर पैकेज पर जॉब ऑफर करती हैं। इस क्षेत्र में आपका शुरुआती वेतन आपकी योग्यता के अनुरूप 5 लाख वार्षिक से 40 लाख रुपये वार्षिक से ऊपर हो सकता है।

मेडिकल क्षेत्र में बनायें करियर

अगर आपका रुझान मेडिकल लाइन में है और बेहतर वेतन के शुरुआत करना चाहते हैं तो आप MBBS कोर्स कर सकते हैं। यह पांच वर्षीय कोर्स होता है जिसमें 4 वर्ष पढ़ाई एवं अंतिम एक वर्ष इंटर्नशिप करवाई जाती है। इस कोर्स दाखिला लेने के लिए आपको NEET की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। इस कोर्स को करने के उपरांत आप सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों में नौकरी करके लाखों में वेतन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपना क्लीनिक खोलकर भी महीने में लाखों रुपये कमा सकते हैं।

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए)

अगर आप 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में जो आपको शुरुआत वेतन ही लाखों में दिला सके तो इसके लिए आप चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) का कोर्स कर सकते हैं। भारत में सीए का औसतन वार्षिक वेतन 6 से 7 लाख रुपये है। सीए कोर्स करने के बाद आपके पास सरकारी एवं निजी दोनों ही क्षेत्रों में जॉब्स के बेहतर अवसर मौजूद होंगे।

मार्केटिंग मैनेजर

12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आप मार्केटिंग मैनेजर का कोर्स भी कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के लिए आपका 12वीं कक्षा कॉमर्स या साइंस स्ट्रीम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आज कल हर कंपनी मार्केटिंग मैनेजर की पोस्ट के लिए लोगों को जॉब्स ऑफर करती हैं। जॉब ऑफर करने के साथ ही इस क्षेत्र में आपको बेहतर सैलरी पैकेज भी ऑफर किया जाता है। आप भारत के साथ विदेश में भी मार्केटिंग मैनेजर के पद पर नौकरी प्राप्त कर लाखों रुपये कमा सकते हैं।

एनिमेशन डिजाइनिंग में बना सकते हैं करियर

अगर क्रिएटिव सोचते हैं तो आप एनिमेशन डिजाइनिंग में कोर्स कर सकते हैं। देशभर के विभिन्न इंस्टीट्यूट में सर्टिफिकेट से लेकर डिप्लोमा तक के कोर्स कराए जाते हैं। इन कोर्सेज को करने के बाद शुरुआत में ही 25 से 30 हजार रुपए कमा सकते हैं। हालांकि, अनुभव के साथ आपकी सैलरी लाखों रुपए तक पहुंच सकती है।

इंटीरियर डिजाइनिंग में भी बना सकते हैं करियर

अगर आप का रुझान पेंटिंग आदि में है तो आप इंटीरियर डिजाइनिंग का भी कोर्स कर सकते हैं। देशभर के कई ऐसे संस्थान हैं जो

इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स कराते हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आपको आसानी से 35-40 रुपए की नौकरी मिल सकती है। यहीं, अनुभव के साथ सैलरी में भी अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो जाती है।

महारानी अहिल्याबाई होलकर, संघर्ष के बीच प्रेरणा देने वाली महान विभूति

“ भारत में ऐसी कई महिलाएं रहीं है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर के अपनी अमिट छाप समाज पर छोड़ी है। ऐसी महिलाओं में से एक है महेश्वर की रानी अहिल्याबाई होलकर। अगर हम दुनिया के प्रमुख और प्राचीन देशों के इतिहास पर नजर डालेंगे तो हमे दिखेगा कि ऐसी बहुत कम महिलाएं हैं, जिनका उस देश के इतिहास और जनमानस पर प्रभाव रहा हो. लेकिन यह बात भारत के बारे में कहना उचित नहीं होगा. क्योंकि भारत में ऐसी कई महिलाएं थीं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर के अपनी अमिट छाप समाज पर छोड़ी है। ऐसी महिलाओं में से एक है महेश्वर (आज के मध्यप्रदेश) की महारानी अहिल्याबाई होलकर, जिन्हें इतिहास की किताबों में नजरअंदाज किया गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमने उनको अब तक वह स्थान नहीं दिया है जिनकी वे हकदार हैं। ”

महारानी अहिल्याबाई होलकर जयंती 31 मई पर विशेष

अहिल्याबाई होलकर का बाल्यजीवन

अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई वर्ष 1725 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। वह आज की परिभाषा के अनुसार धनगर जाति में थीं। उनके पिता का नाम मानकोजी शिंदे था, जो कि पेशवा शासन में पाटिल के पद पर थे। अहिल्याबाई का विवाह खंडेराव होलकरजी से वर्ष 1733 में हुआ। खंडेराव होलकर, मल्हार राव होलकर के बेटे थे, जो कि मराठा सरदारों में एक ताकतवर सरदार

माने जाते थे। मल्हार रावजी ने अहिल्याबाई को अपने बेटे के लिए कैसे चुना इसके बारे में एक कहानी प्रचलित है। मल्हार रावजी और बाजीराव पेशवा युद्ध से वापस लौटते समय चौंडी गांव में रुके जो कि शिप्रा नदी के किनारे स्थित है। उसी नदी के किनारे छोटी अहिल्याबाई अपनी सहेलियों के साथ रेत का शिवलिंग बनाकर खेल रही थी। इस दौरान पेशवा की सेना में एक अश्व छूटकर बिल्कुल उनकी ही तरफ भागने लगा। घोड़े को अपनी तरफ भागते हुए देख कर भी अहिल्याबाई बिना घबराए अपने बनाए शिवलिंग के पास बैठी रहीं। मल्हारराव छोटी अहिल्याबाई के साहस से इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने उनको अपने बेटे खंडेराव के लिए चुन लिया और उनको अपनी बहू बनाने का निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने उनके घरवालों से बात कर के बाकी औपचारिकता भी पूरी कर दी।

अहिल्याबाई होलकर की शिक्षा

उस वक्त महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था, लेकिन मल्हारराव एक दूरदर्शी सेनानी थे, उन्होंने और उनकी पत्नी गौतमाबाई ने अहिल्याबाई पर ऐसा कोई भी बंधन नहीं लगाते हुए उनको पढ़ाया, लिखाया और एक योद्धा के रूप में उनको दुनिया के सामने लाए। इसके फलस्वरूप उन्होंने अपने पति खंडेराव का युद्धों में साथ दिया। अहिल्याबाई और खंडेराव का एक बेटा भी था जिसका नाम मालेराव रखा गया था।

अहिल्याबाई होलकर की संघर्ष की शुरुआत

जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया अहिल्याबाई का संघर्ष भी बढ़ता गया। कुंभेर किले की लड़ाई में वर्ष 1754 में खंडेराव की तोप का गोला लगने के कारण मौत हो गई थी। यह किला उस समय हरियाणा के महाराजा सूरजमल जाट के अधिकार क्षेत्र में था। यह तो बस उनके संघर्षों की शुरुआत मात्र थी। खंडेराव की मृत्यु का उन्हें बहुत दुख हुआ, क्योंकि विधवा महिलाओं को कैसा जीवन जीना पड़ता था, वह यह जानती थीं। वह खंडेराव की मृत्यु के बाद सती हो जाना चाहती थीं, लेकिन मल्हारराव होलकर ने उन्हें ऐसा करने से रोका, क्योंकि वह अहिल्याबाई की राज्य के मामलों को संभालने की क्षमता से बहुत अच्छी तरह से अवगत थे। खंडेराव की मृत्यु के बाद उनके बेटे मालेराव उनके अगले उत्तराधिकारी बने, लेकिन मालेराव राज्य संभालने में बिल्कुल असमर्थ थे। जब तक वह जीवित रहे तब तक उन्होंने भोग विलास में और राज्य का खजाना खत्म करने में वक्त बिताया। खंडेराव और मल्हारराव की मृत्यु के बाद, उन्होंने अपने एकमात्र बेटे मालेराव को भी खो दिया।

रघुनाथराव पर विजय

अहिल्याबाई अपने ससुर, पति और अपने बेटे की मृत्यु से अत्यंत दुखी थी। महेश्वर राज्य का उत्तराधिकारी कौन बनेगा यह प्रश्न सामने खड़ा हो गया था ? इस बात का फायदा राज्य के अंदर के विद्रोही तत्वों ने लिया जिनमें से एक थे गंगोबा तात्या। गंगोबा तात्या ने पेशवा माधवराव के चाचा रघुनाथराव को महेश्वर पर आक्रमण करके उनको महेश्वर जीतने में मदद के लिए बुलाया, लेकिन गंगोबा और रघुनाथ राव उनकी इस चेष्टा से बिल्कुल अनजान थे, और जैसे ही अहिल्याबाई को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने होलकरों के विश्वासी सरदार महादजी शिंदे और तुकोजी होलकर को मदद के लिए पत्र भेजा। महादजी और तुकोजी ने बिना समय नष्ट किए अपनी सेनाएं महेश्वर की तरफ मोड़ दी और महेश्वर पहुंच गए। इस दौरान अहिल्याबाई ने भी रघुनाथराव को पत्र लिखकर कहा कि वह उनके राज्य से महिलाओं की ऐसी सेना तैयार करेंगी जो आखिरी सांस तक अपने राज्य की रक्षा के लिए तैयार रहेंगी। ऐसी सेना से अगर आप हार गए तो यह आपके लिए सबसे लज्जास्पद बात होगी, बावजूद इसके रघुनाथराव महेश्वर पर आक्रमण करने के लिए शिप्रा नदी के किनारे आ पहुंचे। इस बीच उन्हें तुकोजी होलकर से एक पत्र मिला जिसमें उन्होंने रघुनाथराव को युद्ध के गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए बोला। रघुनाथराव इस एकता को देखकर घबरा गए और उन्होंने महेश्वर पर आक्रमण नहीं करने का फैसला लिया। यह अहिल्यादेवी की कूटनीति से बिना युद्ध किए रघुनाथराव वापस लौट गए, और इसके साथ अहिल्याबाई का कद और बढ़ा।

अहिल्याबाई होलकर द्वारा जनकल्याणकारी कार्य

अपने जीवन में इतनी चुनौतियों का सामना करने के बाद भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपनी प्रजा को सुख-समृद्धि से भरा जीवन देने में हमेशा लगी रहीं। उन्होंने अपनी प्रजा के हर वर्ग की प्रगति, समृद्धि पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। उनके 30 वर्षों के शासन के दौरान सभी जातियों, लिंग और धर्मों समेत समाज के हर वर्ग ने सुरक्षित महसूस किया। मल्हारराव द्वारा सौंपे गए राज्य का उन्होंने अपने बेटे जैसा पालन किया, उन्होंने पूरे भारत में यात्रियों के लिए कुएं और विश्राम गृहों का निर्माण करवाया। उन्होंने ना सिर्फ अपने राज्य की प्रजा के लिए काम किया बल्कि बाकी राज्यों की प्रजा के लिए भी काम किया। उनके द्वारा बनवाए गए कुछ कुएं और विश्रामगृह अभी भी प्रयोग हो रहे हैं। हम जानते हैं कि उन्होंने काशी विश्वेश्वर के मंदिर का पुनर्निर्माण कैसे करवाया था। इसके साथ ही उन्होंने पूरे देश के मंदिरों का निर्माण और बहुत सारे मंदिरों का पुनर्निर्माण भी करवाया था। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थयात्रियों के लिए विश्रामगृह बनवाया था।

अयोध्या और नासिक में भगवान राम के मंदिर का निर्माण करवाया, सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया जिसे 1024 में गजनी के महमूद ने नष्ट कर दिया था, जगन्नाथपुरी मंदिर को दान दिया। समकालीन स्रोत भी उनके शासनकाल के दौरान राज्य की समृद्धि का उल्लेख करने से नहीं चूके। जॉन बैली, एक स्कॉटिश कवि ने अहिल्याबाई के शासनकाल की प्रशंसा करते हुए वर्ष 1849 में एक कविता लिखी थी।

इंदौर में इस महान शासिका ने अपने राज्यों में सभी को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया था, कपड़ा व्यापारियों के लिए यह उन्नति का काल था, अन्य व्यापार उस समय फलते फूलते थे, कृषक वर्ग में खुशहाली थी, रानी के संज्ञान में आने वाले प्रत्येक मामले को सख्ती से निपटा जाता था। वह अपने लोगों को समृद्ध और शहरों को विकसित होते देखना पसंद करती थी, और वह चाहती थी कि राजा या रानी के डर से अपनी संपत्ति का प्रदर्शन करने से ना डरें। उनके काल में सड़कों पर छायादार पेड़ लगाए गए, यात्रियों के लिए जगह-जगह पर कुएं और विश्राम गृह बनाए गए थे। भील जनजाति के लोग जो लूटपाट कर के प्रजा को परेशान करते थे, उनको कृषक वर्ग में बदलने पर जोर दिया गया था। अहिल्याबाई होलकर का सत्तर वर्ष की आयु में वर्ष 1795 में स्वर्गवास हो गया था। इंदौर ने लंबे समय तक अपनी कुलीन रानी का शोक मनाया। उनका शासन सुखमय था, और उनकी स्मृति आज भी गहरी श्रद्धा के साथ संजोई हुई है।

अहिल्याबाई होलकर आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अपने कर्मों से खुद को अमर बना लिया है। जिस तरह से वह सभी तरह की कठिनाइयों से गुजरीं, वे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

न्यूज गैलरी

मजदूर सेवा समिति ने किया मज़दूरों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के वृन्दावन हाल में मज़दूर सेवा समिति द्वारा मज़दूरों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मज़दूरों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया। साथ ही मज़दूरों के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में मज़दूर सेवा समिति के अध्यक्ष अजय चकोले , सुशील विश्वकर्मा , फरीद कुरैशी और चंदू टांडी शामिल हुए।

रंजिश को लेकर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। वीर शिवाजी नगर कोटा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी कन्हैया गोश्वामी 19 वर्ष वीर शिवाजी नगर कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी बोदरू यादव प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास एक युवक गांजा रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पोज्जा कश्यप 25 वर्ष को हिरासत में लेकर तलाशी लिए तो उसके पाथ थैला में 4 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 42 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। माना एवं मंदिरहसौद पुलिस ने देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। माना पुलिस ने डूमरतराई शुभम मार्ट के पास आरोपी नरेन्द्र माहेश्वरी 28 वर्ष के पास से 13 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम गोढ़ी बाजार चौक में आरोपी राजा साहू 19 वर्ष के पास से 10 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है।

युवक से की गई मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। कैमरे की बकाया पैसे को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजू नायक 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका लड़का करण नायक कैमरा चलाता है। कल वह होलीक्रास स्कूल के पास शक्तिनगर में कैमरा का बकाया पैसा मांगने गया था, जहां आरोपी कांता साहू, पंकज दीप व गोलू ने करण नायक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी रूद्रदेव कुमार ने थाना डी.डी. नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अग्रोहा कालोनी रायपुरा में रहता है तथा कैनरा बैंक में काम करता हैं। प्रार्थी दिनांक 16.01.2024 को सुबह करीबन 05.00 बजे उसकी भतीजी आकर बताई कि घर में कोई चोर घुसा है, तथा उसके कमरे में रखा हुआ आलमारी खुला था तथा सामान बिखरा हुआ था। सामान चेक किया तो पाया कि कमरे में रखे मोबाईल फोन, नगदी रकम, स्मार्ट वॉच, चांदी के सिक्के तथा घर के पोर्च में खड़ी दोपहिया वाहन नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के पीछे की ओर से खिड़की के रास्ते घर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी. नगर में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी डी.डी.नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना डी.डी.नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये।

आइसेक्ट कर रहा छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में युवाओं को उद्यमी बनाने और रोजगार देने का काम : बृजमोहन

- विकसित भारत में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन व सामाजिक उद्यमिता की भूमिका में विषय दो दिवसीय कांक्लेव का आयोजन
- आईसेक्ट एवं एनएसडीसी भारत सरकार का आयोजन

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक उद्यमिता की भूमिका में विषय दो दिवसीय कांक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आईसेक्ट एवं एनएसडीसी भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।

दो दिनों तक आईसेक्ट के युवा उद्यमियों एवं कियोस्क संचालक को बैंकिंग और डिजिटल ट्रांजेक्शन में कार्य और इसमें संभावनाओं के बारे में विस्तार से अनेक जानकारियां दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सबसे पहले छत्तीसगढ़ को विकसित बनाना होगा। तभी हम विकसित भारत का सपना साकार कर पाएंगे। आज छत्तीसगढ़ को डिजिटल छत्तीसगढ़, विकसित छत्तीसगढ़, समृद्ध छत्तीसगढ़, संपन्न छत्तीसगढ़ बनाने की जरूरत है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि आइसेक्ट छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में युवाओं को उद्यमी बनाने और रोजगार देने का कार्य कर रहा है। अब छत्तीसगढ़ को भी समृद्धि की दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी भी आइसेक्ट की है। इस अवसर पर पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ने कहा कि पूरे देश में डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय का नाम अग्रणी रूप में लिया जाता है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा और रोजगार देने के लिए यह संस्थान एक आदर्श रूप में कार्य कर रहा है।

पहले दिन इस अवसर पर उपस्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के डीजीएम विमल किशोर ने आईसेक्ट के उद्यमियों से कहा कि आप लोग बैंक की तरह कार्य कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में इतने विस्तार से काम किया जाना एक बैंक के लिए संभव नहीं होता है। जल्द ही आप सभी जरूरतमंद लोगों को लोन देने का कार्य भी करेंगे। कार्यक्रम में अनुराग गुप्ता जनरल मैनेजर फाइनेंशियल इंक्लूजन ने बैंकिंग के संबंध में विस्तार से सभी कियोस्क संचालकों को जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वागत भाषण आईसेक्ट के जोनल हेड शशिकांत वर्मा ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के डॉ. अरविंद तिवारी, नेशनल नेटवर्क मैनेजर राजेश पंडा, आईसेक्ट के स्टेट कोऑर्डिनेटर अब्दुल मसीद रायपुर, योगेश मिश्रा बिलासपुर प्रदेश भर के आईसेक्ट जुड़े उद्यमी एवं डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

फाइनेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा पर काम कर रहा आईसेक्ट : गौरव

डॉ. सी वी रमन विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा, कि विकसित भारत 2047 में फाइनेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और हमें इस बात का गर्व है कि आईसेक्ट ग्रुप इन तीनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। हम विकसित भारत के साथ अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के उपलब्धियां की विस्तार से जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ में ऊर्जावान उद्यमी : सिद्धार्थ चतुर्वेदी

विशिष्ट अतिथि आइसेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत ही ऊर्जावान राज्य है, और यहां के उद्यमियों में यह ऊर्जा साफ नजर आती है, उन्होंने बताया कि हम 4 करोड लोगों तक काम के माध्यम से पहुंचते हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है. देश के 25 राज्यों में 7800 से अधिक बैंकिंग कियोस्क हैं, और इसमें से 85त्न ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि 19 राज्यों में यह कांक्लेव आयोजित किया जा रहा है, ताकि हम अधिक से अधिक लोगों को फाइनेंशियल इंक्लूजन की जानकारी से अपडेट कर सकें और नई दिशा में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के 70प्रतिशत खाते हमारे किओस्क के माध्यम से खोले गए कॉविड-19 के समय में सभी किओस्क ने सर्वश्रेष्ठ काम किया है। उन्होंने बैंकिंग सेक्टर में अनेक संभावनाओं और उनके कार्य को विस्तार से बताया।

रायपुर पुलिस ने किया खुलासा

5 अंतर्राज्यीय सटोरिए दिल्ली से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन सट्टा और बैटिंग एप अन्ना रेड्डी पैनल से आइपीएल सट्टा संचालित करते पांच अंतरराज्यीय सटोरियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

इसमें दो आरोपित नेपाल के हैं। वहीं तीन अन्य मप्र, उप्र और छत्तीसगढ़ के हैं। सटोरिए दिल्ली में बैठकर अन्ना रेड्डी आर-555 आइडी पैनल से आइपीएल क्रिकेट मैच का संचालन कर रहे थे। सटोरिए दिल्ली में फ्लैट किराये से लेकर कर रखा था। इनके कब्जे से कब्जे चार लैपटाप, 15 मोबाइल फोन, चार चेकबुक, छह पासबुक, 22 एटीएम कार्ड, कैल्कुलेटर और वाईफाई राउटर जब्त किया गया है। चार लाख का सामान जब्त किया गया है। एक आरोपित पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के आधार पर

दिल्ली में रेड कार्रवाई की। जब्त लैपटाप और फोन में करोड़ों रुपये के लेन-देन की जानकारी पुलिस के हाथ लगी है। प्राप्त बैंक खातों के राशियों को होल्ड/फ्रीज कराने के लिए बैंकों को पत्र लिखा गया है। पुलिस ने रोहित क्षेतीजा निवासी सिंधी कालोनी जिला नरसिंहपुर (मप्र), रविशंकर सिंह गोंड निवासी उदयपुर थाना मनियर जिला बलिया (उप्र), जीब नारायण पांडेय निवासी छत्रदेव थूला पोखरा थाना संधी खर्क जिला हरगाखांची नेपाल आदि को पकड़ा।

किराए पर फ्लैट लेने के बहाने रेकी

पुलिस को जब सूचना मिली कि दिल्ली के मोहन गार्डन स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट के एक फ्लैट में सट्टा संचालित हो रहा है। पुलिस ने उसी अपार्टमेंट में फ्लैट किराए पर लेने की योजना बनाकर सभी फ्लैट की रेकी कर रहे थे। प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

10 प्रकरण में 67 सटोरिए गिरफ्तार

वर्ष 2024 के आइपीएल क्रिकेट मैच के दौरान एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम द्वारा अब तक 10 प्रकरणों में कुल 67 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों से अब तक लगभग 110 करोड रुपये के लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस उसकी विवेचना कर रही है।

शिवमहापुराण कथा में डॉ. रमन सिंह को किया गया आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को 27 मई से होने वाले शिव महापुराण कथा में आमंत्रित किया गया। इस दौरान पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, सागर खंडेलवाल व मोनू साहू उपस्थित रहे। आयोजक मण्डल ने गुरुवार को डॉ. सिंह के मौल श्री विहार स्थित निवास पहुंचकर आमंत्रण पत्र सौंपा। डॉ. रमन सिंह ने आयोजन में पहुंचने का भरोसा दिलाया है। उल्लेखनीय है कि रायपुर से सटे दुर्ग जिले के अमलेश्वर में सीहोर वाले अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का होने वाला है।

शिक्षा विभाग ने शुरू की शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का नया शिक्षा सत्र 16 जून से आरंभ हो रहा है। शिक्षा विभाग ने प्रवेश उत्सव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। 18 जून को राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह स्कूल, संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

प्रवेश उत्सव के लिए सभी कलेक्टरों, जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला मिशन समन्व्यकों, सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिया गया है। एक उत्सव राज्य स्तरीय होगा, जिसका स्थान अभी तय नहीं हुआ है। राज्य के सरकारी स्कूल 16 जून से खुलेंगे। 18

जून को राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव होगा। 10 जून तक स्कूलों की साफ-सफाई करना अनिवार्य है और अगले तीन महीने की शैक्षणिक कार्यक्रमों का रोडमैप शिक्षक तैयार करेंगे। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार स्कूलों में स्वच्छ और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराना है।

हर पेटी के पीछे कमीशन, महिला आबकारी अधिकारी के ऑडियो ने मचाया बवाल

- जांच के बाद कलेक्टर कर सकते हैं कार्रवाई
- मामले में सहायक आयुक्त ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में आबकारी महकमे पर ओवर रेट शराब बेचने का मामला सामने आने के बाद दूसरा मामला, एक महिला आबकारी अधिकारी का सामने आया है। कोचियों से प्रत्येक पेटी के पीछे 200 रुपए कमीशन लेने का ऑडियो सोशल मीडिया में फैल रहा है। इस वायरल ऑडियो में स्पष्ट तौर पर आबकारी उप निरीक्षक सेल्समैन से कोचियों को प्रत्येक पेटी के पीछे 200 रुपए लेकर शराब की पेटी देने का आदेश का मामला आया है। मामले में सहायक आयुक्त ने आबकारी उपनिरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बता दें कि राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव क्षेत्र आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ी ओवर रेट, अवैध शराब की बिक्री मामले की खबर महीनों से दैनिक नव प्रदेश अखबार प्रमुखता से प्रकाशित करते आ रहा है। इसी खबरे के बीच एक खबर आबकारी विभाग की निकाल कर आई है। महिला आबकारी उप निरीक्षक के खिलाफ पहले से ही कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। उनके अधीन शराब दुकानों में सेल्समैनों के जरिए ओवर रेट शराब बेचने की

शिकायत सामने आती रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रत्यक्ष तौर पर शराब दुकानों में ओवर रेट शराब बेचने की शिकायत के आधार पर दबिश दी थी।

बताया जा रहा है कि भले ही आबकारी उप निरीक्षक का स्पष्ट तौर पर ऑडियो सामने आया है, लेकिन आलाधिकारियों की शह पर ही कोचियों से वसूली करने का खेल चल रहा है। इस बीच सहायक आयुक्त रघुनंदन राठौर ने 7 दिन के अंदर मामले की जांच के लिए एक वरिष्ठ सहायक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। आबकारी उप निरीक्षक वाट्सअप कॉलिंग के जरिये एक सेल्समैन को प्रत्येक पेटी शराब बेचने पर 200 रुपए अतिरिक्त लेने के लिए बातचीत करते उनकी आवाज सुनाई दे रही है। इस कथित ऑडियो को लेकर बवाल मच गया है। वहीं महिला उप निरीक्षक को उनके मौजूदा प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

अधिकारी ने दिए थे ये आदेश

सोशल मीडिया में ऑडियो वायरल होने के बाद अफसर हरकत में आए। जिला आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर ने फौरन कार्रवाई करते जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया। बताया जा रहा है कि आबकारी उप निरीक्षक द्वारा लंबे समय से कोचियों से वसूली की जा रही थी। पिछले दिनों कोचियों से उन्होंने बैठक लेकर वसूली की राशि जमा करने को कहा

संबंधितों पर हो कार्रवाई : जोगी कांग्रेस

जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमशुल आलम ने जिले में अवैध शराब के मामले पर सवाल उठाया है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि अवैध शराब बिक्री कराने वाले कोचियों को संरक्षण देने वाले संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व शासकीय शराब दुकानों से अवैध वसूली करने वाले पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

हो सकती है संबंधित पर बड़ी कार्रवाई

जिलेभर में कुल 28 शराब दुकान हैं। शराब कोचियों को जिस तरह से वसूली की आड़ में खुला छूट विभाग द्वारा दिया गया है उससे गांव-गांव शराब की अवैध बिक्री हो रही है। आबकारी विभाग की शह पर ग्रामीण इलाकों में शराब का फैलता कारोबार अधिकारियों के लिए कमाई का जरिया बन गया है।

विभाग से कमाई का खेल

मैं शुरू से कह रहा हूं रोज भट्टी से शराब दो सौ से तीन सौ रुपये अतिरिक्त पैसा देकर जितनी चाहे शराब ले सकते हैं। ..ये बात हम नहीं आबकारी विभाग की एसआई तुलेश्वरी देवांगन कह रही हैं। अगर सेल्स मेन नहीं मानते तो तत्काल बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। राजनांदगांव डीओ की मिलीभगत से ऐसे काम जोरों से चल रहा है।

गड़बड़ी का डर नहीं

छत्तीसगढ़ के मुखिया इस विभाग के हैं, लेकिन संबंधित विभाग के किसी भी जिम्मेदार को गड़बड़ी का डर नहीं है। अभी आचार संहिता में ये हाल है, उसके बाद क्या होगा कहा नहीं जा सकता। जिले के सुपरवाइजर को 200 आरएस पेटी लेने का दबाव बनाया गया।

चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से शुरू होगी विमान सेवा

- चेंबर ने किया नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया धन्यवाद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है।

चेंबर ने इस पहल हेतु माननीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। छत्तीसगढ़ चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून 2024 से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। पूर्व में चेंबर ने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को जगदलपुर विमान सेवा शुरू करने हेतु ज्ञापन सौंपा था ताकि घरेलू एवं अंतर्राज्यीय उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो तथा प्रदेश में बढ़ रहे हवाई यात्रियों को भी इसका लाभ मिले। श्री पारवानी जी ने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ राज्य के दुरांचल में स्थित जगदलपुर(बस्तर) का प्रदेश एवं अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा।

रूद्र मनोरोग क्लिनिक
मनोचिकित्सक
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
उपलब्ध उपचार
- अवसाद एवं उन्माद
- घबराहट
- बेचैनी
- सरदर्द
- तनाव
- चिड़चिड़ाहट
- नींद न आना
- डर लगना
- बेवजह शक करना
- बार बार हाथ धोना या बात दोहराना
- झटके, चक्कर या बेहोशी आना
- यादास्त में कमजोरी आना
- रास्तें इत्यादि भूल जाना
- बहुत ज्यादा बोलना
- मारपीट करना
- बेवजह पैसे खर्चना या वस्तु का नुकसान करना,
- नशे की लत जैसे दारू गांजा, गुटका इत्यादि,
- सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग,
- बच्चों में अतिचंचलता, गुस्सा, स्वमग्नता, बोलने में देरी।
गंगा डायग्नोस्टिक के पास शांति रेसिडेंसी न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
7880289133, 7880287133

मेडिकल कॉलेज पर लगा पांच लाख का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। फैकल्टी और विभिन्न सुविधाओं की कमी के कारण राजधानी के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है.

नेशनल मेडिकल कमीशन ने इन्हीं मामलों में प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज जैसे बिलासपुर, कोरबा पर भी जुर्माना लगाया गया. जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज रायपुर में कई विभागों में फैकल्टी, रेसीडेंट व ट्यूटर की कमी है. ओपीडी में मरीजों की संख्या, लैब की जांच मानकों पर नहीं है. इसके अलावा भी कई बिंदुओं पर कमियां पाई. इसे लेकर एनएमसी ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा है कि क्यों न आपकी सीटें कम कर दी जाए. इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को एनएमसी की रिपोर्ट के आधार पर जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं.

संचालनालय द्वारा एनएससी को पत्र लिखकर कहा है कि जल्द कमियां दूर कर ली जाएंगी. रायपुर मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में यूजी की 230 सीटें हैं. यह प्रदेश का सबसे पुराना मेडिकल कॉलेज है।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के सच्चा दूत देश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com